4 रायपुर संभाग
सिविल अस्पताल मे पिछले 1 सालों से प्रसूति चिकित्सक...

6 फिल्मी
नोरा के नारीवाद को बकवास कहने वाले..

09 विविध
अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर जिला अस्पताल में..

10 संस्कारधानी
डोंगरगांव शराब दुकान में कोचियों का राज, आम...

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, सोमवार 13 मई 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-260 मूल्य 3.00 ₹

चिक न्यूज

भाजपा अगले 10 वर्ष में भी ओडिशा के लोगों का विश्वास नहीं जीत सकती : नवीन

भुवनेश्वर। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने बीजू जनता दल सरकार के जाने की उलटी गिनती शुरू होने संबंधी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की टिप्पणी का जोरदार खंडन करते हुए कहा है कि भारतीय जनता पार्टी अगले 10 वर्ष में भी राज्य के लोगों का विश्वास नहीं जीत सकती। मोदी ने कंधमाल, बोलांगीर और बारगढ़ में अपनी चुनावी सभाओं के दौरान पटनायक पर तीखा हमला किया और उन पर राज्य सरकार में ऐसे व्यक्ति को आउटसोर्स करने का आरोप लगाया, जिसे ओडिया संस्कृति का कोई ज्ञान नहीं है उन्होंने यह भी दावा किया कि ओडिशा में उड़िया संस्कृति और गौरव खतरे में है।

ट्रक से कुचलकर युवक की मौत, एक घायल

बालोद। छत्तीसगढ़ के बालोद जिले झलमला और घोटिया के मध्य स्थित ग्राम हठिमा में मोटरसाइकिल से बारात जा रहे दो युवकों को अज्ञात ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया जिससे एक युवक की मौके पर मौत हो गई और दूसरा युवक घायल हो गया। मृतक युवक की पहचान तरुण हिड़को (32) ग्राम मुल्लेगुड़ा निवासी के रूप में हुई है। वहीं घायल युवक अमन हिड़को हर्रा ठेमा गांव निवासी बताया जा रहा है। दोनों युवक हर्रा ठेमा गांव से अरजगुंडरा गांव शादी में शामिल होने जा रहें थे। घटना की सूचना पर पहुंची बालोद पुलिस ने घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। वहीं पुलिस कार्रवाई में जुटी हुई है।

भारत के कई हिस्सों में 16 मई तक बारिश का अनुमान

नयी दिल्ली। पूर्वी, मध्य, दक्षिण प्रायद्वीपीय और उत्तर पश्चिम भारत में अगले तीन से चार दिनों तक आंधी, तूफान और तेज़ हवाओं के साथ बारिश होने का अनुमान है। मौसम विज्ञान विभाग ने रविवार को कहा कि उत्तर पश्चिम भारत में 16 मई से लू का एक नया दौर शुरू होने का अनुमान है। विभाग के अनुसार, अगले तीन से चार दिनों तक उत्तर पश्चिम भारत में व्यापक रूप से से छिटपुट हल्की बारिश होने का अनुमान है।

धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं : मोदी

मैं अगले पांच वर्षों में आम लोगों के लिए गारंटर के रूप में खड़ा रहूंगा

वार्ता ◄ बैरकपुर
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोहराया कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन धर्म के आधार पर आरक्षण की अनुमति नहीं देगा क्योंकि कांग्रेस के नेतृत्व वाला इंडिया समूह मुस्लिम समुदाय के लिए प्रयास कर रहा है। मोदी ने पश्चिम बंगाल में उत्तर 24 परगना के औद्योगिक शहर बैरकपुर में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार अर्जुन सिंह के पक्ष में एक विशाल रैली को संबोधित करते हुए अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जात के लिए मौजूदा आरक्षण में कटौती से इनकार कर दिया। उन्होंने नागरिकता संशोधन को लागू करने के लिए प्रतिज्ञा व्यक्त की, जो उन शरणार्थियों को नागरिकता प्रदान करने के लिए है जो दुनिया के अन्य हिस्सों से धार्मिक आधार पर उत्पीड़न किये जाने के बाद भारत आए। मोदी ने संदेशखाली में महिलाओं पर अत्याचार और भ्रष्टाचार की श्रृंखला के लिए ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस सरकार को स्वतंत्र भारत के इतिहास में सबसे खराब शासन के रूप में वर्णित किया। प्रधानमंत्री ने रैली में लोगों की उपस्थिति, विशेषकर महिलाओं की बढ़ती संख्या को देखने के बाद कहा, मैं इस बार 2019 की तुलना में बहुत बड़ा बदलाव देख सकता हूं। मैं अगले पांच वर्षों में आम लागों के लिए गारंटर के रूप में खड़ा रहूंगा। उन्होंने तृणमूल सरकार पर घुसपैठियों के समर्थन पर वोट बैंक की राजनीति के लिए हिंदुओं के साथ दोयम दर्जे के नागरिक के रूप में व्यवहार करने का आरोप लगाया। अपनी पांच गारंटियों के बारे में चर्चा करते हुए मोदी ने कहा कि कोई भी अयोध्या में राम मंदिर को ध्वस्त करने और बंगाल में राम नवनी के दिन जुलूस पर हमला करने की हिम्मत नहीं कर सकता। मोदी ने कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडिया समूह पर तृणमूल और वाम दलों के साथ मिलकर राम मंदिर के खिलाफ कदम उठाने, धार्मिक आधार पर मुस्लिम समुदाय के लिए आरक्षण और सीएए को निरस्त करने की वकालत करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, तृणमूल कांग्रेस सरकार लोगों को भगवान राम का नाम लेने और राम नवमी मनाने की अनुमति नहीं देती है। तृणमूल कांग्रेस के शासन के दौरान बंगाल में हिंदू दोयम दर्जे के नागरिक बन गए हैं और लोगों को डराने के लिए इसने राज्य में बम बनाने को कुटीर उद्योग बना दिया है। साथ ही,उन्होंने चेतावनी दी कि निकट भविष्य में प्रत्येक अपराध से सख्ती से निपटा जाएगा। मोदी ने यह भी खुलासा किया कि तृणमूल के शासन में बंगाल में एक बड़ा घोटाला हो रहा है। उन्होंने कहा कि भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक (सीएजी) की रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि बंगाल सरकार ने 2,3000 करोड़ रुपये का हिसाब नहीं दिया है। उन्होंने कहा,मैं पूछता हूं कि किन योजनाओं के तहत पैसा कहां जाता है और मैं आपको बताता हूं कि एक-एक पैसे का हिसाब देना होगा अन्यथा उचित कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने यह भी पूछा कि बंगाल के मंत्रियों के घरों से करोड़ों रुपये क्यों जब्त किए जाते हैं?

कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक जनता की पहली पसंद हैं मोदी : विष्णु देव साय

नक्सलवाद का खात्मा हमारा लक्ष्य आदिवासियों से बड़ा कोई हिंदू नहीं

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

जनता की मर्जी ही मोदी की मर्जी है। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक जनता की पहली पसंद मोदी हैं। इससे इंडी गठबंधन सहित समूचा विपक्ष बौखलाया हुआ है। क्योंकि मोदी की लोकप्रियता के सामने उनकी दाल नहीं गल रही है। इसलिए अब उम्र का नया शिगूफा ले आए। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे 81 वर्ष की उम्र में भी कांग्रेस को जीवित करने में लगे हैं। कांग्रेस और उनकी सहयोगी पार्टियों को पहले उन पर रहम करना चाहिए। मोदी की पूरे भारत में जन स्वीकार्यता से विपक्षियों का बिलबिलाना लाजमी है। वैसे यह सत्य है कि आएगा तो मोदी ही, विपक्षी अपना घर संभालें। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा पीएम मोदी के उम्र पर की गई टिप्पणी पर एक साक्षात्कार में बोल रहे थे। नक्सलियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई के सवाल पर साय ने कहा कि जबसे हमारी सरकार छत्तीसगढ़ में बनी है, तब से ही हम नक्सलवाद के खिलाफ मजबूती से लड़ाई लड़ रहे हैं। अभी तक 104 नक्सली मारे जा चुके हैं। कुछ दिन पहले नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली, जिसमें कांकेर में एक दिन में 29 नक्सली मारे गए, बीजापुर में दस, अबुझमाड़ में दस अभी दो दिन पहले शुक्रवार को ही बारह नक्सलियों मुठभेड़ में मारे गए। फोर्स ने इन चार मुठभेड़ में ही 61 नक्सलियों को जान से हाथ धोना पड़ा। इससे पहले इतनी संख्या में कभी नक्सली नहीं मारे गए, जिनमें 20-20 लाख के इनामी नक्सली भी थे। ये हमारे लिए एक बहुत बड़ी सफलता थी। सुरक्षाबलों ने बहुत साहस के साथ ये काम किया, मैं आपके माध्यम से उनके इस जज्बे की तारीफ करता हूं, जो मजबूती के साथ नक्सलवाद से लड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन सरकार का भी छत्तीसगढ़ को बहुत फायदा मिला है। गृहमंत्री भी अगले एक-दो वर्षों में छत्तीसगढ़ से पूरी तरह नक्सलवाद खतम करना चाहते हैं। पर दुर्भाग्य है कि कांग्रेस और खास कर पूर्व मुख्यमंत्री इन मुठभेड़ों को फर्जी बता रहे है, जबकि नक्सली खुद लिस्ट जारी कर मुठभेड़ और नक्सली मौतो को स्वीकार किया है। कांग्रेस की ऐसी आदत ही रही है। इन लोगों ने मोदी के पाकिस्तान पर सर्जिकल और एयर स्ट्राइक पर भी सवाल खड़े किए थे।

महादेव एप मामले में 5 आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

महादेव सट्टा मामले में राजधानी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुये कोलकाता से 5 आरोपियों को पकड़ा है। गिरफ्तार सटोरिये के कब्जे से पुलिस ने मोबाइल, लैपटॉप, पासबुक और चेक सहित 10 एटीएम जब्त किया है। साथ ही करोड़ों के हिसाब-किताब की पर्ची भी मिली है। दरअसल, जिले में आईपीएल क्रिकेट मैच में क्रिकेट मैच के दौरान सट्टा खेलने/खिलाने वालों लगातार कार्रवाई की जा रही है। सटोरियों से पूछताछ एवं ऑर्गनाईजेशनल इनपुट में पाया गया कि उनके अन्य साथी कोलकाता में ही बैठकर महादेव एप पैनल के माध्यम से सट्टा संचालित करने की जानकारी मिली। आईजी अमरेश मिश्रा के निर्देश पर टीम का गठन कर कोलकाता रवाना किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा कोलकाता पहुंच कर सटोरियों की पतासाजी करते हुए सटोरियों को लोकेट किया गया और श्रृष्टि अपार्टमेंट के एक फ्लैट से 5 व्यक्ति आरोपियों को पकड़ा गया। पकड़े गए आरोपी लैपटॉप एवं मोबाइल फोन से सेटअप तैयार कर ऑनलाईन सट्टा संचालित कर रहे थे। कड़ाई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा आईपीएल. क्रिकेट मैच के दौरान महादेव 364 आई.डी. पैनल के माध्यम से ऑन लाईन सट्टा का संचालन करना स्वीकार किया।

महिलाओं को 8 हज़ार रुपये महीने, बेरोजगारों और महिलाओं को नौकरियां देगी कांग्रेस : प्रियंका

एजेंसी ◄ रायबरेली
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश के रायबरेली की संसदीय सीट पर अपने भाई राहुल गांधी के पक्ष में चुनाव करने पहुंची कांग्रेस की स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी ने बताया कि राहुल ने अपनी न्याय यात्रा के दौरान जनता की समस्याओं को नजदीक से जानने के बाद कांग्रेस पार्टी की ओर से यह घोषणा पत्र तैयार किया गया है जिसमे महिलाओं को करीब 08 हज़ार रुपये महीने की धनराशि और बेरोजगारो और महिलाओं को नौकरियां दी जाएगी। रायबरेली संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के उम्मीदवार राहुल गांधी के पक्ष में प्रचार करने अचलेश्वर हरचंदपुर इलाके की न्याय संकल्प सभा में मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए प्रियंका ने कहा कि मोदी अपने अरबपति मित्रों का कर्जा माफकरते है खुद 16 हज़ार करोड़ के विमानों पर घूमते लेकिन आम जनता गरीबी में रह रही है। राहुल गांधी ने अपनी 4 हज़ार किलोमीटर की कन्याकुमारी से कश्मीर की पैदल न्याय यात्रा के दौरान जनता की समस्याओं को नजदीक से जाना और उनके अनुरोध के बाद कांग्रेस पार्टी की ओर से यह घोषणा पत्र तैयार किया गया है जिसमे महिलाओं को करीब 8 हज़ार रुपये की धनराशि और बेरोजगारो और महिलाओं को नौकरियां दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में यह तरीका है कि कोई कितनी मेहनत करे कोई नौकरी नही मिलेगी, लोगो की शादी की उम्र भी निकली जा रही है।

लोकसभा की 96, आंध्र प्रदेश, ओडिशा वि.स. की 203 सीटें पर चौथे चरण के मतदान की तैयारियां पूरी

वार्ता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

चुनाव आयोग ने कहा है कि लोक सभा चुनाव के चौथे चरण में सोमवार को 10 राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेशों की 96 संसदीय सीटों पर सुचारु रूप से मतदान कराने के लिए आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस चरण में आंध्र प्रदेश और ओडिशा विधान सभा के चुनावों के लिए भी मतदान कराए जा रहे हैं। कई क्षेत्रों में मतदान सामग्री और मतदान कराने वाली टीमों को हवाई मार्ग से भेजा गया है। मतदान कल सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक कराया जाएगा। तेलंगाना में 17 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में कुछ विधान सभा सीटों के निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान का समय शाम सात बजे तक बढ़ाया गया है। आयोग की रविवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार 10 राज्य/केंद्र-शासित प्रदेशों की कुल 96 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 17.7 करोड़ मतदाता 1.92 लाख मतदान केंद्रों पर वोट डाल कर 1717 उम्मीदवारों के के भाग्य का निर्णय कर सकेंगे। इनमें 8.97 करोड़ पुरुष तथा 8.73 करोड़ महिला मतदाता हैं। इस चरण में आंध्र प्रदेश की 175 विधान सभा सीटों और ओडिशा की 28 विधान सभा सीटों पर भी मतदान कराया जा रहा है। आयोग ने एक विज्ञप्ति में कहा कि सोमवार को मतदान के दिन लू चलने का कोई पूर्वानुमान नहीं है और दिन का तापमान सामान्य से लेकर सामान्य से दो डिग्री सेल्सियस तक नीचे या ऊपर रहने का अनुमान है।फिर भी गर्मी में मतदाताओं की सुविधा के लिए मतादन केंद्रों पर शामियाने की छांव, पीने के पानी और पंखों आदि के प्रबंध किए गए हैं।

तेलंगाना में आज एकल चरण में मतदान, सभी तैयारियां पूरी

हैदराबाद। तेलंगाना में सोमवार को होने वाले एकल और देश भर में चौथे चरण के चुनाव के लिए पूरी तैयारी कर ली गयी है, जिसमें 17 लोकसभा सीटें और सिकंदराबाद विधानसभा सीटों पर उपचुनाव शामिल है। राज्य में 1.66 करोड़ से अधिक महिला मतदाताओं सहित 3.31 करोड़ से अधिक मतदाताओं के 35,356 मतदान केंद्रों पर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की उम्मीद है। लोकसभा चुनाव के लिए 525 उम्मीदवार मैदान में हैं। देश भर में मतों की गिनती चार जून को होगी। राज्य में सोमवार सुबह 5.30 बजे मॉक पोलिंग के बाद सुबह सात बजे मतदान शुरू होगा। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी विकास राज के अनुसार, संसदीय क्षेत्रों के माओवाद प्रभावित विधानसभा क्षेत्रों में मतदान शाम चार बजे समाप्त होगा, जबकि राज्य के बाकी संसदीय क्षेत्रों और सिकंदराबाद विधानसभा क्षेत्रों में मतदान शाम छह बजे समाप्त होगा।

इंडिया समूह की सरकार बनने पर सभी लोगों का होगा मुफ्त इलाज : केजरीवाल

नयी दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने देश के सभी लोगों का मुफ्त इलाज सुनिश्चित कराने समेत दस गारंटी की घोषणा करते हुए कहा कि इंडिया समूह की सरकार बनने पर वह अपने सहयोगी दलों से इसे पूरा करवायेंगे। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी का कोई भरोसा नहीं लेकिन केजरीवाल की गारंटी पर सभी को भरोसा है। उन्होंने दिल्ली और पंजाब में लोगों को जो गारंटी दी है उसे पूरा करके दिखाया है लेकिन प्रधानमंत्री ने हर साल दो करोड़ लोगों नौकरी देने और हर नागरिक के खाते में पंद्रह लाख देने समेत किसी भी गारंटी को पूरा नहीं किया है। उन्होंने कहा कि इंडिया समूह की सरकार बनने पर देश भर में चौबीस घंटे बिजली का इंतजाम करेंगे। बिजली की मांग से अधिक उत्पादन करने की क्षमता है और इसे हम करके दिखायेंगे। उन्होंने कहा कि देश भर के गरीबों को दो सौ यूनिट बिजली मुफ्त देंगें। केजरीवाल ने कहा कि अगर किसी देश के अंदर शिक्षा की कमी है तो वह देश आगे नहीं बढेगा। इंडिया समूह की सरकार बनने पर देश के सभी सरकारी स्कूलों को शानदान बनायेंगे और बच्चों को अच्छी शिक्षा देंगे।

पीओके भारत का हिस्सा है और हम इसे वापस लेंगे : अमित शाह

एजेंसी ◄ कौशांबी
www.dailypioneer.com

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर और नेशनल कॉन्फ्रेंस प्रमुख फारूक अब्दुल्ला की पाकिस्तान को लेकर की गयी टिप्पणी के लिए उन पर निशाना साधा और कहा कि पाक अधिकृत कश्मीर भारत का हिस्सा है और इसे वापस लेंगे। भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार विनोद सोनकर के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए गृह मंत्री ने कहा, कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर और भारतीय गठबंधन के नेता फारूक अब्दुल्ला पाकिस्तान का सम्मान करने के लिए कह रहे हैं क्योंकि उसके पास परमाणु बम है। हम क्यों करें पाकिस्तान का सम्मान। उन्होंने कहा, कांग्रेस नेता राहुल गांधी कह रहे हैं कि पीओके मत मांगो। राहुल बाबा, अगर आपको परमाणु बम से डरना है तो डरो रहो। हम डरने वाले नहीं हैं, पीओके भारत का हिस्सा है और हम इसे लेकर रहेंगे। शाह ने कहा कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे कहते हैं कि राजस्थान और उत्तर प्रदेश के लोगों को कश्मीर से क्या लेना-देना है। शायद उन्हें नहीं पता कि कौशांबी का हर बच्चा कश्मीर के लिए अपनी जान कुर्बान करने को तैयार है। उन्होंने कहा कि 70 साल तक कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी ने कश्मीर में धारा 370 को अपने बच्चों की तरह रखा। आपने मोदी को दूसरे कार्यकाल के लिए पीएम बनाया। 5 अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 को हटा दिया गया, आतंकवाद को खत्म किया गया और मोदी जी ने कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाया। गृह मंत्री ने कहा कि दो शहजादे हैं, अखिलेश और राहुल, जो सत्ता में आने पर अनुच्छेद 370 वापस लाने का दावा करते हैं। उन्होंने कहा, कौशांबी के लोगों को तय करना चाहिए कि अनुच्छेद 370 वापस आना चाहिए या नहीं? मोदी जी ने देश में आतंकवाद और नक्सलवाद को खत्म किया और उन्होंने देश को सुरक्षित करने का काम किया है। राम मंदिर का मुद्दा उठाते हुए उन्होंने कहा, '70 साल तक सपा, बसपा और कांग्रेस के लोगों ने राम मंदिर के मुद्दे को ठंडे बस्ते में डाले रखा। जब मोदी दूसरी बार पीएम बने तो मुकदमा जीत लिया गया। भूमि पूजन किया गया और पांच साल के अंदर 22 जनवरी को जय श्री राम के साथ प्राण-प्रतिष्ठा समारोह संपन्न किया गया।

फिर एक बार मोदी सरकार अबकी बार 400 का नारा लगवाया

कांग्रेस, सत्ता में आकर देश में जजिया कर लगाना चाहती है : योगी

एजेंसी ◄ अमेठी
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने अमेठी में कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस सत्ता में आकर देश में जजिया लगाना चाहती है। योगी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस हिंदुस्तान में मुगल काल का जजिया कर लागू करना चाहती है। उन्होंने सवाल किया क्या आप लोग ऐसा कर लागू होने देंगे। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस की सरकार में जब आतंक वादी अंदर घुस आता था तो कहा जाता था सीमा पार से आया है। अब सीमा पार होने के पहले आतंकवादियों को जहन्नुम पहुंचा दिया जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहली बार अमेठी वासियों द्वारा जो निर्णय लिया गया था, उसने यह साबित किया कि अमेठी वासी भारत के विकास के साक्षी बनेंगे। मैं बधाई दूंगा स्मृति ईरानी जी को उन्होंने 5 वर्षों में जितना दौरा अमेठी लोकसभा क्षेत्र का किया, कांग्रेस उतना दौरा संयुक्त रूप से भी नहीं कर पाई थी। योगी ने स्मृति ईरानी की प्रशंसा करते हुए कहा कि एक नेता कैसे होना चाहिए कि मंत्रालय के कार्यक्रमों से पूरा देश का भ्रमण करने के बाद भी अपने क्षेत्र से लगातार संपर्क में रहे। मैं देखता था स्मृति जी को हर सप्ताह उनका दौरा अमेठी के किसी न किसी विधानसभा क्षेत्र में किसी न किसी क्षेत्र में किसी न किसी गांव में यहां की जनता के साथ लगता था। आगे उन्होने कहा कि जब अच्छे जनप्रतिनिधि चुनते हैं, तब परिणाम भी अच्छा ही आते हैं। एक बार फिर से अच्छा परिणाम चुने, यही अपील करने के लिए मैं आपके बीच आया हूं। तीन चरण पूरे हो चुके हैं। पूरे देश के अंदर चौथे चरण का चुनाव है। 10 राज्यों के 40 सीटों पर चुनाव है। तीन चरण में पूरे देश में जो मोदी लहर थी, वह अब सुनामी लहर बनने जा रही है। फिर एक बार मोदी सरकार अबकी बार 400 का नारा लगवाया। उन्होंने कहा कि जब हम 400 की बात करते हैं तो विपक्ष के गठबंधन को चक्कर आता है। जब देश के अलग-अलग राज्यों में मुझे जाने का अवसर प्राप्त हुआ। पहले दूसरे और तीसरे चरण के मतदान के बाद मैंने पूछा मोदी सरकार आप लोग चिल्ला रहे हैं। अबकी बार 400 पर कैसे होगा। तब लोग कहते थे जो राम को लाए हैं हम उनको लायेंगे। यह तो वह क्षेत्र है,जहां 500 वर्ष का अंधेरा समाप्त हुआ है। कांग्रेस के समय में जब आतंकवादी आते थे तब लोग कहते थे सीमा पार से आया है। अब सीमा पर घुसकर आतंकवादियों को जहन्नुम पहुंचा देते हैं। यह मोदी के नेतृत्व में नया भारत है, जो किसी को छेड़ता नहीं है। अगर कोई छेड़ता है फिर तो छोड़ता नहीं है। तुलसी बाबा की एक चौपाई भी सुनाते हुए कहा कि भगवान राम भी चाहते हैं की राम भक्त मोदी जी को ही प्रधानमंत्री बनाना है। मुख्यमंत्री ने कहा मोदी के नेतृत्व में देश का सम्मान बढ़ा है, देश की सीमाएं सुरक्षित हुई, आतंकवाद नक्सलवाद कमजोर हुआ, विकास के बड़े-बड़े काम हुए हैं। हाईवे, रेलवे, वन जिला वन प्रोडक्ट, हर घर नल की योजना, हर तहसील में फायर स्टेशन और गरीब कल्याण की योजनाओं की बाढ़ आ गई है । इस पाकिस्तान से पूछना जितना पाकिस्तान की आबादी है, मोदी उतने लोगों को गरीबी से उबरा है । भारत में 80 करोड लोगों को फ्री में राशन दिया जा रहा है।
पाकिस्तान में 25 करोड लोग भुखमरी से मर रहे हैं। पूरे भारत में किसानों को सम्मान निधि सभी परिवारों को शौचालय गरीबों को घर दिया गया। कांग्रेस तब क्या कर रही थी।

आनंद शर्मा का इंडिया समूह सरकार में मंत्री पद तय : सुक्खू

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि यदि इंडिया समूह की सरकार बनती है तो कांग्रेस के कांगड़ा संसदीय सीट से उम्मीदवार आनंद शर्मा का मंत्री पद तय है। सुक्खू पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा के पक्ष में ज्वालामुखी विधानसभा क्षेत्र में प्रचार करते हुए इस आशय का दावा किया। खुंडिया में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश के दिग्गज नेता शर्मा को कांग्रेस पार्टी ने कांगड़ा लोकसभा सीट से चुनाव मैदान में उतारा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार में मंत्री पर रहते हुए शर्मा से जब भी हम हिमाचल के लिए कुछ माँगने जाते थे, तो एक फ़ोन पर काम होता था। काँगड़ा में फेशन टेक्नोलोजी इंस्टीट्यूट, प्रदेश में औद्योगिक क्षेत्र का विस्तार, शिमला में क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, नादौन में स्पाइस पार्क तथा शिमला-मटौर फ़ोरलेन आनंद शर्मा की सोच का परिणाम है। उन्होंने कहा कि काँगड़ा को ऐसे सांसद की ज़रूरत है, जिसका आवाज पूरा देश सुने। उन्होंने कहा कि जब लोकसभा चुनाव में आनंद शर्मा जीत कर जाएँगे, तो इंडिया समूह सरकार में उनका मंत्री पद तय है। भारतीय जनता पार्टी पर हमला करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष ने नोट के दम पर सरकार को गिराने का षड्यंत्र रचा और मेरे इस्तीफ़े की अफ़वाहें फैलाई।

सेना प्रमुख ने उधमपुर में कमांड अस्पताल का किया दौरा

एजेंसी ◄ जम्मू
www.dailypioneer.com

सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में स्थित उत्तरी कमान अस्पताल का दौरा किया। उत्तरी कमान ने 'एक्स' पर कहा, 'सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे और आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन की अध्यक्ष अर्चना पांडे ने उधरपुर स्थित कमांड अस्पताल का दौरा किया।' पोस्ट कहा गया, '650 बिस्तरों की सुविधा वाला यह नया अत्याधुनिक बुनियादी ढांचा उन्नत स्वास्थ्य देखभाल और सामुदायिक विकास के प्रतीक के रूप में खड़ा है। यह अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों और पर्यावरण-अनुकूल सुविधाओं से लैस है।' उल्लेखनीय है कि गत 10 अप्रैलसेना प्रमुख द्वारा उद्घाटित कमांड अस्पताल में आधुनिक विशेषताएं, जैसे उपचार के लिए विशेष बहु अनुशासन सुविधा, परिष्कृत चिकित्सा गैस पाइपलाइन प्रणाली, अत्याधुनिक अग्निशमन तंत्र, इष्टतम रोगी देखभाल और सुरक्षा मानकों के साथ केंद्रीय एयर कंडीशनिंग प्रणाली, अपशिष्ट उपचार संयंत्र और सीवेज उपचार सुविधा हैं। इस दौरान सेना प्रमुख ने अस्पताल में इलाज करवा रहे मरीजों और पैरामेडिक्स के साथ बातचीत की। उन्होंने सभी रैंकों की उनकी व्यावसायिकता के लिए सराहना की और उन्हें उत्कृष्टता के लिए प्रयास जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया।

यादव ने नाना पटोले के बयान पर पलटवार किया

एजेंसी ◂ भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कांग्रेस नेता नाना पटोले के राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के राम मंदिर दर्शन को लेकर दिए गए बयान पर पलटवार करते हुए आज कहा कि कांग्रेसी बार-बार आदिवासी समाज का अपमान करती हैं, यह उनकी गंदी मानसिकता है।

डॉ यादव ने एक बयान में कहा कि महाराष्ट्र कांग्रेस के चीफनाना पटोले ने राष्ट्रपति मुर्मू के श्री राम मंदिर दर्शन करने पर अमर्यादित टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेसी बार-बार आदिवासी समाज का अपमान करती हैं, यह उनकी गंदी मानसिकता है। उन्होंने कहा कि उन्हें बड़े दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि कांग्रेस के नेता बार-बार आदिवासी समाज के लोगों का अपमान करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस आदिवासियों का अपमान करती हैं। भगवान श्री राम तो 11 साल तक उनके बीच में रहे और शबरी माता के जूठे बेर खाकर जो उन्होंने संदेश दिया कि सभी वर्गों में समान रूप से बंधुत्व का भाव रखना चाहते हैं। ऐसे में कांग्रेसियों की मानसिकता यह लगातार पराजय के डर से इतना गंदा सोचते हैं। यह बहुत दुर्भाग्य की बात है। वे इसकी निंदा करते हैं। डॉ यादव ने कहा कि जिस प्रकार का वातावरण चल रहा है यह अपने वोट बैंक के लिए एक तरह से संविधान की हत्या करना चाहते है। यह एससी, एसटी और ओबीसी सभी का आरक्षण समाप्त कर वर्ग विशेष को देना चाहते हैं।

संविधान बदलने की उनकी जो मानसिकता है, एक तरह से कर्नाटक सरकार में इनके कर्मों से दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि जहां कांग्रेस की सरकार बनती है, वहां ये लगातार एससी, एसटी और ओबीसी का आरक्षण खत्म कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे स्वयं ओबीसी वर्ग से आते हैं। हमारे तीन-तीन मुख्यमंत्री ओबीसी के अलावा सभी वर्गों का ध्यान रखते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ में विष्णु देव साय, राजस्थान में सामान्य वर्ग से भजनलाल शर्मा को बनाया, यह सबका साथ सबका विकास भाजपा की ये जो लाइन है, हम उस लाइन पर चलते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी मानसिकता से कांग्रेस बाहर आए।

कांग्रेस इस ढंग का माहौल बनाना चाहती है कि वो हर हालत में वोट जिहाद की कल्पना करती है। यह भारत है और चारों तरफ मोदीमय वातावरण है। निश्चित रूप से भारतीय जनता पार्टी प्रचंड बहुमत से जीत रही है। वे इसकी बहुत निंदा करते हैं।

सरयू नदी मे नहाने गये दो की डूबने से मौत, दो लापता



बस्ती। उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले मे दुबौलिया थानाक्षेत्र के मोजपुर गांव के समीप सरयू नदी मे नहाने गये 09 बच्चों मे से दो की डूबने से मौत हो गयी और दो लापता हो गये। पुलिस सूत्रो ने यहां यह जानकारी देते हुए बताया है कि दुबौलिया थाना क्षेत्र के मोजपुर गांव के समीप सरयू नदी मे गर्मी से निजात पाने के लिए 9 बच्चे नहाने गये थे और नहाने के दौरान सभी डूबने लगे। ग्रामीणों ने पहुंच कर 5 बच्चो को बचा लिया लेकिन चार बच्चे पिपरी ग्राम निवासी काजल (14) ,पार्वती (20),शलिनी (17), तथा रमवापुर ग्राम निवासी सोहन (14)गहरे पानी मे डूब गये जिससे काजल तथा पार्वती की मौत हो गयी है। गोताखोरों द्वारा मृतकों के शवों को बाहर निकाला गया है।

वन मंडल डलहौजी की महत्वपूर्ण पहल, कैच द यंग अभियान

एजेंसी ◂ चंबा
www.dailypioneer.com

युवा पीढ़ी में वनों के महत्व के प्रति जागरूकता, वनों में आग न लगाने की मानवीय मानसिकता को बदलने और मौलिक कर्तव्य को समझने के लिए दीर्घकालिक प्रभावी उपाय हो सकता है। इस बात को ध्यान में रखते हुए डलहौजी वन मंडल ने विशेष कैच द यंग अभियान शुरू किया है, जिसके तहत वन मंडल डलहौजी के विभिन्न सरकारी, निजी स्कूलों और कॉलेजों के लगभग 30 हजार विद्यार्थियों को जंगल की आग के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। वनों के प्रति अपनेपन की भावना पैदा करने के लिए सभी विद्यार्थियों के माध्यम से पॉलिथीन बैग्स में पौधे उगाए जा रहे है। वन्य प्रजातियों के पौधों को बीज से तैयार होने के लिए लगभग डेढ़ वर्ष का समय लगता है, पौधे तैयार करने के लिए पॉलीथीन बैग वन मंडल द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे हैं और फिर विद्यार्थी उनमें अच्छी गुणवत्ता वाली मिट्टी भरते हैं और उसके बाद विद्यार्थी वन अधिकारियों द्वारा उपलब्ध कराए गए बीजों को वन विभाग के मार्गदर्शन में उगा रहे हैं जो बीज अंकुरित नहीं होंगे उनके स्थान पर नये बीज उपलब्ध कराये जायेंगे। उगाए गए पौधों को विद्यार्थी बाद में स्कूल परिसर के निकट चिन्हित भूमि में रोपेंगे, इससे बच्चों में विद्यार्थी जीवन में ही पेड़ पौधों के प्रति अपनेपन का भाव उत्पन्न होगा और मानव जनित वन अग्नि जैसी घटनाओं पर अंकुश लगेगा। यह सारा कार्य श्रमदान के रूप में किया जा रहा है, इससे निश्चित रूप से अभियान के लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद मिलेगी। वन मंडल डलहौजी की इस पहल के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए डलहौजी के डीएफओ रजनीश महाजन ने बताया कि हर वर्ष ग्रीष्म ऋतु में बड़े पैमाने पर वनों में लगने वाली आग बहुमूल्य वनस्पतियों और वन्य प्राणियों को निगल जाती है। अधिकांश जंगल की आग प्रकृति में मानवजनित होती है जो कि प्राकृतिक पुनर्जनन और वन्य प्राणियों को नुकसान पहुंचाती है तथा इस से मिट्टी की उपजाऊ क्षमता भी प्रभावित होती है। रजनीश महाजन ने कहा कि भारतीय संविधान के अनुसार वनों, झीलों, नदियों और वन्य जीवन सहित प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा और सुधार करना और जीवित प्राणियों के प्रति दया भाव रखना प्रत्येक नागरिक का मौलिक कर्तव्य है इसलिए हम सभी को अपने इस मौलिक कर्तव्य के लिए सदैव सजग व संवेदनशील रहना चाहिए।

बेरोजगारों की फौज खड़ी की भाजपा ने : संदीप लोट

एजेंसी ◂ सिरसा
www.dailypioneer.com

इंडियन नेशनल लोकदल के सिरसा संसदीय सीट से प्रत्याशी संदीप लोट ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के 10 सालों के शासन में बेरोजगारों की फौज खड़ी हो गई है। प्रत्येक वर्ष दो करोड़ युवाओं को रोजगार देने के नाम पर भाजपा ने युवाओं को छला है।

लोट गांव चोपटा, नाथूसरी कलां, तरकांवाली, शाहपुरिया, शक्करमंदौरी, चाहरवाला सहित कई गांवों में ग्रामीण जनसभाओं को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपनी गलत नीतियों से भाईचारा बिगाडऩे का पूरा प्रयास किया है। इनेलो ही एकमात्र ऐसा राजनीतिक दल है जिसने सभी वर्गों के हितों के लिए कार्य किया है। लोट ने दावा किया कि इस समय पूरे हरियाणा में इनेलो की लहर चल रही है और प्रदेश की सभी 10 सीटों पर इनेलो विजयी होगी। उन्होंने कहा कि चौधरी देवीलाल व इनेलो सुप्रीमो ओमप्रकाश चौटाला ने जब जब प्रदेश की सत्ता संभाली तब तब हरियाणा को विकास की डगर पर दौड़ाया गया। उन्होंने भाजपा के विकास के नारे को पूरी तरह से खोखला बताया। लोट ने कहा कि चार जून को आने वाले परिणाम चौकाने वाले होंगे और इनेलो रिकॉर्ड मतों से विजयी होगी। इस जनसंपर्क अभियान में उनके साथ इनेलो के जिलाध्यक्ष कश्मीर सिंह करीवाला, कार्यकारी प्रधान धर्मवीर नैन, डॉ. सीताराम, गोकुल सेतिया, जिला प्रेस प्रवक्ता महावीर शर्मा, अभय सिंह खोड, विनोद बेनीवाल, अजय झोरड़, अरविंद शास्त्री दड़बा, राममूर्ति बेनीवाल, भगवान कोटली, महेंद्र बाना सहित अनेक पार्टी पदाधिकारी मौजूद थे।

दो बाइको की भिड़न्त में मां-बेटा समेत तीन की मौत 01 घायल

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद के थाना एका क्षेत्र के गांव नगला गजू के अंतर्गत अपरान्ह दो बाइको की भिड़न्त में मां बेटा सहित तीन की मौत हो गयी जब कि एक युवक घायल हो गया। थाना एका क्षेत्र के गांव नगला गजू निवासी 30 वर्षीय विजय कुमार पुत्र इग्लेश रविवार की अपरान्ह अपनी मां 52 वर्षीय ओमा देवी को बाइक पर बैठाकर मुस्तफाबाद से दवा दिलाकर अपने गांव लौट रहा था। बाइक सवार मां बेटा गांव के निकट पहुंचे ही थे कि तभी सामने से आ रही एक बाइक जिस पर दो युवक सवार तेज गति से आ रहे थे, इनसे टकरा गयी। दुर्घटना इतनी भीषण थी, कि दोनों बाइको पर सवार चार लोग उछलकर सड़क पर गिर गये। जिसके फलस्वरूप इन्हें गम्भीर चोटे आयी। दुर्घटना देख लोगो की भीड़ एकत्रित हो गयी। मौके पर पहुंची पुलिस घायलों को सरकारी ट्रामा सेंटर लेकर आई, जहां चिकित्सक ने परीक्षण के बाद विजय कुमार उसकी मां ओमा देवी एवं दूसरी बाइक पर सवार 25 वर्षीय सोनू पुत्र रामनरेश निवासी कटेना हर्षा थाना जसराना को मृत घोषित कर दिया।

रायबरेली में राहुल के समर्थन में प्रियंका का धुआंधार प्रचार

एजेंसी ◂ रायबरेली
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश के रायबरेली की संसदीय सीट पर अपने भाई राहुल गांधी के पक्ष में चुनाव करने पहुंची कांग्रेस की स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी ने बताया कि राहुल ने अपनी न्याय यात्रा के दौरान जनता की समस्याओं को नजदीक से जानने के बाद कांग्रेस पार्टी की ओर से यह घोषणा पत्र तैयार किया गया है जिसमे महिलाओं को करीब 08 हज़ार रुपये महीने की धनराशि और बेरोजगारो और महिलाओं को नौकरियां दी जाएगी। रायबरेली संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के उम्मीदवार राहुल गांधी के पक्ष में प्रचार करने अचलेश्वर हरचंदपुर इलाके की न्याय संकल्प सभा में मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए प्रियंका ने कहा कि मोदी अपने अरबपति मित्रों का कर्जा माफ करते है खुद 16 हज़ार करोड़ के विमानों पर घूमते लेकिन आम जनता गरीबी में रह रही है। राहुल गांधी ने अपनी 4 हज़ार किलोमीटर की कन्याकुमारी से कश्मीर की पैदल न्याय यात्रा के दौरान जनता की समस्याओं को नजदीक से जाना और उनके अनुरोध के बाद कांग्रेस पार्टी की ओर से यह घोषणा पत्र तैयार किया गया है जिसमे महिलाओं को करीब 8 हज़ार रुपये की धनराशि और बेरोजगारो और महिलाओं को नौकरियां दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में यह तरीका है कि कोई कितनी मेहनत करे कोई नौकरी नही मिलेगी, लोगो की शादी की उम्र भी निकली जा रही है। पेपर लीक हो जाते है युवा परेशान है और लोगो का जीवन बर्बाद हो गया है। पेंशन भी नही मिलती है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि बड़े बड़े रोजगार देने वाली कम्पनियों को प्रधानमंत्री मोदी ने अपने खरबपति मित्रों को देदिया है। नरेंद्र मोदी नोटबन्दी और ऐसे नीतियां लाये है कि लोग उद्योग और व्यापार से भी डरने लगे हैं।

टीवी पर सही बात नही दिखाई दे रही है वहां जो भी विकास दिखाया जा रहा है वह धरातल पर नही है और गुमराह करने तथा गलत दिखाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि यहां के भाजपा नेता और प्रत्याशी कोई विकास की बात नही करेंगे।

शिशा खान गुफा को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की मांग

अजमेर। राजस्थान में अजमेर स्थित ऐतिहासिक 'शिशा खान गुफा' पर शोध के साथ इसे पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की मांग की गई है। अजयमेरू कोस सेवा परियोजना समिति के संयोजक तरूण वर्मा ने अपने सदस्य कार्यकर्ताओं के साथ ऐतिहासिक धरोहर स्थल अजयमेरु शीशा खान गुफा का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि निरीक्षण करने पर पाया कि यह जर्जर और कचरे से पटी पड़ी है। वर्मा ने बताया कि यह शुद्ध पानी के जल स्रोतों से भी सम्बंधित है। तारागढ़ दुर्ग की सात बावड़ियों से पानी आने पर यह नीचे कातन झालरा और डिग्गी के तालाब तक पानी पहुंचाने में सहायक सिद्ध होती है। इसके रास्ते दिल्ली और आबू रोड तक जाते हैं। यह अतिप्राचीन नाग जातियों द्वारा बनाई गई गुफाएं होने का संकेत देती हैं। उन्होंने अजमेर प्रशासन से इस पर शोध कार्य कराये जाने और पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कर इसको धरोहर संरक्षण की श्रेणी में सूचीबद्ध करने की मांग की है। उन्होंने बताया यह स्थान ढाई दिन के झौपड़े -तारागढ़ दुर्ग के समान ही शिशा खान की गुफा भी ऐतिहासिक एवं महत्वपूर्ण है जिसको सरकार का संरक्षण मिलना चाहिए।

शर्मा ने मध्यप्रदेश के 8 लोकसभा क्षेत्रों के मतदाताओं से मतदान के लिए किया आह्वान

भोपाल। मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने प्रदेश के चौथे और अंतिम चरण के मतदान के लिए मतदाताओं का आव्हान करते हुए कहा कि आप सभी सजग और सक्रिय मतदाता ही लोकतंत्र के सबसे बड़े रक्षक हैं। आपका एक वोट देश को विकास व तरक्की के रास्ते पर ले जाएगा। शर्मा ने कहा कि मध्यप्रदेश के चौथे व अंतिम चरण के अंतर्गत सोमवार को प्रदेश के उज्जैन, इंदौर, रतलाम, मंदसौर, खण्डवा, खरगौन, धार व देवास लोकसभा क्षेत्रों के मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मतदाता भाई-बहन सोमवार को होने वाले मतदान में अधिक से अधिक वोट करके अपनी इस भूमिका को सार्थक करें। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्र के सभी नागरिक लोकतंत्र और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के प्रति आस्था और विश्वास रखते आए हैं। चुनाव लोकतंत्र का महापर्व है और प्रदेश के मतदाता भाई-बहन इसमें विचारपूर्वक तथा निर्भीक होकर भागीदारी करें और अपने वोट से लोकतंत्र को ताकत दें।

रिटर्निंग अधिकारी ने ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण

सिरसा। हरियाणा में सिरसा के रिटर्निंग अधिकारी आर के सिंह ने स्थानीय लघु सचिवालय स्थित ईवीएम वेयर हाउस का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया और तकनीकी टीमों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। रिटर्निंग अधिकारी ने कहा कि तकनीकी टीमें सभी ईवीएम-वीवीपैट मशीनों की अच्छी प्रकार से जांच करें और अपडेट रखें। उन्होंने सुरक्षा में लगे अधिकारियों व पुलिस कर्मियों को निर्देश दिए कि ईवीएम की सुरक्षा बहुत की संवेदनशील कार्य है, ऐसे में वेयर हाउस में सुरक्षा के दृष्टिगत नियमों की सख्ती से पालना सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने सीसीटीवी कैमरे तथा वेयरहाउस में आने वाले अधिकारियों की रजिस्टर में हाजिरी बारे जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, कोताही करने वाले के खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

उत्तराखंड में चरस के साथ तस्कर गिरफ्तार

रूद्रपुर/नैनीताल। उत्तराखंड की ऊधम सिंह नगर जिले की रूद्रपुर पुलिस ने एक किलोग्राम चरस के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) डा. मंजूनाथ टीसी के निर्देश पर रूद्रपुर कोतवाली पुलिस, विशेष अभियान समूह (एसओजी) और मादक द्रव्य निरोध बल (एएनटीएफ) की ओर से शनिवार को रामपुर रोड पर जांच अभियान चलाया जा रहा था।

चारधाम यात्रा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ ने बढ़ाई पुलिस की सिरदर्दी

देहरादून। उत्तराखंड स्थित श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री केदार और श्री बदरीनाथ अर्थात चारो धामों के कपाट खुलते ही, देश और विदेश के श्रद्वालुओं की अपार भीड़ उमड़ने लगी है। ऐसे में पुलिस को व्यवस्था बनाए रखने में खासी दिक्कत होने लगी है।

भक्तों की बड़ी संख्या और पर्वतीय क्षेत्रों में अनिश्चित मौसम के दृष्टिगत, रविवार सुबह श्री यमुनोत्री जाने वालों को पुलिस की ओर से आज यात्रा न करने की सलाह दी गई। बाद में तीसरे पहर, पुनः यात्रा शुरू करा दी गई। पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी नई सूचना के अनुसार, यात्रा पुनः सुचारु रुप से चल रही है। यातायात के सुरक्षित व सुचारु संचालन हेतु यमुनोत्री मार्ग पर पाली गाड़ से जानकी चट्टी के मध्य संवेदनशील व संकरे स्थानों पर यातायात को गेट व वन वे सिस्टम से चलाया जा रहा है। धाम व ऊंचाई वाले क्षेत्रों मे बारिश का मौसम है, सभी श्रद्धालु बरसाती, छाता, गर्म कपडे व अन्य जरुरी सामग्री साथ रखकर यात्रा करें।

शेष आठ संसदीय क्षेत्रों में आज मतदान

वार्ता ◂ भोपाल
www.dailypioneer.com

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के तहत मध्यप्रदेश की शेष आठ संसदीय सीटों पर मतदान के साथ ही राज्य में चुनावी महाकुंभ के मतदान के चरण का समापन हो जाएगा। राज्य की आठ संसदीय सीटों देवास, उज्जैन, मंदसौर, रतलाम, धार, इंदौर, खरगोन और खंडवा पर सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान होगा। इसे लेकर निर्वाचन आयोग ने लगभग सभी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। चौथे चरण की इन आठ सीटों पर कुल 74 अभ्यर्थी चुनावी मैदान में हैं। इसके पहले राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपन राजन ने आज यहां पत्रकारों से चर्चा में बताया कि चौथे चरण में प्रदेश की शेष आठ लोकसभा सीटें देवास, उज्जैन, मंदसौर, रतलाम, धार, इंदौर, खरगोन और खंडवा के लिए कल मतदान होगा। मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक होगा। मतदान से डेढ़ घंटे पहले मॉकपोल की कार्रवाई की जाएगी। मतदान को लेकर कुल 18 हजार सात मतदान केन्द्र बनाए गए हैं, जिनमें 231 सहायक मतदान केन्द्र शामिल हैं। राजन ने बताया कि इन आठों संसदीय क्षेत्रों पर कुल 74 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। इनमें देवास और मंदसौर में आठ-आठ, खंडवा में 11, खरगोन में पांच, रतलाम में 12, धार में सात, इंदौर में 14 और उज्जैन में नौ प्रत्याशी शामिल हैं। इससे पहले मध्यप्रदेश की कुल 29 संसदीय सीटों में 19 अप्रैल को प्रथम चरण में छह सीटों, दूसरे चरण में 26 अप्रैल को छह सीटों, तीसरे चरण में 07 मई को नौ सीटों पर मतदान संपन्न हो चुका है। अब प्रदेश की शेष आठ लोकसभा सीटों के लिए कल मतदान होगा। प्रदेश में चौथे चरण में आठ संसदीय सीटों पर होने वाले मतदान के लिए कुल एक करोड़ 63 लाख 70 हजार 654 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। इनमें 82 लाख 48 हजार 91 पुरुष मतदाता, 81 लाख 22 हजार 175 महिला मतदाता तथा 388 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। वहीं मतदान दल अपने मतदान केन्द्र की सामग्री ईवीएम, वीवीपैट के साथ मतदान केन्द्रों के लिए रवाना कर दिए गए हैं। मतदान केन्द्रों पर आयोग द्वारा रैम्प व्यवस्था, पेयजल, फर्नीचर, मेडिकल किट, विद्युत व्यवस्था, हेल्प डेस्क, साईनेज (संकेतक) टायलेट, छाया की व्यवस्था, वालंटियर्स, शिशुगृह की व्यवस्था, दिव्यांगों के लिए वाहन व्यवस्था आदि की सुविधाएं मुहैया करायी गयी है।

मणिपुर की राज्यपाल अनुसुइया ने मणिपुर में शांति बहाली के लिए की प्रार्थना

अयोध्या। मणिपुर की राज्यपाल अनुसूइया ने मणिपुर में शांति बहाली के लिए श्रीरामजन्म भूमि पर विराजमान रामलला से प्रार्थना की। मणिपुर की राज्यपाल ने श्रीरामजन्मभूमि पर विराजमान रामलला के दर्शन के बाद पत्रकारों से अनौपाचारिक बातचीत करते हुए कहा कि मणिपुर में शांति बहाली के लिये रामलला से प्रार्थना करने आयी हूं। उन्होंने कहा कि मैं पहली बार आयी हूं। मेरी बहुत इच्छा थी कि एक बार अयोध्या जरूर जाऊं और भगवान राम का साक्षात दर्शन करूं। मुझे आज यह सौभाग्य मिला है। मैं रामलला से यही प्रार्थना करती हूं कि देश में सुख-शांति और सद्भावना बनी रहे। उन्होंने कहा कि मेरे मणिपुर राज्य में हालांकि अब काफी शांति है। लोगों में फिर से भाईचारा स्थापित हो। जो कुछ बीते दिनों से वहां हिंसा हो रही थी लोग एकदूसरे के प्रति सद्भावना और प्रेम के साथ रह रहे हैं और मणिपुर प्रदेश फिर से विकास की ओर आगे बढ़े यही मैं भगवान राम से प्रार्थना करती हूं। मणिपुर की राज्यपाल अनुसूइया ने कहा कि मणिपुर बहुत खूबसूरत है और पूरा नार्थ-ईस्ट ही बहुत खूबसूरत है। मेरे लिए बड़ी चुनौती थी कि वहां के लोगों की शांति स्थापित करने में मदद करूं।

गो डिजिट जनरल इंश्योरेंस का आईपीओ 15 मई को खुलेगा

एजेंसी ◂ अहमदाबाद
www.dailypioneer.com

गो डिजिट जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड का का प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम आईपीओ 15 मई को खुलेगा। कंपनी की ओर से जारी बयान में कहा है कि कंपनी का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिये 15 मई बुधवार को खुलेगा और 17 मई शुक्रवार को बंद होगा। प्राइस बैंड 258 से 272 रुपये प्रति इक्विटी शेयर तय किया है। निवेशक न्यूनतम 55 इक्विटी शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं। उसके बाद 55 इक्विटी शेयरों के मल्टीपल यानी गुणक में बोली लगाई जा सकती है। दस रुपये प्रति इक्विटी शेयर की फेस वैल्यू वाला यह ऑफर फ्रेश इश्यू और ओएफएस यानी ऑफर फॉर सेल का मिक्स है। इस ऑफर में 1,125 करोड़ रुपये के फ्रेश शेयर जारी किये जा रहे हैं। गो डिजिट जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड लीडिंग फुल-स्टैक इंश्योरेंस कंपनियों में से एक है। इंश्योरेंस वेटरन कामेश गोयल ने 2017 में इसे स्थापित किया था। कंपनी ग्राहकों की जरूरतों के अनुसार मोटर इंश्योरेंस, हेल्थ इंश्योरेंस, ट्रैवल इंश्योरेंस, प्रॉपर्टी इंश्योरेंस, मरीन इंश्योरेंस, लायबिलिटी इंश्योरेंस और अन्य इंश्योरेंस प्रोडक्ट ऑफर करती है। इकतीस दिसंबर 2023 को समाप्त नौ महीनों के लिये मोटर इंश्योरेंस ने जीडब्ल्यूपी में 61.1 प्रतिशत का योगदान दिया है।

दलितों, पिछड़ों का आरक्षण छीनकर मुसलमानों को देना चाहती है कांग्रेस : सिंह

वार्ता ◂ शिमला
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उसका एजेंडा दलितों, आदिवासियों और पिछड़ों का आरक्षण छीनकर मुसलमानों को देना है। सिंह ने कांग्रेस पर वोट बैंक, धर्म और जाति की राजनीति करने का भी आरोप लगाया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी के विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए देश में राजनीति की परिभाषा और संस्कृति को बदल दिया है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर भगवान राम विरोधी एवं सनातन धर्म विरोधी होने और राष्ट्र विरोधियों का साथ देने का भी आरोप लगाया। सिंह हिमाचल के शिमला लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी उम्मीदवार सुरेश कश्यप के समर्थन एक रैली को संबोधित कर रहे थे। वहां एक जून को मतदान होना है। भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप ने कहा कि इस लोकसभा चुनावो में प्रदेश में भकला चारों सीटों जीत कर कमल खिलाएंगे और केंद्र में हम एक बार फिर मोदी सरकार बनाएंगे। पीएम मोदी दुनिया के सबसे लोक प्रिय नेता है और कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक एक ही आवाज एक ही नारा चल रहा है फिर एक बार मोदी सरकार। उन्होंने कहा की पिछले 10 वर्षों में मोदी ने देश एक नई राह दिखाई है, पीएम ने देश को दुनिया का सबसे शक्तिशाली देश बनाया है। मोदी ने देश को मजबूत बनाते हुए नारी शक्ति, युवा, किशन, नागिरी और सभी वर्गों को नई बुलंदियों पर पहुंचने का काम किया है। भारत में पिछले 10 वर्षों में एतिहासिक काम हुए है जिसे 370 का समाप्त करना, तीन तल्लाख हटाना, राम मंदिर का निर्माण करना, सीएए लागू करना, यह केवल एक बड़ी इच्छा सख्ती वाला नेता ही पूरा कर सकता था और वह है नरेंद्र मोदी। उन्होंने कहा की भारत में एक ठग बंधन और इंडी गठ बंधन काम कर रहा है, हम दावे के साथ कह सकते है की कांग्रेस के पास प्रधानमंत्री का प्रत्याशी नहीं है और अपने कार्यकाल में इन्होंने केवल देश को लूटा का काम किया है। इस बात कांग्रेस पार्टी की प्रदेश और देश से छुट्टी होना तय है। केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट के कहा की भाजपा का एक एक कार्यकर्ता घर घर जाकर मोदी की 10 साल के उपलब्धियों को घर-घर पहुंचाएगा और एक बार फिर मोदी को देश का प्रधानमंत्री बनाएगा।

बूढ़ा पहाड़ के आठ बूथ के लिए हेलीकॉप्टर से रवाना हुई पोलिंग पार्टी

डालटनगंज। झारखंड के पलामू लोकसभा चुनाव में डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पड़ने वाले कुख्यात रहे बूढ़ा पहाड़ इलाके के आठ मतदान केंद्र के लिए पोलिंग पार्टी को वायु सेना के विशेष हेलीकॉप्टर से रवाना किया गया। सभी मतदान दल गढ़वा जिले में लैंड करेंगे और 13 मई की सुबह 7 बजे से मतदान कराएंगे। सभी मतदानकर्मियों को मेदिनीनगर के जीएलए कॉलेज स्थित डिस्पैच सेंटर से बस द्वारा चियांकी हवाई अड्डा भेजा गया।

मोदी भ्रष्टाचार हटाने तो विपक्ष मोदी हटाने की बात करता है : राजवीर सिंह

वार्ता ◂ जौनपुर
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं सांस्कृतिक मंत्री राजवीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भ्रष्टाचार हटाओ की बात करतें है, तो एकजुट विपक्ष मोदी हटाओ की बात करता है।

विपक्ष लोगों को झूठ बोल भ्रमित करने का कार्य कर रहा है। पर्यटन एवं सांस्कृतिक मंत्री राजवीर सिंह ने मल्हनी विधानसभा के उटरुकला गांव में जौनपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कृपाशंकर सिंह के समर्थन में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि कहा कि आप के एक वोट का ही परिणाम रहा कि आज मोदी ने नासूर बन चुकी धारा 370 को चुटकी बजाकर खत्म कर दिया, लंबे संघर्ष के बाद अयोध्या में भव्य राम मंदिर का संकल्प पूरा हुआ। उज्ज्वला गैस योजना, इज्जत घर, किसान सम्मान निधि, निःशुल्क खाद्यान्न जैसे योजनाओं का लाभ आम जनता को मिल रहा है। इस दौरान सूर्यप्रकाश सिंह मुन्ना, गुजरात से पधारे प्रभुल्ल, मल्हनी पूर्व भाजपा प्रत्याशी सतीश सिंह, मुंगराबादशाहपुर ब्लॉक प्रमुख सतेन्द्र सिंह फंटू,आशीष सिंह आंशू, अशोक शुक्ला, मल्हनी प्रभारी प्रभात श्रीवास्तव, संयोजक प्रबुद्ध दूबे, नौपेड़वा मण्डल अध्यक्ष भूपेश सिंह, प्रधान बबलू चौहान, अजय सिंह विसेन, संदीप सिंह चौहान ने संबोधित किया। अध्यक्षता पूर्व ब्लॉक प्रमुख सजल सिंह व संचालन सूर्यप्रकाश चौबे ने किया। आभार कार्यक्रम आयोजक अभिनय सिंह ने किया।

अपने साथियों के साथ बेटी ने खुद के घर में डाला डांका 8 लाख नगदी सहित तीनों आरोपी पुलिस के गिरफ्त में

खेत बेच कर घर में रखे पैसे पर बेटी का डोला नियत, प्लानिंग के साथ चोरी की घटना को दिया अंजाम

पायनियर संवाददाता ➤ कांकेर
www.dailypioneer.com

नंदनमारा घर के आलमारी से नगदी 9 लाख रुपये की चोरी के मामले में कांकेर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है जिसमें प्रार्थी की बेटी व उसके दो साथियों को नगदी रकम के साथ अपने गिरफ्त में लिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चरणबती कोर्राम पति स्व. कुंवर सिंह कोर्राम नंदनमारा कांकेर थाना आकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि इसके हिस्से कि लगभग 1.5 एकड़ जमीन नंदनमारा बाईपास में स्थित है उसमें से लगभग 75 डिसमील जमीन को सम्बलपुर निवासी स्वरूप चंद जैन को 4 माह पहले 12 लाख रूपये में बेची थी, जिसको बेचने के बाद मिले 12 लाख रूपये को अपने निवास में लोहे के आलमारी में रखी थी। उसमे से लगभग 3 लाख रूपये स्वंय के घर बनाने में खर्च हो गया है लगभग 9 लाख रूपये अपने आलमारी में रखी थी, जिसे 9 मई 2024 को रात कोई अज्ञात चोर ने प्रार्थिया घर मे रात मे घुसकर आलमारी तोड़कर रखे पैसे को चोरी होने कि रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुये वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई के एलेसिला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर रावटे के निर्देशन एंव अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मोहसिन खान के पर्यवेक्षण मे थाना कांकेर से दो टीम उप निरीक्षक राम कुमार साव एवं प्र.आर. 203 ओमप्रकाश के नेतृत्व में टीम का गठन कर मामले में अज्ञात आरोपियो एवं चोरी हुए पैसे की पता साजी हेतु रवाना किया गया। विवेचना के दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि नंदनमारा में हुये चोरी के संदिग्ध महिला प्रार्थिया की बेटी सुरेखा मरकाम पति स्व. आत्माराम मरकाम निवासी मानिकपुर थाना नरहरपुर जिला कांकेर को मुखबीर सुचना पर गोविन्दपुर की ओर पुलिस टीम रवाना हुई थी। जिसे देखकर संदेही महिला भागने का प्रयास कर रही थी जिसे घेराबंदी कर संदेही महिला को पकड़कर अभिरक्षा में लेकर कड़ाई से पुछताछ करने पर बताई कि उसे पैसे की जरूरत होने पर उसकी मां जमीन बेचकर 9 लाख रूपये अपने पास रखी थी जिसमे से कुछ पैसे देने के लिये बोली जो पैसे देने से मना कर दी तब अपने अन्य दो पुरूष मित्र सोमारू पांडे, पिता अंकालू राम पांडे निवासी अण्डी थाना कोरर एवं शीतल नायक उर्फ कांता, पिता स्व. पन्ना लाल नायक निवासी टिकरापारा कांकेर से मिलकर अपने मां के घर नंदनमारा के आलमारी में रखे पैसे के बारे में दोनो सहयोगी को बताकर 9 मई के रात्रि करीबन 12 से 1 बजे के बीच में जब घर के अन्य सदस्य गहरी नीद में सो गये थे तब अपने साथियो को फोन के माध्यम से बुलाकर अपने मां के घर मे रखे 9 लाख रूपये को चोरी करवायी है। आरोपिया ने कबूल किया कि स्वंय तीन लाख रूपये अपने बेडरूम के पलंग में छुपाकर रखी है शेष रकम को अपने दोनो सहयोगियो को दे दी है उक्त तीन लाख रूपये को आरोपिया के कब्जे से बरामद किया गया आरोपी सोमारू पांडे का पता तलाश किया गया जो कि माकडी चौक में मिला जो पुलिस वाहन को देखकर भागने का प्रयास कर रहा था जिसे अभिरक्षा में लेकर कडाई से पुछताछ करने पर अन्य साथियों के साथ चोरी करना कबूल किये है आरोपी के आधार पर उनके पास रखे थैले से तीन लाख रूपये नगद बरामद किया गया। बाद अन्य आरोपी शीतल नायक उर्फकांता का पता तलाश किया गया जो ज्ञानी चौक में पुलिस टीम को देखकर भागने का प्रयास कर रहा था जिसे अभिरक्षा में लेकर कडाई से पुछताछ करने पर अन्य साथियों के साथ चोरी करना कबूल किये है आरोपी के बताये जगह से उनके पास रखे थैले से दो लाख 14 हजार 500 रूपये नगद बरामद किया गया। आरोपियो के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने पर 12 मई को गिरफ्तार किया गया है जिसे न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया है।उल्लेखनीय है कि मामले के आरोपी समारू राम पांडे पूर्व का आरोपी है जो थाना कोरर के अपराध क्रमाक 60/22 धारा 498(क), 304(बी) भादवि का आरोपी है एवं अन्य आरोपी शीतल नायक उर्फकांता के विरुद्ध थाना कांकेर मे अपराध क्रमाक 179/13 धारा 13 जुआ एक्ट, अपराध क्रमाक 431/14 धारा 36(सी) आबकारी एक्ट अपराध क्रमाक 103/19 धारा 13 जुआ एक्ट 9 अपराध क्रमाक 293/21 धारा 13 जुआ एक्ट अपराध क्रमाक 156/22 धारा 294, 323, 506, 325, 186, 353, 34 भादवि मे आरोपी है। प्रकरण के विवेचना कार्यवाही मे उप निरी. राम कुमार साव, सउनि भुनेश्वरी भगत, प्र.आर 203, आरक्षक शक्ति सिह, शैलेन्द्र सोरी, डुमेश साहू, म.आर. गणेश्वरी कोडोपी, अंजली गोटा का विशेष योगदान रहा।

हाईस्कूल काण्डेकेला का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

पायनियर संवाददाता ➤ काण्डेकेला
www.dailypioneer.com

शिवा पटेल

गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखंड के दूरस्थ अंचल में स्थित शासकीय हाईस्कूल काण्डेकेला कक्षा 10 वीं की बोर्ड परिणाम 2024 बहुत ही शानदार रहा। जहां तमाम संसाधनों के अभाव में भी विद्यार्थियों ने मेहनत व लगन से हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा में प्रथम स्थान पर शिवा पटेल पिता मनोज पटेल 90.16%, द्वितीय कु. रीता सोनवानी पिता बाला राम सोनवानी 80.33 तथा तृतीय स्थान पर कु. तेजस्वनी मांझी पिता प्रमोद मांझी 77.83 रही। इस वर्ष बालिकाओं का प्रदर्शन बेहद ही उत्साहजनक व संतोषजनक रहा। परिणाम घोषित होते ही ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों ने बधाई देते हुए विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की। सभी शिक्षकगण विष्णु लाल भेंसले, ओगेश कुमार साहू, हुमेश्वरी कुम्भकार, रोशन कुमार मनहर, यादराम मांझी, वर्मा समेत सभी ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन शाखा किरंदुल द्वारा नर्सेस डे पर किया गया नर्सेस का सम्मान

पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

एनएमडीसी, श्रमिकों एवं नगरपरिवार के हितों के लिए सदैव कार्यरत मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन (इंटक) शाखा किरंदुल द्वारा जनहित में एवं समाज के लिए सेवा, समर्पण से कार्य करने वाले विविध वर्गों जैसे श्रमिकों, शिक्षक, चिकित्सक, नर्सेस, दिव्यांगों को विविध अवसरों पर सम्मानित किये जाने की परंपरा रही है। इसी कड़ी में एमएमडब्ल्यू यूनियन द्वारा ÷अंतर्राष्ट्रीय नर्सेस डे÷ के अवसर पर एनएमडीसी परियोजना चिकित्सालय एवं शासकीय 30 बिस्तर अस्पताल किरंदुल में कार्यरत नर्सेस को सम्मानित किया गया। विदित हो कि अपनी सेवा समर्पण और त्याग के लिए विश्व विख्यात नर्स फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्मदिवस को अंतर्राष्ट्रीय नर्सेस डे के रूप में मनाया जाता है। अध्यक्ष विनोद कश्यप एवं सचिव ए.के. सिंह के दिशानिदेर्शानुसार शासकीय 30 बिस्तर अस्पताल किरंदुल में नर्सेस को सम्मानित किया गया तथा परियोजना चिकित्सालय में आयोजित सम्मान समारोह के अवसर पर परियोजना चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज व्ही. लाल, डॉ. अंजू शाह, मेट्रन सिस्टर उर्मिला जार्ज, सहित समस्त नर्सेस तथा स्टॉफ की गरिमामयी उपस्थिति रही। मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन (इंटक) की ओर से कार्यालय सचिव राजेन्द्र यादव द्वारा स्वागत उद्बोधन देते हुए ब्रिटिश नर्स एवं समाजसेवी फ्लोरेंस नाइटिंगेल की जीवनी एवं उनकी सेवाओं के बारे में सारगर्भित प्रकाश डाला गया। वरिष्ठ सदस्य बी एल तारम ने शुभकामना संदेश देते हुए इस वर्ष की थीम हमारी नर्सें-हमारा भविष्य, देखभाल की आर्थिक शक्ति की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए नर्सेस की सेवाभाव और स्वस्थ समाज की परिकल्पना में उनके महत्व पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। परियोजना चिकित्सालय परिवार की ओर से मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज वी. लाल एवं स्टॉफ नर्स लक्ष्मी कश्यप ने यूनियन द्वारा सम्मानित किये जाने पर एमएमडब्ल्यू यूनियन का आभार व्यक्त किया। अनिल शार्दूल द्वारा स्वरचित कविता का पाठ किया गया। कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष त्रिलोक बांधे तथा आभार व्यक्त संगठन सचिव राकेश लाल द्वारा किया गया। सम्मान समारोह को सफल बनाने में उपाध्यक्ष शादाब जिलान, कोषाध्यक्ष ओम कुमार साहू, जी. रवि, सुधांशु ओझा, सैयद जिया उल हसन, पी. एल. साहू, टीकम साहू, जे.पी. गुप्ता, केसर कोर्राम सहित यूनियन के पदाधिकारी गण, सदस्यगण तथा परियोजना चिकित्सालय स्टॉफ उपस्थित थे।

श्री जगन्नाथ मंदिर में आयोजित 24 प्रहरी संकीर्तन का हुआ समापन

पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

किरन्दुल श्री राघव मंदिर प्रांगण में श्री जगन्नाथ मंदिर की स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा पुरी से पहुंचें पंडाओं द्वारा विधिवत रूप से की गई।तथा अनुष्ठान के अंतिम दिवस 12 मई रविवार प्रातः 24 प्रहरी संकीर्तन का समापन एवम दही हांडी फोड़ का आयोजन किया गया।जगन्नाथ सेवा समिति के अध्यक्ष आर सी नाहक ने उक्त आयोजन को सफल बनाने में नगर प्रशासन,पुलिस प्रशासन,जिला प्रशासन एवम प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग किए सभी नगरवासियों का धन्यवाद साधुवाद दिया।इस दौरान जगन्नाथ सेवा समिति के सचिव देवराज लेंका, कार्यकारी अध्यक्ष दीपक मोहंती, विपिन महाराणा, शैलेश रथ, ब्रजेश मिश्रा एवम श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

किरंदुल में रीति रिवाज से रचाई गई गुड्डे और गुड़िया की शादी, नगर पालिका अध्यक्ष हुए शामिल

पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

किरंदुल के वार्ड क्रमांक 02 लक्ष्मणपुर कैंप में तीन दिवसीय गुड्डे और गड़िया के विवाह का आयोजन किया गया।शनिवार संध्या किरंदुल नगरपालिका अध्यक्ष मृणाल राय उक्त कार्यक्रम में शामिल हुए।बता दें छत्तीसगढ़ी परम्परा के अनुसार असल शादी में जो भी रस्मे निभाई जाती हैं उसे इसमें पूरा किया गया। पहले दिन बांस की लकड़ी से मंडप बनाया गया । दूसरे दिन गुड्डे, गुड्डी को हल्दी लगाई गई। इसके बाद सुबह एवं शाम के वक्त बाजे-गाजे बड़ी धूम -धाम के साथ बारात निकाली गई, जिसमें पुरे लक्ष्मणपुर कैंप से रामपुर कैंप तक भ्रमण कराया गया।इस दौरान सैकड़ों की संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल हुए।वहीं गुड्डे और गड़िया की शादी भी क्षेत्र में खूब सुर्खियां बटोर रही है. लोग बच्चों के इस आयोजन की सराहना कर रहे हैं और शादी के बदलते ट्रेंड के बीच पुरानी रस्मों को याद रखने के लिए इस तरह के आयोजन करते रहने की बात कह रहे हैं।

भाई ने खून के रिश्ते को किया कलंकित

बड़े भाई ने की छोटे भाई की निर्मम हत्या

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

मनेशबती मरकाम पति रामलाल मरकाम उम्र 32 वर्ष निवासी खजरावंड स्कूलपारा थाना विश्रामपुरी जिला कोण्डागांव ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 12 मई के सुबह 09 बजे खेत में वह काम कर रही थी उसी दौरान पड़ोसी ने बताई की उसके पति रामलाल और जेठ शिव प्रसाद के बीच जमीन संबंधित बात को लेकर लड़ाई झगड़ा हो रहा हैं तब जाकर देखी तो पति रामलाल मरकाम उसके जेठ शिव प्रसाद के घर सामने चित लेटा था सीने में बीचों बीच टंगिया फस गया था एवम जमीन में खून बह गया था , उसके पति रामलाल मरकाम की उसके बड़े भाई शिवप्रसाद मरकाम द्वारा हत्या करने की नियत से धार दार टंगीया से सीने में मार कर हत्या कर दिया है की प्रार्थियां के रिपोर्ट पर उसके पति रामलाल मरकाम को उसके जेठ शिव प्रसाद मरकाम कि आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 29/2024धारा 302 भादवि का अपराध दर्ज कर मामले की जानकारी वरिष्ट अधिकारीयों को दी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक महोदय कोण्डागांव वाय अक्षय कुमार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव रूपेश कुमार डांडे के मार्गदर्शन में एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी केशकाल भूपत सिंह धनेश्री के पर्यवेक्षण मे जंगल की ओर भागे फरार आरोपी शिवप्रसाद की पता साजी कर पकड़े एवम पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा जमीन संबंधी बात को लेकर वाद विवाद होने पर गुस्से में आकर अपने छोटे भाई की टंगीया से मारकर हत्या करना स्वीकार किया जिससे आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया गया है।

प्रशिक्षणार्थियों और पूर्व सैनिकों ने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाया गया

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के तत्वावधान में कोंडागांव ब्लॉक, फरसगाँव ब्लॉक और बड़ेराजपुर ब्लॉक में संचालित निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण में प्रशिक्षण ले रहे प्रशिक्षणार्थियों और पूर्व सैनिकों के द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाया गया । कोंडागांव ब्लॉक में बंधा तालाब पार्क के अंदर और बाहर झाड़ू लगाया गया और तालाब में से 18 ट्रैक्टर जलकुंभी को निकाला गया। फरसगाँव ब्लॉक में गुरूद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के अंदर और बाहर झाड़ू लगा कर साफ़ सफाई किया गया। बड़ेराजपुर ब्लॉक में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विश्रामपुरी के मैदान मे झाड़ू लगाकर साफ़ सफाई किया गया । इस अवसर पर कोंडागांव ब्लॉक में मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेन्द्र पात्रे, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के संरक्षक और बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा, जिलाध्यक्ष सूरज यादव, कोषाध्यक्ष सोमेश्वर भारती, फरसगाँव ब्लॉक में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद फरसगाँव के ब्लॉक उपाध्यक्ष बलदेव नेताम और ब्लॉक सचिव रिकेश कुँवर, बड़ेराजपुर ब्लॉक में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद बड़ेराजपुर के ब्लॉक अध्यक्ष चंदुलाल जैन, ब्लॉक उपाध्यक्ष रूपउ राम, ब्लॉक सचिव संतोष मरकाम, सदस्य राम कुमार मरकाम और निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण ले रहे 450 प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

सिविल अस्पताल मे पिछले 1 सालों से प्रसूति चिकित्सक ही नही

सिविल अस्पताल से शहरी ग्रामीण आबादी सहित आसपास के जिले भी अश्रित

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

जिले का सबसे बडा शहर भाटापारा को माना जाता है यहां की आबादी आज के तारीख मे लगभग 70 हजार के आसपास माना जा सकता है। इसके बीच शहर मे आम गरीब मध्यम वर्ग निवास करते है जो प्रतिदिन मेहनतकश जिंदगी से जीविकोपार्जन करते है व स्वास्थ्यगत चिकित्सा के दृष्टिकोण से सिविल अस्पताल भाटापारा पर निर्भर करते है और इससे भी बडी अधिक आबादी भाटापारा क्षेत्र सहित आसपास के जिले से लगे हुये लोग भी भाटापारा सिविल अस्पताल पर निर्भर रहते है परंतु इस अस्पताल मे पिछले 1 सालों से प्रसूति रोग विशेषज्ञ महिला चिकित्सक नही होने से गर्भवती महिलाओं व उनके परिजनों को इलाज सम्बन्धी अनेक परेशानियों का सामना करते हुये डिलीवरी हेतु नीजि अस्पतालों पर निर्भर रहना पड जाता है जहाँ पर डिलीवरी पेशेंट के परिजनों को भारी अर्थिक क्षति वहन करना पडता है गरीब वर्ग के लोग आपातकालिक स्थिति मे कर्ज लेकर नीजी अस्पतालों मे डिलीवरी कराने को भी मजबूर हो जाते है ।

क्या होता है प्रसूति रोग चिकित्सक

प्रसूति रोग विशेषज्ञ एक चिकित्सक होता है जो महिला के गर्भावस्था के दौरान और जन्म देने के बाद बच्चों को जन्म देने और लोगों की देखभाल करने में माहिर होता है। वे गर्भावस्था से संबंधित विशिष्ट चिकित्सीय स्थितियों का इलाज करते हैं और प्रसव और प्रसव से संबंधित सर्जरी करते हैं। जिससे जच्चा बच्चा दोनो सुरक्षित रह सके परंतु भाटापारा सिविल

अस्पताल मे प्रसूति रोग विशेषज्ञ डाक्टर नही होने से नार्मल डिलीवरी को छोड अन्य प्रकार के डिलीवरी के लिये निजी अस्पतालों मे निर्भर रहना पड जाता है जिसके कारण आम गरीब मध्यम वर्ग को भारी आर्थिक व मानसिक छति उठाना पडता है

साल भर पहले रही प्रसूति चिकित्सक से डिलीवरी सम्बंधित मामलों में थी राहत

साल भर पहले भाटापारा सिविल अस्पताल मे कौर मैडम प्रसूति चिकित्सक के रुप मे भाटापारा के सिविल अस्पताल मे सेवा दे रही थी जिससे बडे से बडे डिलीवरी कैस को सहज रुप से हेंडल कर लिया जाता था परंतु ट्रेनिंग के सिलसिले मे 6 माह बाहर रहने के बाद पुनः वह प्रसूति चिकित्सक का पद ग्रहण नही कर सका जिसके चलते डिलीवरी से सम्बन्धित मामलों को लेकर आम गरीब मध्यम वर्ग के लोगों को भारी परेशानियां उठानी पड रही है ।

लाल बहादुर शास्त्री वार्ड मे 50 बिस्तर का अस्पताल बनकर तैयार

गौरतलब है की शहरी प्राथमिक केन्द्र के अंतर्गत नवीन 50 बिस्तर का अस्पताल बनकर तैयार है परंतु अभी तक इनका उद्घाटन नही हो पाने से रेल्वे फाटक के उस पार रहने वाली शहर के आधी आबादी को इसका फिलहाल लाभ भी नही मिल पा रहा है।

सिविल अस्पताल के जमीन का हिस्सा अवैध अतिक्रमण के चपेट मे

गौरतलब है की आज के परिवेश मे पिछले 20 सालों की तुलना मे भाटापारा क्षेत्र की आबादी दोगुनी हो चुकी है जिसके चलते शहर की आवश्यकताएं व जरूरते भी कई गुणी बढ चुकी है इसी कारण भाटापारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से बढकर सिविल अस्पताल का दर्जा प्राप्त कर चुका है अस्पताल मे सुविधाओं का विस्तारीकरण हेतु जगह की भी कमी पड रही है भाटापारा सिविल अस्पताल लगभग 3 एकड के क्षेत्रफल मे फैला हुआ है वही स्वास्थ्य विभाग की और से शासन के पास अनेक योजनाएं भी प्रभावी है परंतु इस अस्पताल के आधे एकड से अधिक का भू-भाग लम्बे समय से अवैध अतिक्रमण के चपेट मे है, जो की राजनीतिक प्रभाव के चलते सिविल अस्पताल की जगह को अतिक्रमण मुफ्त भी नही कराया जा सका उक्त सम्बंध मे पहले राजस्व विभाग के तहसीलदार द्वारा नोटिस भी दिया जा चुका है जिसका कोई प्रभाव नही पडा जिसके चलते सुविधाओं के विस्तारीकरण हेतु पर्याप्त जगह के अभाव भी महसूस किया जाता रहा है।

जीवनदीप समिति गठित परंतु सक्रिय नही

गौरतलब है कि सिविल अस्पताल मे जीवन दीप समिति गठित है जो, अस्पतालों के प्रबंधन को जनभागीदारी से सुधारने एवं स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में परिवर्तन करने के लिए किया जाता है इसका अध्यक्ष क्षेत्र के निर्वाचित विधायक होता है परंतु फिलहाल उक्त मामले मे कोई खास सक्रियता सजगता नही देखा जा रहा है जिसका लाभ लोगों को मिल सके।

पूर्व मे प्रसूति चिकित्सक की नियुक्ति हो चुकी थी परंतु पिछले कुछ समय से पुनः ज्वानिंग नही होने से प्रसूति महिला चिकित्सक का पद एक वर्ष से सिविल अस्पताल भाटापारा मे रिक्त पड़ा है।

राजेन्द्र माहेश्वरी
विकास खण्ड चिकित्सा अधिकारी

भंवरपुर। विगत दिनों सरस्वती शिशु मंदिर भंवरपुर द्वारा स्थानीय परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस दौरान प्राचार्य सहित आचार्य एवं दीदीयों सहित समिति सदस्य गण उपस्थित रहे।

पीएमश्री विद्यालय में समर केम्प का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

वनांचल ग्राम सिंघोड़ा में पी.एमश्री. शा, प्रा .शाला सिंघोडा समर कैंप का शुभारंभ किया गया। बीआरसीसी के सतीस स्वरूप पटेल के द्वारा फीता काटकर समर कैंप कार्यक्रम का शुभारंभ गया उक्त कार्यक्रम में सर्वप्रथम माँ सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की गई। ग्रीष्मकालिन शिविर विद्यालयों में यह समर केम्प छात्र-छात्राओं के समग्र विकास के लिए आयोजित की जा रही है । इस समर कैंप के माध्यम से बच्चों मैं कल्पना शिलता, आत्मविश्वास, तार्किक सोच, श्रीजनशिलता अभिव्यक्ति जैसे कौशल, बालगीत, मौखीक भाषा विकास व एकाग्रता विकसीत करने वाले खेल, चित्रकारी, कागज व मिट्टी के खिलौने बनाना, कहानी निर्माण, रचनात्मक लेखन जैस रोचक

गतिविधियों के माध्यम से समृद्ध करने का प्रयास पीएमश्री स्कूल के सिंघोडा के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं द्वारा किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम में शाला के प्रधान पाठके पूर्वीमा नाग, संकुल समन्वयक सच्चिदानंद भोई, शिक्षक गोपाल पटेल, शिक्षक चुडामणी स्वाई, खिरसागर चौहान, शीला विश्वास, कुवरमति भोई एवं ग्राम पंचायत सिंघौडा के सरपंच प्रतिनिधि अशोक मिरी एवं समस्त पालक गण, ग्रामीण जन व माताएं उपस्थित थे।

स्वामी आत्मानंद विद्यालय में प्रवेश हेतु लॉटरी 14 को

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में शिक्षा सत्र 2024-25 हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 10 मई थी एवं प्रवेश हेतु लॉटरी 14 मई को विद्यालय में प्रातः 8 बजे से प्रारम्भ की जावेगी। प्राचार्य मनोज कुमार पटेल ने बताया कि प्रवेश हेतु अंतिम तिथि के पश्चात् कक्षा 1 से 12 तक की कक्षाओं में रिक्त सीटों के विरुद्ध 358 आवेदन प्राप्त हुए हैं। प्राप्त आवेदनों की स्क्रूटनी के पश्चात् पात्र -अपात्र अभ्यर्थियों की सूची विद्यालय के सूचना पटल पर चस्पा कर दिया गया है जिसका है अवलोकन विद्यालयिन समय में किया जा सकता है। प्रवेश हेतु लॉटरी प्रक्रिया 14 मई को की जावेगी जिसके लिए प्रभारी अधिकारी - विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद्र मांझी, समन्वयक - विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार पटेल, सदस्य - संकुल समन्वयक कामता पटेल, शासकीय सेवक पालक सदस्य - चम्पालाल डडसेना एवं अजय प्रधान, विद्यालय शिक्षक सदस्य हरीश चौधरी एवं गजानन प्रधान होंगे। लॉटरी हेतु समस्त पालकगण एवं विद्यार्थी आमंत्रित रहेंगे।

महासमुंद/नर्रा। ग्राम परसुली मे अक्षय तृतीया एवं अक्ती पर्व पर बच्चो ने चौराहे पर रचाया गुड्डे-गुड्डियो का विवाह। वहां के सरपंच मोतीन आनंद चक्रधारी पंच परमेशवर बृजलाल पटेल ग्रामीण हूमन पटेल नेताराम पांडे गोकुल पांडे पुरन पटेल सहित ग्रामीण बराती मे सहभागी बने।

अग्र शिरोमणि संस्था के सदस्यों द्वारा छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान प्राप्त महक को किया सम्मानित

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

नगर की बेटी कु महक अग्रवाल द्वारा कक्षा बारहवीं की परीक्षा में पूरे छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान प्राप्त किये जाने पर नगर की अग्र शिरोमणि संस्था द्वारा निवास स्थल जाकर महक को श्री अग्रसेन महाराज जी का मोमेंटो, स्टिकर व नगद राशि भेंटकर बधाई व शुभकामनाएं देते हुवे सम्मानित किया गया। इस दौरान संस्था के मनोज अग्रवाल, लक्ष्मी अग्रवाल, पवन अग्रवाल व कमल किशोर अग्रवाल ने कहा कि सरायपाली नगर व हमारे अग्र वंश को गौरवान्वित करने वाली महक अग्रवाल ने कक्षा 12 वीं की परीक्षा में 97.40% प्रतिशत अंक प्राप्त कर पुरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

महक ने अपनी इस शानदार उपलब्धि से सरायपाली नगर व अग्र वंश के मान व गौरव को पुरे प्रदेश स्तर पर बढाया है इस पर श्री अग्र शिरोमणि संस्था सरायपाली द्वारा इस उपलब्धि के लिए महक के माता पिता व परिजनों को भी बधाई दी।

पेयजल संकट को देखते हुए विधायक चातुरी नंद ने किया अनुकरणीय पहल

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

अंचल में पेयजल के संकट को देखते हुए अब विधायक स्वयं उसके निदान हेतु सामने आ गई हैं। उन्होंने एक अनुकरणीय पहल करते हुए ग्राम गम्हारडीह, दिवानपाली और चनाट में अपने निजी मद से अपने ससुर स्व. रामलाल नंद की स्मृति में पानी टैंकर प्रदान कि या है। टैंकर वितरण के दौरान विधायक की सासुमां गंगा बाई नंद, विधायक पति डिग्रीलाल नंद विशेष रूप से मौजूद रहे। विधायक नंद ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि सरायपाली अंचल के 50 से अधिक गांवों में पानी की भारी समस्या है, जिसके निदान हेतु लगातार प्रयास किया जा रहा है।

इसी कड़ी में उन्होंने अपने स्वयं के निधि से उनके ससुर की स्मृति में 3 पानी टैंकर ग्राम पंचायतों को दान किए हैं, जिनका उपयोग आस पास के गांवों में पेयजल उपलब्ध कराने के लिए किया जायेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य शुष्क क्षेत्रों के सभी गांवों में पेयजल समस्या के निदान हेतु पानी टैंकर उपलब्ध कराना है। ज्ञात हो कि सरायपाली क्षेत्र के दर्जनों गांवों में पानी की भीषण समस्या है। जल स्तर इतना नीचे गिर चुका है कि 1000 फीट नीचे भी पानी नहीं है। गर्मी के दिनों में पानी की समस्या अधिक बढ़ जाती है। पेयजल संकट को दूर करने विधायक के इस पहल से ग्रामीणों में हर्ष है। टैंकर वितरण के दौरान ग्राम पंचायत गम्हारडीह के सरपंच प्रतिनिधि शिवानंद, जनपद सदस्य प्रतिनिधि क्षमानिधि साहू, दिवानपाली सरपंच प्रतिनिधि अशोक मिरी, चनाट सरपंच प्रतिनिधि रमेश पटेल, जिला कांग्रेस कमेटी के सदस्य तन्मय पंडा, पार्षद सुरेश भोई, युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष भरत मेश्राम, पद्मलोचन पटेल, करण पटेल, जयंत यादव, नरेश प्रधान, महेश चौधरी, भगवानू, कुंडा नायक, महादेव भोई, सौकीलाल बाघ, जन्मो नायक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

फुलझर परिक्षेत्र बंजारा समाज का बसना धर्मशाला में हुई बैठक

पायनियर संवाददाता ➤ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

फुलझर परिक्षेत्र बंजारा समाज बसना धर्मशाला में फुलझर क्षेत्र के वार्षिक बैठक हेतु कार्यकारिणी बैठक रखा गया। जिसके अध्यक्षता फुलझर क्षेत्र के अध्यक्ष ऊदल सिंह बंजारा थे। बैठक में बताया गया है कि 1 जून 2024 को फुलझर बंजारा समाज का वार्षिक सम्मेलन ग्राम डोंगरी पाली में सम्पन्न होगा। इस कार्यक्रम को आकर्षक बनाने के लिए बंजारा समाज द्वारा फ़ग लड़ी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम को भी शामिल किया गया है ताकि हमारे संस्कृति का अनुसरण भावी समाज करते रहे। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने उपस्थित सभी सामाजिक बन्धुओ ने सहमति देते हुए हर संभव सहयोग करने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर फुलझर क्षेत्र बंजारा समाज के पदाधिकारी गण एवं वरिष्ठ समाज सेवी गण एवं सामाजिक बन्धु गण उपस्थित थे।

कैरियर बनाने के लिये विषय चयन के परामर्श से संतुष्ट हुये विद्यार्थी

11 मई को हेल्प लाईन नम्बर पर 185 फोन काल्स आये जिनका निराकरण किया गया

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर की अध्यक्ष रेणु जी पिल्ले के संरक्षण में एवं सचिव पुष्पा साहू के आदेशानुसार हेल्पलाईन नम्बर 18002334363 संचालित है। विद्यार्थियों के मन में परीक्षा परिणाम के बाद तनाव के प्रबंधन, कैरियर,विषय चयन संबंधी मार्गदर्शन के लिए 11 मई 2024 को मनोवैज्ञानिक, कैरियर काउंसलर डॉ. मोनिका साहू, उपसचिव जेके अग्रवाल के मार्गदर्शन, हेल्पलाइन नोडल अधिकारी डॉ प्रदीप कुमार साहू सहायक प्राध्यापक सिरीज पॉल, अंशुमन कसेर द्वारा परीक्षार्थियों, अभिभावको में परीक्षा परिणाम के बाद उनके मन में आने वाले विभिन्न प्रकार के प्रश्नों, समस्याओ का त्वरित निराकरण किया गया। आज हेल्पलाईन में विभिन्न जिलों से पुनर्गणना,पुर्नमूल्यांकन की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी चाही गई, मूल्यांकित उत्तरपुस्तिका की छायाप्रति कितने दिवस में प्राप्त होगी। मैं श्रेणी सुधार करना चाहता हूँ तो कब अवसर मुझे मिलेगा? पुनर्गणना, पुर्नमूल्यांकन में क्या अंतर है ? के बारे में जानकारी लेना चाहता हूँ, दुर्ग जिले की छात्रा निकिता वर्मा ने यूपीएससी की तैयारी करना चाहती हूँ । कक्षा 12 वीं

में गणित विषय लेकर उत्तीर्ण हुई हूँ,आगे स्नातक की पढाई कौन से विषय लेकर पढू? रायपुर जिले के छात्र हरिओम ने कहा कि आगे साफ्टवेयर इंजीनियर बनना चाहता हूँ, कक्षा 11 वीं में कौन सा विषय लेकर पढाई करू? पुनर्मूल्यांकन करवाने से नंबर कम तो नही हो जाऐंगे। पूरक परीक्षा का परीक्षा फार्म कब से भरा जायेगा? तीन विषयों में अनुत्तीर्ण हो गया हूँ क्या करू? वर्ष में दो बार परीक्षा इस वर्ष होगा क्या? मैं चार विषयों में अनुत्तीर्ण हो गया हूँ क्रेडिट योजना से परीक्षा दे सकता हूँ? अवसर परीक्षा पूरक परीक्षा के साथ ही होती है क्या? अवसर परीक्षा कब तक होगा। पूरक परीक्षा कब होगा? पुनर्मूल्यांकन का परीक्षा परिणाम कब आयेगा? कोरबा जिले की छात्रा रीना यादवा ने डाऊट क्लियर हुआ थैंकयू हेल्पलाईन जैसे विभिन्न प्रश्न पुछे गये। मण्डल के हेल्पलाईन नम्बर पर कुल 185 फोन कॉल्स आये।

अक्षय तृतीया पर ठाकुर देव की पूजा अर्चना कर खेती किसानी का काम शुरू

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

अक्षय तृतीया पर गांवों में किसानों ने नीम पेड़ के नीचे विराजित ठाकुर देवता में दोने में धान, हल्दी, तेल आदि ले जाकर चढ़ाया और बचे हुए धान को खेतों में ले जाकर बो दिया है चूंकि आज के ही दिन खेती बाड़ी का काम शुरू हो जाता है। इसलिए गांवों में आज का दिन विशेष होता है। खेत की साफ सफाई की जाती है। इस दिन विशेष रूप से ठाकुर देव की पूजा पाठ की जाती है। आज के दिन सभी काम गांव में ठाकुर देव की पूजा के बाद ही किया जाता है। यहां तक की पीने के लिए पानी भी ठाकुर देव की पूजा के बाद ही भरा जाता है। इस संबंध में ग्राम तोषगांव के जागरूक किसान विद्याभूषण सतपथी ने जानकारी देते हुवे बताया कि बरसों से चली आ रही परम्परा अनुसार ठाकुर देव में परसा पलाश के पत्तों से बने दोना में धान भरकर उसे अर्पित किया जाता है। यह ठाकुर देव को भोग है। सभी घरों से भोग के लिए ठाकुर देव में अर्पित दोनों

की धान को नई टोकरी में मिलाते हैं। पश्चात कृषि कार्य से संबंधित जैसे बुआई, निंदाई, गुड़ाई, मिंजाई आदि को सांकेतिक रूप में ठाकुर देव के समक्ष किया जाता है। इसी भोग लगे धान को किसान बीज के रूप में खेतों में बुआई करते हैं। ठाकुर देवता को गांव में सहाड़ा देव भी कहते हैं। यह देवता किसी भी गांव का सबसे बड़ा देव होता है। माना जाता है कि गांव में हर काम से पहले साहड़ा देव की पूजा की जाती है। आवाहन पूजन के दौरान गांव के युवा खेतों में नागर का प्रतिरुप चलाते हुए, सामूहिक रूप से सहाड़ा देवता की पूजा कर अच्छे फसल की कामना की। किसानों का प्रमुख त्यौहार अक्ती आज है। किसान ठाकुरदेव को दोना चढ़ाकर धान बोने की शुरुआत कर चुके हैं। इस तरह से किसानों और किसानी का काम शुरू हो गया है। ग्रामीण अंचलों में आज के दिन ग्राम के प्रमुख ठाकुरदेव की पूजा नहीं की जाती, तब तक सारा काम बंद रखा जाता है। पहट में बैगा द्वारा सभी देवी देवाताओं में पूजा-अर्चना की जाती पश्चात गांव के किसान ठाकुरदेव में दोना अर्पण करने पहुंचते हैं । अक्ती के दिन से ही नए दोना के रूप में परसा और अन्य पत्तों से तैयार कर ठाकुरदेव को धान अर्पण किया जाता है। ठाकुरदेव के समक्ष किसानों द्वारा लाए गए धान को रखकर बोनी से लेकर मिसाई तक की सभी प्रक्रियां बैगा द्वारा की जाती है। पीपल के पते से बैल नागर बनाकर पूजा अर्चना करने के बाद किसानों को बोनी की शुरूआत करने धान बीज दिया जाता है जिसे किसान अपने खेतों में जाकर बोनी की शुरूआत करते हैं। इसे छत्तीसगढ़ी भाषा में मुठी लेना कहते हैं। किसान खेतों में पहुंचकर धरती माता के पूजा अर्चना कर बोनी की शुरूआत कर खुशहाली की कामना करते हैं। यह परंपरा वर्षों से चला रहा है। कहा जाता है कि पूर्व में ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की पहुंच नहीं थी और खरीफ सीजन को ही प्रमुख मानकर खेती की तैयारी शुरू करते थे। अक्ती के बाद से ही खेतों में गोबर खाद डालने का काम शुरू हो जाता था। इसलिए अक्ती पर्व का किसानी के लिए ग्रामीण अंचलों में आज भी खासा महत्व है और परंपरा का निर्वह किसान करते आ रहे हैं।

धमतरी गरियाबंद के सीमांत ग्राम सेमरा के जंगल पहाडी में नक्सलियों और पुलिस के बीच मुठभेड में किया गया एक नक्सली का शव बरामद

मुठभेड के पश्चात हथियार 312 बोर देशी कट्टा, नक्सली साहित्य एवं नक्सली सामग्री सहित अन्य सामान किया गया बरामद

पायनियर संवाददाता ⮜ धमतरी
www.dailypioneer.com

धमतरी जिले में चलाए जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत 11.05.24 को धमतरी, गरियाबंद के सीमांत सेमरा जंगल के पहाडी में प्रतिबंधित माओवादी संगठन गोबरा एलओएस की उपस्थिति की आसूचना पर डीआरजी की 25-30 की संख्या में टीम माओवादी विरोधी अभियान पर निकली थी। सर्च अभियान के दौरान दोपहर 2:00 बजे सेमरा के जंगल पहाडियों में पुलिस एवं माओवादियों के बीच में मुठभेड हुई जिसमें प्रतिबंधित सशस्त्र माओवादियों द्वारा स्वचालित हथियारों से पुलिस पार्टी पर फायरिंग किया जा रहा था।

जिसके जवाब में पुलिस पार्टी डीआरजी टीम द्वारा भी पेडों एवं चट्टानों की आड लेकर आत्मसुरक्षार्थ नक्सलियों पर फायरिंग की गई। रुक-रुककर लगभग 1 घंटे तक पुलिस पार्टी पर फायरिंग किया गया। मुठभेड पश्चात् घटना स्थल की सर्चिंग के दौरान घटनास्थल जंगल का बारीकी से पुलिस पार्टी द्वारा सघन सर्चिंग करने पर 01 पुरूष नक्सली का शव बरामद हुआ तथा उसके पास से 01 नग 315 बोर देशी कट्टा ,01 नग सैमसंग मोबाईल मॉडल गैलेक्सी । 01 नग मेमोरी कार्ड, 01 मोबाईल चार्जर केबल, 02 नग बैनर नक्सली, नक्सल साहित्य एंव दवाईयों की पर्ची मौका घटनास्थल से बरामद किया गया। घटनास्थल का निरीक्षण करने पर नक्सलियों द्वारा छोडें गये उक्त बरामद सामग्री को जप्त किया गया नक्सलियों का यह कृत्य अपराध धारा सदर के पाये जाने से थाना नगरी में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। मूठभेड में मारे गए नक्सली की शिनाख्त मंगल मरकाम उर्फ अशोक के रुप में हुई, यह ग्राम करका थाना गंगालूर, जिला बीजापुर का था निवासी। प्रतिबंधित संगठन सीपीआई माओवादी सीसीएम गणेश उईके का गनमेन था और एरिया कमेटी का था सदस्य उक्त माओवादी पर छग शासन द्वारा पॉच लाख रुपये का था ईनाम घोषित।

कोण्डागांव जिले में सीनियर पर जूनियर भारी

अजय चौधरी सहायक अभियंता पर शासन प्रशासन की विशेष कृपा

पायनियर संवाददाता ⮜ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

जिले में 3 दर्जन से अधिक विभाग कार्यरत है। वही सैकड़ों अधिकारी व कर्मचारी शासन ने नियुक्त कर रखे है। लेकिन वही निर्माण से संबंधित विभागों पर कई सीनियर अधिकारियों के रहते एक ही जूनियर अधिकारी को प्रभाव दिया जाना कहीं ना कहीं उच्च अधिकारियों के व्यक्तिगत रुचि को दर्शाता है। वहीं जानकारों की माने तो कई विभागों का प्रभार एक ही अधिकारी को दिए जाने से कार्य की गुणवत्ता भी प्रभावित होती है, साथ ही निर्माण जैसी तकनीकी कार्य से समझौता होने की बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

कई सीनियर बाट जो रहे निर्माणकारियों में दायित्व निर्वहन को लेकर जिले में-ज्ञात हो कि जिले में एक दर्जन से अधिक सीनियर अधिकारी मौजूद है, जिन से जिले की अलग-अलग शाखाओं में दायित्व देकर कार्य संचालन संपन्न करवाया जा सकता था। सहायक अभियंता नंदकुमार नागवंशी, रूप नारायण पटेल, अश्वनी चतुर्वेदी, राधे श्याम सह, आशीष अग्निहोत्री, उप अभियंता सचिन मिश्रा, पी एल सोनवानी, दिलीप कुमार यदु, विजय कुमार जुर्री, रविंद्र कुमार साहू, राजीव कुमार साहू, जगदेव सिंह मरकाम, टी एल बंजारे, विनोद कुमार लासर जिले में पदस्थ हैं। तथा नियम भी कहता है की वरिष्ठता के आधार पर कार्य का प्रभार दिया जाए लेकिन आल्हा अधिकारियों के चलते सारे नियम शिथिल पड़ गए हैं वही देखने वाली बात है। सहायक अभियंता अजय चौधरी को प्रभारी कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कोण्डागांव तथा जिला निर्माण समिति कोण्डागांव का तकनीकी अधिकारी का भी प्रभार दिया गया है, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा में सबसे जूनियर होने के बाद भी सभी सीनियर के ऊपर बिठाकर प्रभार दिया जाना आला अधिकारियों की विशेष कृपा को दर्शाता है।

तात्कालीन विधायक संत ने भी अपने ही सरकार को घेरा था-सीनियरों के रहते जूनियरों को प्रभाव देने के मामले पर विधानसभा सत्र के शीतकालीन सत्र में 13 व 14 दिसंबर 2022 को तारांकित प्रश्न में अपने ही सरकार को घेरते हुए, तत्कालीन विधायक संतराम नेताम ने वन विभाग व लोक निर्माण विभाग में वरिष्ठ अधिकारियों के रहते कनिष्ठ अधिकारियों को प्रभाव देने पर घेरा था कोंडागांव जिले में उन्हीं के विधानसभा क्षेत्र में कई वरिष्ठ अधिकारियों के रहने के बावजूद कनिष्ठ को प्रभाव दिया गया था। वहीं एक विभाग नहीं दो से ज्यादा विभाग का कार्य एक ही प्रभारी को दिया जाना जिले में चल रहे करोड़ों का निर्माण कार्य की गुणवत्ता के कार्यों पर भी प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है।

आदया हॉस्पिटल कसडोल में अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया गया

पायनियर संवाददाता ⮜ लवन
www.dailypioneer.com

अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के खास मौके पर आदया हॉस्पिटल कसडोल में अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया गया। नर्स डे फ्लोरेंस नाइटिंगेल स्मृति की प्रतीक है, जिन्हें आधुनिक नर्सिंग का संस्थापक माना जाता है। स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में नर्सों के योगदान को उजागर करने के लिए हर साल 12 मई को यह दिन मनाया जाता है। इसी प्रथा को आगे बढ़ाते हुऐ, आद्या हॉस्पिटल कसडोल में नर्सों में उत्साहवर्धन के लिए केक कटिंग के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उपहार वितरण किया गया, कार्यक्रम का आयोजन आद्या हॉस्पिटल कसडोल मे डॉ. आर. एस. जोशी, डॉ. सुरेंद्र दिव्याकर, डॉ. नीता दिव्याकार, द्वार कराया गया। कार्यक्रम में उपस्थित रहे, हॉस्पिटल मेट्रन सावित्री साहू, प्रेम साहू, उद्धव साहू, चंद्रा घृतलहरे, वंदना सिस्टर, प्रिया सिस्टर, विमला कैवर्त्य, पूजा डहरिया, ट्विंकल पटेल, माधुरी साहू, मनीषा, सविता, पुष्पा सहित सभी लोगों की उपस्थिति रहा।

कुनकुरी मुस्लिम समाज ने स्टेट टॉपर सिमरन के घर पहुंचकर दी मुबारकबाद, की उज्ज्वल भविष्य की कामना

सदर खालिद सिद्दिकी ने कहा, मंजिल मिलने तक रुकना नहीं हम सभी आपके साथ हैं

पायनियर संवाददाता ⮜ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय जशपुर निवासी सिमरन शब्बा जिसने छत्तीसगढ़ बोर्ड परीक्षा के 10वीं कक्षा में 99.50 प्रतिशत हासिल कर पूरे प्रदेश में पहला स्थान हासिल कर जिला का नाम रोशन किया है। सिमरन की इस ऐतिहासिक सफलता से मुस्लिम समाज का नाम भी ऊंचा हुआ है। दूर दूर से शिक्षाविद और समाज के लोग सिमरन को बधाई देने पहुंच रहे हैं। इसी कड़ी में रविवार को कुनकुरी मुस्लिम समाज के पदाधिकारी सिमरन से मिलने उसके घर पहुंचे और फूलों का गुलदस्ता देकर उसे मुबारकबाद दिया। इस दौरान अंजुमन इस्लामियां के सदर खालिद सिद्दिकी ने कहा, निश्चित ही सिमरन की यह उपलब्धि संपूर्ण जिलावासियों के लिए गौरव का पल है। उन्होंने सिमरन को उज्जवल भविष्य के लिए बधाई देते हुए कहा, मंजिल मिलने से पहले विराम नहीं लेना है। उन्होंने यह भी कहा, भविष्य में उच्च शिक्षा हासिल करने के दौरान हर संभव मदद के लिए समाज खड़ा है। मुबारकबाद देने कुनकुरी से हाजी सईद असदकी, सेराज राही, एडवोकेट अरहम सिद्दिकी, सरफुद्दीन कुरैशी, अकील अंसारी, एडवोकेट फिरोज खान, इरफान अंसारी सिमरन शब्बा के घर आए थे।

बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने स्वर्ण बिन्दु प्राशन संस्कार आज

पायनियर संवाददाता ⮜ कोरबा
www.dailypioneer.com

चलो आयुर्वेद की ओर मिशन के तहत बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए बच्चे रहे स्वस्थ योजनान्तर्गत डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा द्वारा श्री शिव औषधालय एम.आई.जी 20, आर.पी.नगर फेस 2 निहारिका में दिनांक 13 मई 2024 सोमवार को अति शुभ पुष्य नक्षत्र में आयुर्वेदिक इम्यूनाईजेसन प्रोग्राम के तहत स्वर्ण बिन्दु प्राशन संस्कार प्रातः 10 बजे से कराया जायेगा।चलो आयुर्वेद की ओर मिशन के तहत प्रतिमासानुसार इस माह में भी बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए ष्बच्चे रहे स्वस्थष् योजनान्तर्गत डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा द्वारा श्री शिव औषधालय एम.आई.जी 20, आर.पी.नगर फेस 2 निहारिका में 13 मई 2024 सोमवार को अति शुभ पुष्य नक्षत्र में आयुर्वेदिक इम्यूनाईजेसन प्रोग्राम के तहत स्वर्ण बिन्दु प्राशन संस्कार कराया जायेगा। जिसमें जन्म से लेकर 18 वर्ष तक के बच्चो को स्वर्ण बिन्दु प्राशन ड्रॉप्स पिलाकर आयुर्वेद पद्धति से टीकाकरण किया जाएगा। साथ ही बच्चों के स्वास्थ्य का निशुल्क चिकित्सकीय परीक्षण करने के साथ बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिये बच्चों को एवं उनके अभिभावकों को बच्चों की आयुनुसार उनके लिए उपयोगी आहार विहार के विषय मे विस्तार से जानकारी देने के साथ उनके लिए उपयोगी योग प्राणायाम का भी निशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा।

डिप्टी रेंजर से नाराज ग्रामीणों ने लात घूंसों से की पिटाई, फिर मारते मारते थाने लेकर पहुंचे

पायनियर संवाददाता ⮜ लोरमी
www.dailypioneer.com

विवादित डिप्टी रेंजर की ग्रामीणों ने घेरकर पिटाई कर दी। यही नहीं पिटाई के बाद डिप्टी रेंजर को पुलिस के हवाले भी कर दिया। मामला खुडिया वन परीक्षेत्र का है। दरअसल पांच दिन पहले डिप्टी रेंजर ने आदिवासी युवक की बेरहमी से पिटाई कर दी थी। इस घटना के बाद से ही ग्रामीण डिप्टी रेंजर प्रबल दुबे से नाराज चल रहे थे। इसके बाद ग्रामीण मौके की ताक में थे, ऑफिस में डिप्टी रेंजर के मिलते ही ग्रामीणों ने पहले तो उनकी पिटाई की गई और फिर उन्हें मारते हुए खुडिया पुलिस चौकी लाया गया।ग्रामीणों का आरोप था कि डिप्टी रेंजर ग्रामीणों को काफी परेशान करता है कुछ दिन पहले उसने एक आदिवासी युवक की भी पिटाई कर दी थी। उन्होंने डिप्टी डेंजर के खिलाफ कार्यवाही की भी मांग की है। डिप्टी रेंजर का लोरमी के सामुदायिक अस्पताल में इलाज चल रहा है।

अटल आवास में निवासरत परिवारों की समस्या को सुने नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक

- जेसीबी व पालिका सफाई कर्मचारी की मदद से सफाई कार्य कराया गया

पायनियर संवाददाता ⮜ कवर्धा
www.dailypioneer.com

नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक ने कवर्धा शहर के वार्ड क्रमांक 17 स्थित घुघरी अटल आवास में पहुंचकर साफ -सफाई कार्यों का जायजा लिया व उनकी समस्याओं को सुना। वार्ड क्रमांक 17 घुघरी अटल आवास में निवासरत परिवार लोगो ने बताया कि सफाई नहीं होने के कारण बदबू से परेशान रहते हैं जिसके कारण लोग भी बीमार हो रहे हैं तत्काल साफ -सफाई करने की जरूरत है नपा अध्यक्ष मनहरण कौशिक ने उनके बातों व समस्याओ को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जेसीबी व सफाई कर्मचारियों की मदद से अटल आवास परिसर का साफ सफाई कराया गया। साफ-सफाई हो जाने से वहाँ निवासरत परिवारों ने नगर पालिका टीम को धन्यवाद दिया। साथ में भाजपा कार्यकर्ता चीकू सिन्हा भी उपस्थित रहे।

गंगानगर नाले की हुई सफाई-नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक ने बताया कि डिप्टी सीएम विजय शर्मा के नेतृत्व में कवर्धा शहर का विकास होगा। गंगानगर से होकर गुजरने वाले गुरुनाला का साफ सफाई कराया गया । विभिन्न वार्डो में निर्मित छोटी बड़ी नालियों से होकर बहने वाली पानी बड़े गुरु नाला में आकर मिलता है गुरुनाला में जलीय पौधे निकल आये है साथ मलबे को फेंक दिया गया है जिसके कारण नाला पट चुका था जिसका साफ सफाई किये जाने हेतु नाला में जेसीबी मशीन को उतारकर सफाई कार्य कराया गया।

दंतैल हाथियों से रहें दूर, वन विभाग ग्रामीणों को कर रहा सतर्क

पायनियर संवाददाता ⮜ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

वन मंडल बलरामपुर के राजपुर वन परिक्षेत्र के बीट रेवतपुर खोखनिया, जामदोहर कुंदी, बडोली, चाची, धंधापुर, अखौरा जवाखार में तीन नर दतैल जंगली हाथी लगातार विचरण कर रहे हैं। हाथियों से ग्रामीणों को दूरी बनाए रखने एवं सावधान रहने की समझाईस देते उप वन मण्डलाधिकारी राजपुर रविशंकर श्रीवास्तव एवं वन परिक्षेत्राधिकारी महाजन लाल साहू राजपुर मय स्टाफ सहित लगातार हाथी प्रभावित क्षेत्र में दौरा कर लोगों को समझाइश दे रहे हैं की जिस रास्ते से हाथी जा रहे हैं उनके रास्ते में अवरोध उत्पन्न ना करें। पटाखा ना फोड़े उनके सामने टॉर्च ना जलाएं, इससे हाथी उग्र हो जाते है जिससे वे अप्रिय घटना को अंजाम देते है जो दुखदाई होता है। तेंदू पत्ता संग्रहण करने वाले ग्रामीणों आमजनों को जिस इलाके में हाथी विचरण कर रहे हैं उस तरफ ना जाएं तथा हाथियों से दूरी बनाए रखें । लगातार सलाह दे रहे हैं, वन अधिकारयों द्वारा बताया जा रहा है की सरकार द्वारा नियम बनाए गए हैं। उचित मुवावजा भी दिया जाता है जन हानि, धन हानि होने पर अधिकारयों का पूरा प्रयास रहता है की जन हानि ना होने पाए इसलिए हाथियों से उचित दूरी बनाए रखें।

धर्मांतरण-गौ तस्करी और धर्म रक्षा के लिए संघर्षों को मजबूत बनाने धमतरी जिले से

60 से ज्यादा बजरंगी प्रशिक्षण लेने रायपुर पहुंचे

पायनियर संवाददाता ⮜ धमतरी
www.dailypioneer.com

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल धमतरी द्वारा लगातार पूरे जिले में सक्रियता से समाज सेवा. धर्म रक्षा. गौ रक्षा. गौ सेवा और समाज जागरण का कार्य किया जा रहा है। मोहन साहू प्रांतीय अधिकारी के मार्ग दर्शन एवं संदीप अग्रवाल के नेतृत्व में आज विश्व हिंदू परिषद. . बजरंग दल धमतरी समाज में सेवा के क्षेत्र में जिले भर में अपना एक अलग स्थान और पहचान बनाने मे सफ़ल रहा है जिससे पूरे जिले भर मे हजारों की संख्या में युवा वर्ग.माताएं.बहनें और गणमान्य नागरिक विश्व हिंदू परिषदब्रजरग दल से लगातार जुड़कर कार्य करने को आगे आ रहे हैं सभी युवा वर्ग को प्रशिक्षित करने और समाज में सेवा देने के लिए अलग अलग समय पर बजरंग दल द्वारा प्रशिक्षण दिया जाता है जो वर्तमान में यह प्रशिक्षण वर्ग रायपुर जिले में लगाया गया है। जिसमे पूरे छत्तीसगढ़ राज्य से बजरंगी प्रशिक्षण लेने पहुंचे जिसमे धमतरी जिले से 60 से ज्यादा बजरंगी देश. धर्म और समाज की सेवा के लिए मजबूती से कार्य करने हेतु प्रशिक्षण लेने पहुंचे हैं। विंश्व हिंदू परिषद के जिलाकार्यकारी अध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर ने जिले के सभी कार्यकर्ताओं से बजरंग दल के प्रशिक्षण के लिए आह्वान किया और कहा मातृभूमि का ऋण चुकाने के लिए सिर्फ साहस और शौर्य की नहीं बल्कि सही प्रशिक्षण की भी आवश्यकता है जिसमे आप सभी शस्त्र और शास्त्रों के साथ एकता और अनुशासन का भी ज्ञान ले सकेए उनके आह्वान से प्रेरित होकर सैकडों की संख्या में बजरंगी प्रशिक्षण वर्ग में सम्मिलित होने तैयार हुए जिनमें से लगभग 60 से 70 युवाओं का चयन कर धनेली रायपुर के लिए प्रशिक्षुओं को रवाना किया गया। विहिप जिलामंत्री रामचंद देवांगन ने बताया कि जिले से अलग अलग समय में बजरंगी बड़ी संख्या में प्रशिक्षण के लिए जाते हैं ए और आज जिले भर मे हजारों की संख्या में बजरंग दल के प्रशिक्षत बजरंगी भाई धर्म रक्षा और समाज सेवा में संगठन के साथ मिलकर मजबूती के साथ अपना कर्तव्य निभा रहे हैं आज भी धमतरी जिले से लगभग 70 के करीब बजरंगी प्रशिक्षण लेने रायपुर के लिए रवाना हुए है जो प्रशिक्षण के बाद देश धर्म और समाज में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएंगे। बजरंग दल का प्रशिक्षण लेने डाकेश्वर कुमार धमतरी, पोषण साहू सेनहभाठा, रजनीकांत देवांगन बेलरगांव, तुषार साहू, कलार तराई, गौरव साहू पचपेड़ी, कुंजबिहारी साहू मुरा, सारांश ठाकुर धमतरी, लेखराज साहू अंगारा, पार्थ प्रजापति बेलरगांव, छत्रपाल साहू मगरलोड, तोरण निषाद सिलतरा, देवेन्द्र साहू जोरातराई, सुभाष कुमार पठार, मुकेश कुमार पठार, सेवक रामपटेल हसदा वेदव्यास साहू हसदा, पीतांबर बोरसी दीपक सोनी कोसमर्रा, महेंद्र ध्रुवंशी भेंडरवानी, ढालेश्वर साहू भेंडरवाणीद्ध गेलेश्वर ध्रुवंशी, भेंडरवानी नेमचंद साहू, देवपुर के साथ जिले भर के बजरंगी रायपुर पहुंचे हैं।

छत्तीसगढ़ में युवती ने की आत्महत्या

पायनियर संवाददाता ⮜ दुर्ग
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के नंदनी थाना अंतर्गत गोढ़ी गांव में युवती ने आग लगाकर खुदकुशी कर ली। भिलाई के लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला में पोस्टमार्टम के बाद रविवार को युवती का शव परिजनों को सौंप दिया गया। नंदिनी पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक विद्या श्रीवास (19) दो बहन और एक भाई हैं। पिता खेती किसानी और मजदूरी का काम करते हैं। शनिवार को विद्या की मां अपनी छोटी बेटी के साथ किसी काम से बाहर गई थी। पिता भी काम पर निकल गए थे। भाई खेलने गया था। विद्या घर पर अकेली थी। अचानक क्या हुआ उसने घर में रखे मिट्टी के तेल को उठाया और अपने ऊपर छिड़कर खुद को आग लगा ली। उसकी चींख पुकार सुनकर आसपास के लोग दौड़े। जब तक वो उसे बचाते वह पूरी तरह से जल गई थी। लोगों ने घर का दरवाजा तोड़कर विद्या को बाहर निकालकर अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

लाईव विडयो बनाकर नाबालिग ने किया सुसाईड

सूरजपुर। जिले के जयनगर थाना क्षेत्र में एक युवक ने लाइव विडियो बनाते हुए सुसाइड कर लिया है। मृतक के सुसाईड का वीडियो सामने आया है, जिसको लेकर क्षेत्र में सनसनी फैली हुई है। मिली जानकारी के सूरजपुर जिले के जयनगर थाना क्षेत्र के महावीरपुर गांव में एक नाबालिक लड़के ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली और इसका लाइव वीडियो बनाया जो कि सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। अभी तक आत्महत्या के कारण का पता नहीं चल सका है। बताया जा रहा है कि घटना के बाद परिजन नाबालिक को अंबिकापुर जिला अस्पताल ले गए थे।

28 साल से टीवी इंडस्ट्री में एक्टिव हैं मौली गांगुली

टेलीविजन एक्ट्रेस मौली गांगुली इन दिनों सीरियल जननी- AI की कहानी में नजर आ रही हैं। पिछले 28 साल में एक्ट्रेस कहीं किसी रोज, कुसुम, नच बलिए, सूर्यपुत्र कर्ण जैसे कई हिट शोज में काम कर चुकी हैं। हालांकि, उनकी मानें तो टेलीविजन का आज का दौर काफी चिंताजनक है। इंटरव्यू में मौली ने बताया कि कैसे ओटीटी प्लेटफॉर्म की वजह से टीवी का चार्म धीरे-धीरे खत्म होते जा रहा है। कई मेकर्स को शो शुरू होने के कुछ ही महीने बाद उसे बंद करन पड़ रहा है। बातचीत के दौरान, उन्होंने अपने करियर में बॉलीवुड फिल्में ठुकराने के पीछे की वजह भी बताई।

कॉम्पिटिशन बहुत बढ़ गया है

ऑडियंस अब पूरी तरह से डिवाइड हो चुकी है। ओटीटी प्लेटफार्म पर भी कई अलग-अलग चैनल हैं। जो टेलीविजन के ऑडियंस थे, उसमें से ज्यादातर ने ओटीटी का रुख कर लिया है। कॉम्पिटिशन बहुत बढ़ गया है। एक वक्त था जब टेलीविजन का अपना चार्म था। घर-घर में टीवी शोज चला करते थे, लेकिन अब ये चार्म धीरे-धीरे खत्म हो रहा है जो कि चिंताजनक भी है।

मेकर्स कुछ बदलाव लाने का सोचें, इससे पहले ही शो बंद हो जाता है

आजकल लोगों में पेशेंस बहुत कम हो गया है। रील्स की दुनिया में लोग इंतजार करना ही नहीं चाहते। उनमें पेशेंस बिलकुल नहीं हैं। हमारे शो कहीं किसी रोज के शुरूआती 3 महीने तो, ऑडियंस ने शो के जॉनर को समझने में ही लगा दिए थे। इस दौरान, वे ये जानना चाहते थे कि हमारा शो थ्रिलर है या हॉरर। 3 महीने बाद, शो क्लिक हुआ। आज के दौर में, 3 की रेटिंग भी बड़ी मानी जाती है। दुर्भाग्यवश, अब दर्शक अपना वक्त नहीं देते। मेकर्स कुछ बदलाव लाने का सोचें इससे पहले ही शो बंद हो जाता है।

फिल्मों की दुनिया में बिल्कुल फिट नहीं बैठती

शुरुआत में मुझे फिल्मों के ऑफर्स आए थे, लेकिन बॉलीवुड एक अलग दुनिया है। साथ ही कपड़े, स्क्रिप्ट, शिफ्ट्स आदि को लेकर कई रिजर्वेशन भी थे। वहीं, टेलीविजन में मैं अपने हिसाब से काम चुन सकती हूं। कुल मिलाकर, मैं फिल्मों की दुनिया में बिलकुल फिट नहीं बैठती।

कहीं किसी रोज के सीक्वल के बारे में सुना, लेकिन...

हाल ही में मैंने सुना कि हमारे शो कहीं किसी रोज का सीक्वल आने वाला है। हालांकि, सच ये है कि इसकी मुझे कोई जानकारी नहीं। यदि ऐसा होता है तो बहुत अच्छी खबर होगी। जाहिर है, लीड रोल हम तो बिल्कुल नहीं निभा पाएंगे। नई कास्ट के साथ ही ये शो बन पाएगा।

बैड न्यूज में शामिल हुई अनन्या पांडे, मेहमान भूमिका में आएंगी नजर

लम्बे समय से आदित्य राय कपूर के साथ अपने रिश्ते को लेकर चर्चाओं में रही अभिनेता चंकी पांडे की बेटी अनन्या पांडे दर्शकों के सामने अपनी पिछली फिल्म खो गए हम कहाँ में नजर आई थीं। इस फिल्म को सीधे ओटीटी पर प्रदर्शित किया गया था। दर्शकों ने इस फिल्म को खास पसन्द किया था, विशेष रूप से युवाओं ने। अब अनन्या पांडे एक बार फिर से चर्चाओं में हैं। एक तो वह आदित्य के साथ अपने ब्रेकअप को लेकर चर्चा पा रही हैं, वहीं दूसरी ओर उन्हें करण जौहर ने अपनी अगली फिल्म बैड न्यूज में मेहमान भूमिका निभाने के लिए साइन किया है। इस फिल्म में विक्की कौशल और तृप्ति डिमरी मुख्य भूमिकाओं में हैं। विक्की कौशल और तृप्ति डिमरी के फैन उनकी फिल्म 'बैड न्यूज़' का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। विक्की की पिछली फिल्म 'सैम बहादुर' और तृप्ति की 'एनिमल' थी। खास बात ये है कि दोनों फिल्में पिछले साल 1 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और बॉक्स ऑफिस पर सफल रहीं। बहरहाल 'बैड न्यूज़' को लेकर नई अपडेट ये है कि इस फिल्म से एक्ट्रेस अनन्या पांडे भी जुड़ गई हैं। इसके साथ ही अनन्या के किरदार से भी पर्दा उठ चुका है। ई-टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म में अनन्या मेहमान भूमिका में नजर आएंगी। उन्होंने इस फिल्म की शूटिंग पहले ही पूरी कर ली है। अनन्या एक लोकप्रिय फिल्म स्टार की भूमिका निभाएंगी। उनका किरदार कहानी में ट्विस्ट लाएगा। पंजाबी गायक एमी विर्क भी फिल्म का अहम हिस्सा हैं। फिल्म 19 जुलाई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म के निर्देशक आनंद तिवारी और प्रोड्यूसर करण जौहर हैं। अनन्या की बात करें तो उनकी पिछली फिल्म खो गए हम कहां थी। इन दिनों वह कंट्रोल की शूटिंग में बिजी हैं।

नोरा के नारीवाद को बकवास कहने वाले कमेंट पर भड़कीं ऋचा

ऋचा चड्ढा संजय लीला भंसाली की फिल्म हीरामंडी- द डायमंड बाजार में अपने अभिनय के लिए प्रशंसा बटोर रही हैं। अभिनेता ने नेटफ्लिक्स सीरीज में लज्जो का किरदार निभाया है। कम स्क्रीन टाइमिंग के बावजूद अभिनेत्री दर्शकों के बीच अपनी अमिट छाप छोड़ने में कामयाब रही हैं। अब हाल ही में ऋचा ने एक इंटरव्यू में नोरा के महिला सशक्तिकरण वाले बयान पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। आइए जानते हैं कि अभिनेत्री ने क्या कहा है। एक नए साक्षात्कार में , जब ऋचा से नोरा फतेही की महिला सशक्तिकरण को लेकर हालिया टिप्पणी के बारे में पूछा गया, जहां उन्होंने कहा था कि महिलाएं पालन-पोषण करने वाली होनी चाहिए। इस पर अभिनेत्री ने कहा कि वह इस बात से पूरी तरह सहमत नहीं हैं। ऋचा का मानना है कि महिलाओं को यह बताने की बिल्कुल भी जरूरत नहीं है कि उन्हें क्या करना चाहिए और क्या नहीं। ऋचा ने कहा, नारीवाद के बारे में अच्छी बात यह है कि यह उन लोगों को स्वीकार करता है ,जो नारीवाद के लाभ चाहते हैं, लेकिन नारीवादी होने से इनकार करते हैं। नारीवाद की वजह से ही कोई महिला अपना करियर बना पाती है, चुन पाती है, जो मन चाहे वह पहन पाती है, वह काम करती है, जहां वह स्वतंत्र होना चाहती है। इसलिए महिलाओं के यह बताना की उन्हें क्या करना चाहिए, यह काफी गलत है। ऋचा ने आगे कहा, सभी भूमिकाओं को लिंग भूमिकाओं के रूप में नहीं, बल्कि उन्हें एक इंसान के रूप में परिभाषित करना चाहिए। मैं इस बात से पूरी तरह सहमत नहीं हूं कि महिलाओं को ऐसा ही होना चाहिए और नारीवाद सच में बकवास है। मुझे यह सोचकर भी अजीब सा लग रहा है कि लोग ऐसे भी बयान देते हैं। यह सब तब शुरू हुआ जब नोरा फतेही ने एक शो में कहा था, नारीवाद। मैं इस बकवास पर विश्वास नहीं करती। असल में, मुझे लगता है, नारीवाद ने हमारे समाज को पूरी तरह से बर्बाद कर दिया है...नारीवाद युग ने अब बहुत से पुरुषों का भी ब्रेनवॉश कर दिया है।

संजय लीला भंसाली की सादगी पर फिदा हैं मनीषा

अभिनेत्री मनीषा कोइराला इन दिनों सुर्खियों में बनी हुई हैं। वे संजय लीला भंसाली के भव्य शो हीरामंडी में मल्लिकाजान की भूमिका में नजर आ रही हैं। दर्शकों को इस शो में उनका किरदार काफी पसंद आ रहा है। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान मनीषा अपनी फिल्म खामोशी- द म्यूजिकल के बारे में बातें करती नजर आई। इस फिल्म का निर्देशन भी संजय लीला भंसाली ने ही किया था।

संजय हैं सादादिल इंसान

मनीषा कोइराला ने कई साल बाद एक बार फिर से संजय लीला भंसाली के साथ हीरामंडी में काम किया है। जब उनसे पूछा गया कि उन्हें निर्देशक में कुछ बदलाव महसूस होता है क्या। इस सवाल के जवाब में वे कहती हैं, उनके आसपास और उनके लिए बहुत कुछ बदल गया है, लेकिन वे अब भी वैसे ही हैं। संजय जरा भी नहीं बदले हैं। उनमें एक सादगी जो खामोशी के वक्त मैंने महसूस किया था वो आज भी है। जब मनीषा कोइराला से संजय लीला भंसाली के गुस्सैल स्वभाव के बारे में पूछा गया तब उन्होंने कहा, पहले ये बताइए गुस्सा किसे नहीं आता। मुझे आता है और मैं करती हूं। हम सब इंसान हैं। पता है दिक्कत क्या है हम मान लेते हैं कि जो मशहूर हैं वे गुस्सा नहीं कर सकते हैं। उन्हें परफेक्ट होना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं होता है। गुस्सा, हंसना-रोना सब इंसान होने की निशानी है और संजय भी इंसान हैं।

अनन्या से ब्रेकअप के महीने भर बाद सारा अली खान से जुड़ा आदित्य रॉय कपूर का दिल?

बॉलीवुड के गपशप गलियारों में अटकलें चल रही हैं कि एक्टर आदित्य रॉय कपूर और सारा अली खान शहर के सबसे हॉट नए जोड़े हो सकते हैं। नए सिंगल हंक को उनके डायरेक्टर अनुराग बसु के बर्थडे पर सारा अली खान के साथ देखा गया था, जो फिल्म मेट्रो... इन दिनों में उनकी को-स्टार भी हैं। निर्देशक बुधवार को अपना बर्थडे मना रहे थे और उन्होंने अपना खास दिन अपने कुछ करीबी दोस्तों के साथ मनाया, जिनमें उनकी आगामी फिल्म के लीड एक्टर्स भी शामिल थे। पार्टी से एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें डायरेक्टर अपने मेहमानों को जन्मदिन का केक देने के लिए उनके पास पहुंचते दिख रहे हैं। दोनों के वहां एक साथ होने से उनके कथित अफेयर के बारे में अटकलें तेज हो रही हैं। जबकि कुछ का मानना है कि दोनों सिर्फ एक फिल्म के लिए साथ हो सकते हैं, दूसरों ने यह कहते हुए इसे खारिज कर दिया कि वे सिर्फ को-एक्टर्स हैं।

मेट्रो इन दिनों की कास्ट

एक फैन ने कहा, वे मेट्रो 2 को एक साथ फिल्मा रहे हैं। यह करण के शो में अनन्या वाले एपिसोड के साथ भी सामने आया था। स्ड्डड्ड सारा अली खान और आदित्य रॉय कपूर अनुराग बसु की आगामी फिल्म मेट्रो... इन दिनों में ऑन-स्क्रीन कपल का रोल करेंगे, जो अब 13 सितंबर, 2024 को रिलीज होगी। यह फिल्म अनुराग बसु की 2007 की फिल्म लाइफ इन ए मेट्रो का सीक्वल है। मेट्रो इन दिनों में अनुपम खेर, नीना गुप्ता, पंकज त्रिपाठी, कोंकणा सेनशर्मा, अली फज़ल और फातिमा सना शेख जैसे कलाकार शामिल होंगे।

अनन्या पांडे के साथ ब्रेकअप

मेट्रो... इन दिनों पहले दिसंबर 2023 में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी, लेकिन इसे 29 मार्च, 2024 तक बढ़ा दिया गया है। बता दें कि जो क्लिप वायरल हुई है उसमें एक तरफ दो खड़े लोग आदित्य और सारा बताए जा रहे हैं। क्लिप में निर्देशक को आदि के मुंह में केक फेंकने का इशारा करते हुए भी देखा जा सकता है। दूसरी तरफ, आदित्य ने कथित तौर पर अनन्या पांडे के साथ अपना 2 साल का रिश्ता खत्म कर दिया है। दूसरी ओर, सारा अपने रोमांस के बारे में बढ़ती दिलचस्पी के बाद अपनी लव लाइफ को सीक्रेट रख रही हैं।

जॉन-बिपाशा के साथ अपने रिश्तों पर बोले डीनो

अभिनेता डीनो मोरिया का जब भी जिक्र होता है उनके साथ जॉन अब्राहम और बिपाशा बसु का भी नाम आ ही जाता है। ऐसा माना जाता था कि जॉन और डीनो मोरिया के बीच में बिपासा को लेकर प्रतिद्वंद्विता थी, लेकिन पिछले दिनों डीनो इस विषय पर खुलकर बातें करते नजर आए। उन्होंने वर्षों पुरानी गलतफहमी को सबके सामने साफ कर दिया। आइए आपको बताते हैं डीनो मोरिया ने अपने और जॉन के रिश्ते को लेकर क्या कुछ कहा है। डीनो मोरिया और जॉन अब्राहम ने मॉडलिंग से फिल्मों की ओर एक साथ रुख किया था। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान जब डीनो से उनके और जॉन के रिश्तों के बारे में सवाल किया गया तब वे बोले, सबसे पहले तो मैं एक चीज साफ कर देना चाहता हूं कि कभी भी जॉन को लेकर मेरे मन में प्रतिद्वंद्विता नहीं थी। हम तब भी दोस्त थे और आज भी हैं। पिछले दिनों मैंने उसे कॉल किया था कि साथ में ड्राइव पर चलते हैं। डीनो मोरिया आगे कहते हैं, लोगों को लगने लगा था कि उनकी वजह से बिपाशा से मेरा ब्रेकअप हो गया है, लेकिन यह सच नहीं था। जॉन के आने से काफी पहले हमारा रिश्ता खत्म हो चुका था।

'आवेशम' के डॉन फहद फाजिल करेंगे हिंदी फिल्मों का रुख!

मलयामल फिल्म अभिनेता फहद फाजिल भारतीय सिनेमा के बहुमुखी अभिनेताओं में से एक हैं। हाल ही में रिलीज हुई उनकी फिल्म 'आवेशम' को काफी पसंद किया गया। इस फिल्म में उन्होंने एक गुंडे का किरदार निभाया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक 'आवेशम' इस साल आठवीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली दक्षिण भारतीय फिल्म है। अब एक साक्षात्कार में फहद ने हिंदी सिनेमा में काम करने की इच्छा जाहिर की है।

5 साल पहले मिला था हिंदी फिल्म का ऑफर

फहद फाजिल मलयालम के अलावा तमिल और तेलुगु सिनेमा में भी अपना हाथ आजमा चुके हैं। उन्होंने अभी तक एक भी हिंदी फिल्म नहीं की है। हाल ही में, दिए गए एक साक्षात्कार में उन्होंने बताया कि लगभग पांच-छह साल पहले एक बार विशाल भारद्वाज ने उनसे बॉलीवुड फिल्म के लिए संपर्क किया था। हालांकि, कुछ कारणों की वजह से बात नहीं बन पाई। बातचीत के दौरान अभिनेता ने कहा, 'मेरे पास हिंदी फिल्म की जो पहली स्क्रिप्ट आई थी। मैंने उसके लिए हां कह दिया था। यह पांच-छह साल पहले की बात है। विशाल भारद्वाज उसे सही जगह नहीं रख सके। आखिरकार उन्हें वह फिल्म किसी और अभिनेता के साथ करनी पड़ी और तब तक मैं आगे बढ़ चुका था।'

हिंदी फिल्में करने की जताई इच्छा

साक्षात्कार के दौरान जब फहद फाजिल से पूछा गया कि क्या वह कभी हिंदी फिल्में करेंगे? इस पर अभिनेता ने कहा, 'मैं बहुत कम हिंदी समझता हूं। इसलिए मुझे फिल्म में किसी दक्षिण भारतीय की भूमिका निभानी होगी। मैं हिंदी फिल्में करने के लिए तैयार हूं। मैंने तेलुगु फिल्में की हैं, तमिल फिल्में की हैं। इसलिए मैं हिंदी फिल्में भी करना चाहता हूं, लेकिन मुझे नहीं पता मैं ये कब करूंगा।' अभिनेता ने बातचीत के दौरान साझा किया कि बॉलीवुड के निर्देशक और निर्माता करण जौहर सहित बॉलीवुड के कई अभिनेताओं के साथ उनके दोस्ताना रिश्ते हैं। उन्होंने कहा कि केजेओ अक्सर उनकी फिल्में देखने के बाद उन्हें फोन करते हैं।

भाभी जी की छोटे पर्दे पर होगी वापसी, इस शो में आएंगी नजर!

छोटे पर्दे की भाभी जी यानी शिल्पा शिंदे लंबे वक्त से पर्दे से दूरी बनाए हुए हैं। खबर आ रही है कि वह खतरों के खिलाड़ी 14 का हिस्सा हो सकती हैं। झलक दिखला जा 10 के दौरान चैनल के साथ उनका कुछ झगड़ा हो गया था। उन्होंने इंस्टाग्राम पर जज करण जौहर और नोरा फतेही की आलोचना की थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक करीब दो साल बाद शिल्पा का चैनल के साथ विवाद खत्म हो गया है। वहीं, खतरों के खिलाड़ी 14 इन दिनों खूब सुर्खियों में बना हुआ है।

विश्व नर्स दिवस पर कार्यक्रम आयोजित कर नर्सों को किया गया सम्मानित

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ शाखा भिलाई 3 ने विश्व नर्स दिवस एक कार्यक्रम आयोजित कर नर्सिंग संवर्ग में कार्यरत नर्सों को उनके सेवा भाव, लगन, कर्तव्य निष्ठा मरीजों की देखभाल रोगियों के प्रति समर्पण भाव के लिए सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेडिकल आफिसर भुवनेश्वर कुमार कठौतिया ने कहा कि चिकित्सक का कार्य नर्सिंग संवर्ग के बिना अधूरा है। मरीजों के देखभाल स्वास्थ्य लाभ में इनकी भूमिका महत्वपूर्ण है अध्यक्षता कर रहे छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के महामंत्री सैय्यद असलम ने कहा कि फ्लोरा नाइट एंगल की स्मृति में हर वर्ष नर्स दिवस मनाया जाता है उन्होंने बताया कि परिचायका (नर्स) की आवश्यकता अवधारणा को प्रथम रूप में उन्होंने स्वयं मरीज की सेवा कर एक कोर्स पाठ्यक्रम तैयार कर नर्सिंग की स्कूल चालू कर विश्व पटल पर नर्सिंग कैडर तैयार किया नर्सें की भूमिका, सेवा को पहले ही लोगों जानते रहे लेकिन कोविड काल में पुनः विश्व की जनमानस ने नर्सों की सेवाएं की भली-भांति स्वीकार किया है। प्रज्ञा कुशवाहा आर एम ए ने कहा कि हम सभी एक सूत्र में बंधे हैं लेकिन नर्सिंग स्टाफके बिना वो अधूरी है कार्यक्रम में स्टाफ नर्स रंजना गजभिए, सोनल मेहर, पोमेश साहू, आकांक्षा, मेल नर्स गुलशन खलखो ओर फील्ड से नर्सिंग संवर्ग के आर विश्वास एल एच व्ही, स्वास्थ्य संयोजिका गण अनसुईया साहू, उषा वर्मा, शांता पाटिल, वेगु गवेल, संध्या वर्मा, पद्मावती स्वामी, वर्षा सुल्हेरे, देवीला चंद्राकर, राज विजय लक्ष्मी, कु नीना चक्रवर्ती, सरस्वती ठाकुर, पी शर्मा को प्रशस्ति पत्र गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में डा अर्चना पांडेय, यशवंत साहू, जितेन्द्र पटेल, जे कौर विरदी,जे डी मानिकपुरी, कुमेश साहू, शमीम ओर प्रतिभा वर्मा कांति विभोर, शकुन साहू, सतरूपा, सुनीता बिनिया उपस्थित रहे।

आनंद साहू को कलेक्टर ने किया सम्मानित 95.83 परसेंट लाकर गांव का नाम रोशन किया

जिले में चौंथा स्थान हासिल किया आनंद साहू हाई स्कूल कोलेगांव

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

विकासखंड पंडरिया के शास हाई स्कूल कोलेगांव कक्षा दसवीं वार्षिक परीक्षा परिणाम 2024 बेहतर रही। जिसमें आंनद साहू 95.83% लाकर कक्षा में प्रथम स्थान हासिल किया और साथ ही जिला स्तरीय टाप टेन रैक में चौथे रैंक हासिल कर पुरे कोलेगांव क्षेत्र के लिए मिशाल कायम कर अपने माता-पिता के नाम रोशन किया और साथ-साथ हमारे कोलेगांव का भी नाम रोशन किया जिस पर संस्था प्राचार्य सुकील राम साहू व शिक्षक राजेश साहू, संतोष डहरिया, लक्ष्मी कांत कश्यप तथा सोनी ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनकी उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी और साथ ही साथ आनंद साहू को बधाई दिया और कहां की जो हमारे ग्राम कोलेगांव का नाम रोशन किया अगर कोई भी विद्यार्थी को कलेक्टर ने सम्मानित किया गया जो जिले में चौथे स्थान हासिल किया तो समझो पूरा गांव का सम्मान बढ़ गया गांव का नाम रोशन किया और उसके उज्जवल भविष्य की कामना किया हाई स्कूल कोलेगांव में कुल दर्ज 52 विद्यार्थी में 51 छात्र उत्तीर्ण हुए जिसमें 26 बच्चों ने प्रथम श्रेणी से तथा 25 बच्चों ने द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए जो विद्यालय उत्तीर्ण प्रतिशत 98.07% रही। 01 पूरक के लिए पात्र हैं।

अब तक 3130 डाक मतपत्र प्राप्त हुए

दुर्ग। लोकसभा निर्वाचन 2024 में संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 07 दुर्ग के अंतर्गत निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात मतदाताओं, दिव्यांग, 85 प्लस मतादाताओं एवं अनिवार्य सेवा में तैनात मतदाताओं का मतदान डाक मतपत्र के माध्यम से संपन्न हुआ है। संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 07 दुर्ग में मुख्य जिला दुर्ग एवं परिक्षेत्र जिला बेमेतरा शामिल है। डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान दुर्ग एवं बेमेतरा जिला में संपन्न हुआ, जिसमें निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात मतदाताओं हेतु सुविधा केन्द्र के माध्यम से जिला दुर्ग में 1995 एवं जिला बेमेतरा में 359 कुल 2354 डाकमत प्राप्त हुआ। विशेष गठित मतदान दल द्वारा दिव्यांग, वृद्ध (85 प्लस) मतदाता के लिये उनके घर पहुंचकर डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराया गया, इस श्रेणी में जिला दुर्ग में 305 एवं जिला बेमेतरा में 13 डाकमत प्राप्त हुआ है। अपर कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी डाक मतपत्र दशरथ राजपूत से प्राप्त जानकारी अनुसार भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अनिवार्य सेवा के मतदाताओं को अतिरिक्त सुविधा प्रदान करते हुए उन मतदाताओं को पोस्टल वोटिंग सेंटर (पीवीसी) से मतदान कराया गया।

बैकुंठधाम भिलाई मे 18 मई को भोजपुर गौरव सम्मान समारोह का भव्य आयोजन

छग में भोजपुरी सस्कृतिक के समृद्ध करने वाले हस्तियों का चयन हुआ

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com

छग भोजपुरी परिषद की महत्वपूर्ण बेठक इंडियन काफी हाउस सुपेला भिलाई में परिषद के प्रदेश अध्यक्ष प्रभुनाथ बैठा की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई। जिसमे 18 मई को बेकुठधाम कैम्प 2 वार्ड 32 भिलाई मे रात्रि 8 बजे से भव्य भोजपुर गौरव सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। जिसके अतिथि कार्यक्रम स्वरूप को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। कार्यक्रम में उप्र बिहार के मशहूर दो दलीय चैता का आयोजन तय हो गया है। छग भोजपुरी परिषद के मिडिया प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा ने बताया की दो दलीय चेता मे जंगी मुक़ाबला के तहत आरा के ब्यास सुरेंश तिवारी व बलिया के ब्यास सुरेन्द्र सिह के बीच रात भर ऐतिहासिक मुकाबला होगा। साथ ही भोजपुर गौरव सम्मान हेतु नाम का चयन किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में छग भोजपुरी परिषद के प्रदेश अध्यक्ष प्रभुनाथ बैठा, सचिव बी पी सिंह, कोषाअध्यक्ष सुभाष शर्मा, मिडिया प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा, निशिकांत शर्मा, वीरेन्द्र यादव, रतनकुमार पोद्दार, सन्तोष कुमार शाह, मृत्युजय भगत, सहित अन्य भोजपुरी परिषद के पदाधिकारी व सदस्य गण उपस्थित थे। बैठक का संचालन बी पी सिह ने किया।

क्रीड़ा एवं मनोरंजन परिषद द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

दल्लीराजहरा। क्रीड़ा एवं मनोरंजन परिषद लौह अयस्क समूह दल्ली राजहरा के द्वारा आयोजित रंगारंग सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया है। जिसके तहत भिलाई नगर का सुप्रसिद्ध जुनून आर्केस्ट्रा जिसमें अंचल के सुप्रसिद्ध गायक प्रभंजन चतुर्वेदी पीटी उल्लास कुमार एवं भालचंद्र शेगेकर एवं सुप्रियो सेन अपनी सूमधुर आवाज में प्रस्तुति देंगे। यह कार्यक्रम 14 मई 2024 दिन मंगलवार को संध्या 7: 30 बजे सप्तगिरि पार्क दल्ली राजहरा के सेंटर लान में आयोजित किया जा रहा है। कलाकारों के द्वारा बेहतरीन नए एवं पुराने गानों की प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए एवं जुनून आर्केस्ट्रा के मधुर संगीत का आनंद लेने के लिए क्रीड़ा एवं मनोरंजन परिषद भिलाई इस्पात संयंत्र समूह दल्ली राजहरा के द्वारा समस्त राजहरा एवं आसपास ग्रामों के संगीत प्रेमियों को आमंत्रण किया गया है।

दल्लीराजहरा के माईन्स के कार्य करने वाली कम्पनी द्वारा श्रम कानूनों का उल्लंघन

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

दल्लीराजहरा के माईन्स के कार्य करने वाली कम्पनी द्वारा श्रम कानूनों का उल्लंघन किया जा रहा हैं व बेरोजगार युवकों को रोजगार देने के नाम पर अवैध वसूलीकर शोषण किया जा रहा हैं। भाजपा राजहरा मंडल के अध्यक्ष राकेश द्विवेदी ने कहा कि अधिकारी पी.बिज्जू (एजीएम परियोजना) द्वारा कार्य करने वाले स्थानीय ठेका श्रमिको के साथ दोयम दर्जे का व्यवहार किया जाता हैं उनके साथ अभद्रता एवं दुर्व्यवहार एवं गाली - गलौज किया जाता हैं। इस कम्पनी के अधिकारी द्वारा माइंस में ठेका श्रमिको के रूप में रोजगार देने के नाम पर रूपये 50.000/- से 1.00000/- लेने के बाद कार्य पर लगााने के लिए स्थानीय बेरोजगार युवको से वसूली की जा रही हैं। कम्पनी के अधिकरियों एवं बीएसपी प्रबधंन के अधिकारियों की सांठगांठ के कारण इनकी हर गलती पर पर्दा डाला जाता हैं। माईस में कार्यरत, कम्पनी के कर्मचारी कुशल, अर्धकुशल, अकुशल कर्मचारियों के असंगत वेतन का भुकतान किया जाता है। मांग करने पर कार्य से निकालने की धमकी दी जाती हैं। अकुशल कर्मचारी को 7000 से 9000 अर्धकुशल कर्मचारी को 11000 से 13000 एवं कुशल कर्मचारी 14000 से 17000 रूपये की राशि का मांसिक भुगतान किया जाता हैं जो कि शासन के द्वारा निर्धारित राशि से बहुत कम है। कम्पनी द्वारा माइंस में ठेका श्रमिकों को दासा एवं अन्य माइंस एलाउंस नहीं दिया जाता। उन ठेका श्रमिको व कर्मचारी का वेतन भी समय पर नहीं दिया जाता हैं। कम्पनी में दल्लीराजहरा एवं आसपास के ग्रामीणों को रोजगाार उपलब्ध न कराकर, बाहर से श्रमिकों को लाकर फर्जी तरीके से गेट के अंदर भेजकर काम कराया जाता हैं।

भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश द्विवेदी द्वारा विषय की गंभीरता को देखते हुए सीजीएम माइंस को पत्र लिखकर अवगत कराया एवं श्रमिकों की समस्याओं का निराकरण कराने एवं विषय की गंभीरता को देखते हुए निपक्ष रूप से जांच समिति बनाकर जांच कराई जाएं। कम्पनीयां जो माइंस के अंतरर्गत कार्यरत हैं। सभी की जांच की रिपोर्ट हमारे साथ साझा किया जाए। दल्ली राजहरा के स्थानीय बेरोजगार नौजवानों को कार्य में बरीयता प्रदान की जाएं। अन्यथा शोषण एवं भष्ट्राचार के खिलाफ व रोजगार देने के लिए, हम आन्दोलन करने के लिए बाध्य होगे। इसके लिए बीएसपी प्रबधन की स्वयं की जिम्मेदारी होंगी।

कक्षा-10वीं एवं 12वी बोर्ड परीक्षा का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

श्री सांई शिशु मंदिर उ. मा. वि. दल्ली राजहरा के कक्षा-10वीं एवं 12वी बोर्ड परीक्षा का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा10 वी में देव प्रसाद प्रथम तथा कक्षा 12वीं में कुमारी अर्चना चक्रधारी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर साल को गौरवान्वित किया। कक्षा दसवीं एवं कक्षा 12वीं के प्रथम पांच विद्यार्थियों का परिणाम इस प्रकार से है जिसमें कक्षा दसवीं में प्रथम देव प्रसाद 96.16 प्रतिशत द्वितीय वेद प्रकाश निर्मलकर 91.5 प्रतिशत तृतीय कुनिकिता साहू 86.83 प्रतिशत चतुर्थ ओम साहू 84.66 प्रतिशत पंचम तुपार नेताम 80.83 प्रतिशत षष्ठम कु. वेशमा यादव 80.33 प्रतिशत

इसी तरह कक्षा 12वीं में

प्रथम कु. अर्चना चक्रधारी 86.2 प्रतिशत द्वितीय कु. योगिता सेन 81.8 प्रतिशत तृतीय कु. अनिशा शाह 81.4 प्रतिशत चतुर्थ - आकाश निर्मलकर 80.6 प्रतिशत पंचम . जया 77 प्रतिशत 10 वी एवं 12 वी बोर्ड परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले समस्त छात्र/छात्राओं को विद्यालय शिक्षा समिति एवं समस्त विद्यालय स्टाफकी ओर से बहुत-बहुत बधाई एवं उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी ।

समापन के दिन स्काउट गाइड के द्वारा किया गया शरबत का वितरण

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

भारत स्काउट्स एंड गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉक्टर सोमनाथ यादव, राज्य सचिव कैलाश सोनी के निदेशानुसार तथा जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे एवं विकास खंड शिक्षा अधिकारी अरूण कुमार खरे के मार्गदर्शन एवं जिला सचिव सत्यनारायण साहू, जिला संगठन आयुक्त स्काउट फ्नेन्द्र लोधी, विकासखंड सचिव हिरउ राम ध्रुव के नेतृत्व में सेजस बेमेतरा, बालक बेमेतरा, सेजस देवकर, सेजस कठिया, राजीव ओपन रोवर क्रू बेमेतरा, माँ भद्रकाली ओपन रेंजर टीम बेमेतरा के रोवर रेंजर द्वारा 09 अप्रैल से अलग अलग जगहों माँ भद्रकाली मंदिर परिसर, बस स्टेशन, कठिया, देवकर, देवरबीजा में प्याऊ घर खोला गया था। जिसका समापन आज 10 अप्रैल को बस स्टेशन बेमेतरा में किया गया। जिसमें आने जाने वाले राहगीरों को मिठा शरबत का वितरण किया गया। इस अवसर पर महेश साहू (जिला प्रशिक्षण आयुक्त), उद्धव साहू स्काउट मास्टर, रेवा राम साहू, दुबे मेडिकल स्टोर का विशेष सहयोग रहा। साथ ही रोवर रेंजर को जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे के द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

एसपी ने ली राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारी विवेचक की समीक्षा बैठक

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के द्वारा बेमेतरा जिले के थानो में पंजीबद्ध धोखाधडी व आईटी एक्ट से संबंधित अपराधों के संबंध में राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारी व विवेचक की समीक्षा बैठक लिया गया। जिसमें थानो में पंजीबद्ध धोखाधडी व आईटी एक्ट से संबंधित प्रकरणों के संबंध में थानावार संबंधित अपराधों की जानकारी लेकर जल्द से जल्द निकाल करने हेतु मामलो में यथाशीघ्र विवेचना पूर्ण कर फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। उक्त बैठक में एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, थाना बेरला प्रभारी निरीक्षक विवेक पाटले, थाना खम्हरिया प्रभारी उप निरीक्षक राकेश साहू, थाना साजा प्रभारी उप निरीक्षक राजकुमार साहू, थाना नवागढ प्रभारी उप निरीक्षक भुनेश्वर यादव, थाना चंदनू प्रभारी उप निरीक्षक यशवंत जंघेल, पुलिस चौकी देवकर सउनि द्वारिका प्रसाद घृतलहरे, स्टेनो सउनि (अ) अजय कुमार देवांगन, एसपी रीडर सउनि विष्णु सप्रे, सउनि कंवल नेताम, सउनि भलेतिनुस पन्ना, सउनि दीनाथान सिन्हा, सउनि जितेन्द्र कश्यप, प्रधान आरक्षक राजकुमार चौबे, महिला प्रधान आरक्षक बालमती नायक एवं अन्य थाना/चौकी प्रभारी व विवेचकगण सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

चेतावनी के बाद भी कार्य धीमी गति पर, जेके कंस्ट्रक्शन को नोटिस

पायनियर संवाददाता ➤ रिसाली
www.dailypioneer.com

चेतावनी के बाद भी निर्माण कार्य धीमी गति से करने पर आयुक्त मोनिका वर्मा नाराजगी जाहिर की। उन्होंने जेके कंस्ट्रक्शन को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। आयुक्त मोनिका ने निगम क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण की। दरअसल जेके कंस्ट्रक्शन को समय सीमा में कल्याणी मंदिर के सामने चल रहे सामुदायिक भवन निर्माण कार्य को पूर्ण करने निर्देश निगम ने जारी किया था। निरीक्षण के दौरान खुलासा हुआ कि जिस गति से निर्माण कार्य चल रहा है, वह मानसून के पहले पूरा नहीं हो सकता। इसे देख आयुक्त ने लापरवाह ठेकेदार को नोटिस जारी करने निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त वार्ड 30 , स्टेशन मरोदा और नेवई में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण की। आयुक्त मोनिका मार्निंग विजिट में पहले वार्ड 30 लक्ष्मी नगर पहुंची। यहां 20 लाख की लागत से कर्मा माता चौक का निर्माण किया जा रहा है। आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान कार्य को 15 जून से पहले पूर्ण करने के निर्देश दिए।

वेस्ट मटेरियल से बनाए शेड

इस बीच आयुक्त टंकी मरोदा एस एल आर एम सेंटर पहुंची। कचरा अलग अलग करने स्वास्थ्य विभाग ने शेड निर्माण की आवश्यकता पर जोर दिया। आयुक्त ने हर डिमांड के लिए पैसे खर्च करने बल न देकर जुगाड से शेड बनाने कहा। उन्होंने कहा कि कार्यालय में रखे पुराने पाइप और टीन शेड का उपयोग कर शेड बनाया जाए।

बच्चों के साथ-साथ अब वयस्कों को भी बीसीजी का टीका लगाया जाएगा

जिला स्तर से बीसीजी का टीका लगाने चलेगा अभियान तैयारियां शुरू, जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्य सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत एक नई पहल किया जा रहा हैं। बीसीजी का टीकाकरण अब बच्चों के साथ -साथ वयस्कों (18 वर्ष से ऊपर के वयस्कों) को भी बीसीजी (बेसिलस कैलमेट गुएरिन नामक) का टीकारण लगाया जायेगा। बीसीजी री वेक्सिनेशन पूर्व प्रशिक्षण राज्य कार्यालय से आए राज्य स्तरीय प्रशिक्षक डॉ रेणुका प्रसन्ना, डॉ अनुप्रिया दुबे एवं जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ शरद कोहाड़े द्वारा जिला कार्यालय प्रशिक्षण हॉल सीएमएचओ कार्यालय में दिया गया। कलेक्टर रणवीर शर्मा ने जिला के स्वास्थ्य विभाग के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को आवश्यक तैयारी का निर्देश दिए, साथ ही जरूरी कार्य योजना समय पर बनाने बोला गया है । मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस आर चुरेंद्र एंव जिला स्वास्थ्य अधिकारी सह-जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी डॉ.अशोक कुमार बंसोड़, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. शरद कोहाड़े ने बताया कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 1 जुलाई से 3 सितंबर तक बीसीजी का री- वैक्सीनेशन का चलेगा अभियान। जिसके के अंतर्गत निम्न मानदंड 18 या उसके ऊपर व्यक्ति जो निम्न मानदंड को पूरा करते हैं पहले प्राथमिकता के रूप में टीकाकरण किया जाएगा ,ऐसे व्यक्ति जिनको पिछले 5 वर्ष में एक बार भी टीबी हुवा हैं, ऐसे व्यक्ति जिनका टीबी मरीज के साथ पिछले 3 वर्ष में संपर्क हुवा हो,ऐसे व्यक्ति जिनकी उम्र 60 वर्ष या उससे अधिक है, ऐसे व्यक्ति जो धूम्र पान करते है या पहले कभी करते थे, ऐसे व्यक्ति जो टीबी मरीजों के क्लोज कांटेक्ट में हैं, ऐसे व्यक्ति जिनको मधुमेह है, और ऐसे व्यक्ति जिनका बॉडी मास इंडेक्स 18 किलो ग्राम-प्रति वर्ग मीटर से कम हैं।मानव शरीर का सामान्य 18.5 से 25 तक होता हैं, उपरोक्त मानदंड के व्यक्ति को बीसीजी का री-वेक्सिनेशन किया जाना हैं। लक्ष्य के मुताबिक राज्य को टीबी रोग से मुक्त दिलाने के लिए यह पहल किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में खंड चिकित्सा अधिकारी बेरला डॉ.जितेन्द्र कुंजाम, बीएमओ नवागढ़ डॉ.एमएम रजक, जिला डाटा मैनेजर, जिला स्टोर प्रभारी टीकाकरण, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर लोकेश साहू, यशवंत चंद्राकर, पंकज कुमार आडिल, चंद्र कुमार देवांगन, ब्लॉक डाटा मैनेजर विष्णु चंद्राकर, तेज साहू रवि कुमार डाण्डे, ब्लॉक- वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक पूरन दास, प्रमोद साहू, गिरधर देवांगन, दिनेश साहू, यशवंत भारद्वाज, सम्पति बंजारे, सतीश सेन, अनुराधा तिवारी, मितानिन कार्यक्रम के जिला समन्वयक ललिता मेरावी, देवेंद्र नामदेव, भूमिका वर्मा, सुनील पात्रे सहित समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थिति थे।

आरक्षक ने खुद पर चलायी सर्विस रायफल से गोली, गंभीर हालत में इलाज के लिए बिलासपुर रेफर, मामले की जांच में जूटी पुलिस

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिला मुख्यालय स्थित इंदिरा नगर मोहल्ले में रहने वाला एक पुलिसकर्मी ने खुद की शासकीय रायफल से गोली मारकर जान लेने की कोशिश की। गंभीर रूप से घायल पुलिस जवान को निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टरो ने उसकी हालत को देखते हुए तत्काल बिलासपुर अपोलो अस्पताल रिफर कर दिया है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस के आलाअधिकारियों के साथ साथ पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल भी पहुंचे। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक इंदिरा नगर रिया पारा क्षेत्र में रहने वाला सन्नी मालाकार रायगढ़ पुलिस लाईन में आरक्षक के पद पर पदस्थ है। रविवार की दोपहर उसने खुद पर सर्विल रायफल से गोली चला ली। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद गंभीर हालत में उसे निजी अस्पताल लाया गया। जहां उसकी स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने बिलासपुर अपोलो अस्पताल रेफर कर दिया है। पारिवारिक कारण हो सकती है वजह- बताया जा रहा है कि पुलिसकर्मी ने खुद पर गोली चलायी वह पारिवारिक कारण हो सकता है। बताया जा रहा है कि घायल पुलिस जवान के पिता भी पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पदस्थ हैं। घटना के बाद पुलिस अधीक्षक सहित पुलिस के अन्य अधिकारी भी अस्पताल पहुंच गए और पुलिस द्वारा जांच के लिए पुलिस जवान के घर को सील कर दिया गया है। मामले में आगे की जांच की जा रही है।

प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आयी है कि पारिवारिक कारणों के कारण उसने खुद पर गोली चलायी है और पुलिस द्वारा उसके घर को सील कर मामले की जांच की जा रही है। गोली उसके सीने के उपर लगी है और उसे यहां अस्पताल में भर्ती कराया गया था और उसकी हालत अभी नॉर्मल है जिसके कारण उसे बेहतर उपचार के लिए अपोलो भेजा गया है।

-दिव्यांग पटेल
पुलिस अधीक्षक, रायगढ़

युवक की हत्या मामले के तीन आरोपी गए जेल

आरोपियों ने मारपीट कर की थी युवक की हत्या

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

खरसिया पुलिस द्वारा 09 मई को ग्राम भेलवाडीह में युवक दीपक पटेल की मारपीट कर हत्या करने वाले तीन आरोपी संतोष पटेल, अजय पटेल और संतोष की पत्नी रामेश्वरी पटैल को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है। मिली जानकारी के मुताबिक आरोपियों द्वारा पुरानी रंजीश को लेकर नौ मई की रात दीपक पटेल को लोहे के रॉड, बांस के डण्डा और लात मुक्कों से मारपीट कर चोट पहुंचाये थे। मारपीट में गंभीर चोट आये दीपक को डायल 112 द्वारा नजदीकी अस्पताल खरसिया लाकर भर्ती किया गया था। प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टर द्वारा दीपक पटेल को रिफर करने पर उसके परिवार वाले खरसिया से अपेक्स अस्पताल रायगढ़ में ले जाकर भर्ती किए थे जहां उपचार दौरान दस मई की सुबह करीब तीन बजे दीपक की मौत हो गई। घटना के संबंध में मृतक दीपक के चचेरे भाई नागेन्द्र पटेल निवासी ग्राम सिंघनसरा थाना सक्ती जिला सक्ती की रिपोर्ट पर थाना खरसिया में आरोपियों पर धारा 302, 294, 323, 34 आईपीसी का अपराध कायम कर तत्काल पुलिस टीम द्वारा आरोपी संतोष पटैल पिता मनोहर पटैल उम्र 46 वर्ष निवासी भेलवाडीह थाना खरसिया, अजय पटैल पिता गोविंद राम पटैल उम्र 36 साल निवासी छोटे मुड़पार थाना खरसिया, रामेश्वरी पटैल पति संतोष पटैल उम्र 30 वर्ष भेलवाडीह थाना खरसिया को हिरासत में लिया गया। आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार किया है जिनसे घटना में प्रयुक्त लोहे का रॉड, बांस का डंडा जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

8 जून को कोलकाता शहर में अग्रवाल समाज की 32 विभूतियां होगी सम्मानित

सक्ति। अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन केंद्रीय मुख्यालय कोलकाता के तत्वाधान एवं वृहत्तर कोलकाता इकाई के आतिथ्य में प्रथम अंतर्राष्ट्रीय अग्र विभूति अलंकरण समारोह - 2024 का आयोजन आगामी दिनाक-08 जून 2024,स्थान..होटल हिंदुस्तान इंटरनेशनल 235/1आचार्य जगदीश चंद्र बोस रोड कोलकाता 700020 में किया गया है, तथा उपरोक्त कार्य म में जहां 15 अप्रैल तक पूरे विश्व में निवासरत अग्रवाल समाज के बंधुओ से 32 अलग-अलग क्षेत्र में उनके सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए उन्हें सम्मानित करने हेतु आवेदन मंगाए गए थे।

72 सदस्यों के साथ दुबई की यात्रा पर रवाना हुआ छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन का प्रतिनिधिमंडल

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

छ.ग.प्रांतीय अग्रवाल संगठन का सेमिनार दुबई मे आयोजित है, इस हेतु संगठन के 72 सदस्यो का रक प्रतिनिधि मंडल 11 मई को दुबई रवाना हुआ,इस यात्रा का प्रमुख उद्देश्य आबूधाबी में नवनिर्मित मंदिर में भगवान के दर्शन करना एवं दुबई में रह रहे अग्रवाल बंधुओं की स्थिति एवं उनके द्वारा किये जाने वाले व्यवसाय से संबंधित जानकारी लेना है, उपरोक्त प्रतिनिधिमंडल छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल राजू बिलासपुर के संयोजन में रवाना हुआ है, तथा इससे पूर्व भी संगठन द्वारा विदेशों की अनेक यात्राएं की जा चुकी हैं, तथा इस यात्रा का प्रमुख उद्देश्य विदेश में रह रहे अग्रवाल समाज के बंधुओ से मिलना तथा वहां सामाजिक गतिविधियों को मजबूत करना है, एवं 11 मई को रवाना हुए इस प्रतिनिधि मंडल द्वारा सर्वप्रथम दुबई में नवनिर्मित आबू धाबी के मंदिर में दर्शन किया जाएगा जिसे कि विगत महीनो भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्राण प्रतिष्ठा कर लोकार्पित किया गया था, इस धार्मिक यात्रा के आयोजन से अग्रवाल समाज काफी उत्साहित है,यात्रा करने वालो में अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्षः सियाराम अग्रवाल, प्रांतीय चेयरमेन अशोक अग्रवाल, अध्यक्ष नेतराम अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष अशोक मोदी एंव यात्रा के संयोजक राजेंद्र राजु अग्रवाल, महामंत्री मनोज अग्रवाल, संरक्षक महेन्द्र सक्सेरिया, उपाध्यक्ष सुधीर बंसल, मंत्री आशा बंसल, किरण मोदी सहित छ.ग. प्रदेश के समस्त जिलों से संगठन के पदाधिकारीगण एवं सदस्यगण है, विदित हो कि छ.ग. प्रांतीय अग्रवाल संगठन एक प्रमुख समाजसेवी संगठन है, एवं इस संगठन के द्वारा सामाजिक कार्य करने के साथ साथ इस प्रकार की यात्राओ का आयोजन भी किया जाता रहता है, ताकि समाज के लोग इससे

सक्ती का समर्पण सुशीला सेवा संस्थान 3 वर्षों से गर्मी में दे रहा लोगों को जल की सेवा

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

लगातार तीन वर्षो से लोगों की प्यास बुझा रहा समर्पण सुशीला सेवा संस्थान, ग्रीष्म काल के आरंभ होते ही लोगों को होने वाली समस्या अक्सर प्यास या पानी की होती है,मिनटों मिनटों में गला सूखने लगता है जैसे जैसे धूप बढ़ती है पसीना छूटता है और प्यास बढ़ती जाती है, और ऐसे समय मे जरूरत होती है ठंडे पानी की एक गिलास ही सही उतने में बहुत अच्छा महसूस होने लगता है,आत्मिक शांति मिलती है इसी प्यास को बुझाने और गर्मी से राहत देने के लिए समर्पण सुशीला सेवा संस्थान द्वारा विगत तीन वर्षो से नानक बूट हॉउस के सामने एवं झुलकदम सक्ती मे गुड्डा देवांगन के घर के पास प्याऊ लगाया गया जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिल सके,इसमें सेवा देने हेतु संस्था से जुड़े सदस्यों में रवि राजपाल, रवि शंकर श्रीवास, कृष्णा देवांगन, हितेंद्र श्रीवास,विनोद शंकर सोनी, पंकज महार, श्याम अवतार साहू, तरुण श्रीवास, गिरिजा शंकर श्रीवास, अशोक श्रीवास, रमाकांत श्रीवास, संजय साहू, विनोद राठौर, संजय गुप्ता, संजय बंजारे ,सूरज बनाफर , सनत साहू, गुड्डा देवांगन, प्रेम देवांगन, टिंकू देवांगन, प्रकाश देवांगन, शुभम् पटेल, ओम प्रकाश ठाकुर के द्वारा बहुत ही सराहनीय प्रयास किया जा रहा है, ज्ञात हो की इस संस्था द्वारा जल सेवा के साथ-साथ वर्ष भर विभिन्न रचनात्मक कार्य भी किए जाते हैं, जहां ठंड के समय में जरूरतमंदों को रेलवे स्टेशन सहित अन्य क्षेत्रों में जाकर निशुल्क कंबल का वितरण किया जाता है, तो वही दीन- दुखियों, गरीबों की सेवा भी की जाती है।

लिटिल फ्लावर इंग्लिश मीडियम स्कूल के बच्चों ने बोर्ड परीक्षाओं में किया बेहतर प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

जिले के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान लिटिल फ्लावर इंग्लिश मीडियम स्कूल के छात्रों ने 10वीं एवं 12वी बोर्ड परीक्षाओ में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किए है, जिसमे कक्षा 10 वी में प्रथम अग्रवाल (93.50) , खुशबू देवांगन (91.33), मानसी महंत (90.66), रिद्धिमा यादव (90), विनायक अग्रवाल (89.83), गीता राठौर (89.33), सारांश अग्रवाल (89.17), गुंजन चंद्रा (89), प्रिंस कुमार (87.33), बोनी देवांगन (87), दक्ष देवांगन (86.33), मेघा अग्रवाल 86.33, ऋषभ देवांगन (86), यजुशी देवांगन (85.83), तृप्ति देवांगन (80.33),आर्यन अग्रवाल (80) अंक अर्जित किये, वही लिटिल फ्लावर इंग्लिश मीडियम स्कूल में कक्षा 12 वी खुशी अग्रवाल (90.2),पायल देवांगन (89.4), जयप्रकाश देवांगन (86.6), प्रियांशी यादव (86.6), सूर्य प्रकाश लहरे (85.6), स्वेता देवांगन (84), शाइमा खान (82) अनुपमा पाण्डेय (78), मोहम्मद आफान शेख (77), गौरव अग्रवाल (71.2)इन बच्चों ने अपने परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, विद्यालय के डायरेक्टर तेजप्रकाश उपाध्याय एवं मोहम्मद अनीस अरमान ने कहा है कि लिटिल फ्लावर इंग्लिश मीडियम स्कूल शक्ति जिले का सर्वश्रेष्ठ शिक्षण संस्थान है, जहां वर्ष भर विभिन्न अध्ययन- अध्यापन के अलावा सांस्कृतिक एवं खेलकूद की गतिविधियां भी संचालित होती है।

नाबालिगों को सोल्यूशन बेचने वाले पर पुलिस ने की कार्रवाई

- पुलिस को छापेमारी में साइकिल पंचर बनाने वाले दुकान पर मिला था सोल्यूशन की खेप

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़. शनिवार की सुबह थाना जूटमिल में स्थानीय रहवासी आकर थाना प्रभारी निरीक्षक मोहन भारद्वाज को हीरो होंडा शोरूम के पास रश्मि साइकिल स्टोर के संचालक सुनील अग्रवाल द्वारा मोहल्ले के लड़कों जिसमें नाबालिग भी शामिल है उन्हें सोल्यूशन बेचने की शिकायत किया गया और बताए कि लड़के इस सोल्यूशन का उपयोग सूंघ कर नशे के रूप में कर रहे हैं। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी तत्काल अपने स्टाफ और शिकायकर्ताओं को लेकर रश्मि साइकिल स्टोर में दबिश दिए। जहां संचालक सुनील अग्रवाल से नाबालिगों को सोल्यूशन बेचने के संबंध में पूछताछ करने पर सुनील अग्रवाल उग्र होकर कार्यवाही का विरोध करने लगा। थाना प्रभारी द्वारा अनावेदक सुनील अग्रवाल पिता रेखचंद अग्रवाल उम्र 38 वर्ष निवासी जूटमिल होंडा शोरूम के पास थाना जूटमिल के कृत्य पर धारा 151 सीआरपीसी के तहत प्रतिबंधक कार्यवाही कर एसडीएम न्यायालय पेश किया गया है। थाना प्रभारी द्वारा उन्हें सायकल पंचर बनाने के काम में आने वाले सोल्यूशन की बड़ी खेप मिली। थाना प्रभारी द्वारा दुकान शिकायतकर्ताओं को आगे यदि इस प्रकार की गतिविधियां होने पर तत्काल सूचित करने कहा गया है।

ईट लाल भट्टी के संचालक हो रहे हैं लाल

पायनियर संवाददाता ➤ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

नवीन जिला सक्ति को बने डेढ़ वर्ष बीतने को है लेकिन यहां गौण खनिज के अवैध कारोबार करने वालों के प्रति कार्यवाही के नाम पर जिला प्रशासन का कोई खास कदम देखने को नहीं मिला है। बात चाहे महानदी किनारों के जिले भर से अवैध रेत बिना परमिट के परिवहन का हो या फिर अवैध डोलोमाइट उत्खनन एवं परिवहन का मामला हो चाहें अवैध तरीके से लाल ईट का कारोबार हो इन सभी मामलों में खनिज विभाग हो या फिर राजस्व विभाग दिखावे की कार्यवाही के नाम पर सिर्फ खाना पूर्ति कर देते हैं और वाहवाही बटोरते हैं। ताज्जुब की बात यह है कि इन सभी अवैध काला कारोबारियों की जानकारी होने बाद भी जांच को अधर में लटका देते हैं। शायद इन अवैध कारोबारियों से मिलीभगत कर चढ़ावा रूपी प्रसाद लेकर पल्ला झाड दिया जाता है जिससे ज़िम्मेदार अधिकारीयों की कार्यशैलियों पर अनेकों सवाल जन्म लेते है। आपको बता दे हसौद तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत सेंद्री और बम्हनीडीह ब्लाक के बंसूला, जैजैपुर ब्लाक के चोरभट्ठी , मुक्ता लाखों के तादाद में रसूखदार व्यक्तियों द्वारा खनिज नियमों को ताक पर रख कर बिना किसी अनुमति के पिछले कई वर्षों से लाल ईट का अवैध कारोबार को बड़े आसानी से अंजाम देकर प्रति वर्ष शासन को करोड़ों का नुकसान पहुंचाया जाता है, जिसकी जानकारी स्थानीय जिम्मेदार अधिकारी से लेकर जिले के जिम्मेदार उच्च अधिकारी तक को बखूबी है। परन्तु प्रति वर्ष करोड़ों का चुनना लगाने वाले रसूखदार व्यक्तियों के काला बाजारियों के ऊपर नकेल कसने में नाकाम नजर आ रहे हैं या यू भी कहना लाजमी होगा कि सत्ता में बैठे नेताओं के दबाव में विभागीय अधिकारी अपने आंखों में पट्टी बांध बैठे हुए हैं।

राजनेताओं एवं ईट संचालकों के सिंडीकेट के आगे प्रशासनिक जिम्मेदार नतमस्तक

ईट का अवैध कारोबार करने वालों का सिंडीकेट इतना बड़ा और मजबूत है की उनका सपोर्ट और फंडिंग सीधा कुछ स्थानीय नेताओं को भी जाता होगा जिसके चलते विभागीय अधिकारियों के हाथ अभी तक अवैध लाला ईट के कारोबारियों के सिंडीकेट के किसी भी सदस्य के गिरेबान तक नहीं पहुंच सका है भले जिले में अनेकों उच्च अधिकारियों का आगमन क्यों न हुआ हो।

जिला प्रशासन की छबि धूमिल कर रहा खनिज विभाग के जिम्मेदार

सक्ति जिला में इन दिनों विभिन्न मामलों को लेकर खनिज विभाग की नाकामी पेपर में छाए हुए हैं।बावजूद इसके जिला प्रशासन में बैठे हुए अधिकारी इन मामलों को संज्ञान में लेकर कार्रवाई करने में रुचि नही दिखा रहे हैं।अब देखना होगा कि आखिर कब तक जिला प्रशासन चुप्पी साधे बैठे रहते हैं।

अनुनय कान्वेंट स्कूल के 10वीं 12वीं बोर्ड के परीक्षा परिणामो से अन्य विद्यालय भी ले रहे प्रेरणा

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

दसवीं में अनुनय कॉन्वेंट ने लहराया परचम लगातार तीसरे वर्ष राज्य की मेरिट सूची में स्थान बनाया, राहुल मेरिट सूची में,11 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किये,32 विद्यार्थी 80% से अधिक, 101 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में पहुंचे है, स्थानीय अनुनय कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल सक्ति में अध्यनरत विद्यार्थियों ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर से नगर का नाम पूरे प्रदेश में दर्ज कर दिया। छात्र राहुल कुमार गबेल पिता राजेश गबेल 97.2% अंकों के साथ प्रदेश के मेरिट सूची में स्थान बनाया। घनिष्ठ जायसवाल पिता सुरेश जायसवाल 94.5% इसने गणित में 100 अंक प्राप्त किया, देवांशी यादव पिता स्वर्गीय अजय यादव 94.2% इन्होंने संस्कृत में 100 अंक प्राप्त किया, पिया पटेल पिता सुरेंद्र पटेल 93.2% धीरज साहू पिता शत्रुघन साहू 91.8% साक्षी ठाकुर पिता मुन्ना ठाकुर 91.5% सोमेश राठौर पिता रामलाल राठौर 91.5% अनुराग सिदार पिता राधेश्याम सिदार 91.5% अंजली जायसवाल पिता सुरेश जायसवाल 91.2% कृष्णा पटेल पिता भोले शंकर पटेल 91.2% इन्होंने गणित में 100 अंक, निशा गबेल पिता हरीश गबेल 90%। इनके साथ-साथ निम्न बच्चे भी विशेष योग्यता के साथ प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुये,सागर साहू पिता प्रेम लाल साहू 89.5% पार्थिव पटेल 89.2% तीशा साहू 89% वैष्णवी गबेल 88.7% जानवी देवांगन 88.5% भावेश राठौर 88.3% तीशा साहू 86.3 % नेहा पटेल 86% दीक्षांशु चक्रधारी 85.8% मानसी जगत 85.7% निकिता कुर्रे 85.7% हर्ष कंवर 85.2 % उन्नति देवांगन 85% सोम्या देवांगन 83.8 % रोहन कुमार सारथी 82.2% चाहत पटेल 81.5% नवीन गबेल 81.5 %निखिल गबेल 81% नूतन देवांगन 79.5 % रिंकी देवांगन 79.5% समर अग्रवाल 79.2% चैतन्य देवांगन 78.7% रोहन बर्मन 78.7 % सिध्दांत जायसवाल 78.3 % भावी साहू 78% कृतिका चंद्रा 78% प्रवीण गबेल 78त्र हिमानी सिंह 77.5% ऋषभ बरेठ 77.5त्र तीनिश खैरवार 76.7% श्रुति राठौर 75.8% भावना चौहान 75% तेजेंद्र जायसवाल 75% नेहा साहू 75% स्वाती यादव 75% आदर्श गोयल 89.3 % प्रिया यादव 86.2 % कशिश साहू 80% पितांबर साहू 79.5%राकेश साहू 79.3 % तिलेश देवांगन 77.2 % जास्मीन 75% रहे। जशराज बरेठ 74.5% वंश जायसवाल 73% सिद्धार्थ देवांगन 72.7% अंकित पटेल 72.2% अग्रिम साहू 72% कशिश गबेल 72% कुशूम साहू 71.2त्र प्रतीक लहरे 71.2 चांद गबेल 71% शिवम गबेल 70.8 % पंकज राठौर 70.5% दिशा साहू 71.3% लियूश जायसवाल 70% अंकों के साथ उत्तीर्ण हुए तथा अपने परिवार विद्यालय एवं नगर का नाम रोशन किया।

पुलिस ने धोखाधड़ी के अपराध में दो ट्रक ड्रायवर, वाहन मालिक, ट्रांसपोर्टर, कबाड़ी समेत 05 आरोपियों को किया गिरफ्तार

प्लांटों में सप्लाई होने वाले पैलेट गोली में मिट्टी, डस्ट के मिलावट पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

पूंजीपथरा पुलिस ने स्थानीय प्लांटों में सप्लाई होने वाले पैलेट गोली में मिट्टी और डस्ट मिलावट के शिकायत पर सूक्ष्मता और विस्तृत जांच कर इस अवैध कारोबार में शामिल दो ट्रक ड्रायवर, वाहन मालिक, ट्रांसपोर्टर और एक कबाड़ी को गिरफ्तार किया है जिन्हें धोखाधड़ी के अपराध में पुलिस ने रिमांड पर पेश कर जेल भेजी है। थाना पूंजीपथरा में स्थानीय स्केनिया स्टील्स एण्ड पावर लिमिटेड कंपनी के एचआर संजीव साहू द्वारा आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराये कि सात मई को डैच् स्टील एण्ड पावर लिमिटेड जामगांव से वाहन में 48.890 मैट्रिक टन पैलेट गोली चालक राजू कुमार एवं वाहन 7431 में 51.080 मैट्रिक टन पैलेट गोली चालक प्रकाश यादव के द्वारा संतोषी रोड लाईन्स जूटमिल रोड रायगढ़ के माध्यम से स्केनिया प्लांट के लिए रवाना किया गया था। 08 मई को दोनों वाहन प्लांट पर अनलोडिंग किया गया। जिसे चेक करने पर वाहन में लोड़ पैलेट गोली में मिट्टी, डस्ट मिला हुआ था। आवेदन पर थाना पूंजीपथरा में दोनों ड्रायवरों पर धारा 407,420 आईपीसी दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी द्वारा मामले की विस्तृत जांच क्रम में फरार वाहन चालक राजू कुमार और प्रकाश यादव को तत्काल पतासाजी कर हिरासत में लिया गया जिनसे पूछताछ करने पर वे बताये कि वाहन स्वामी बिपिन सिंह, ट्रांसपोर्टर धीरज सिंह और स्केनिया प्लांट के लैब असिस्टेंट साकेत गुप्ता की मिली भगत से ट्रक में लोड पैलेट गोली को डनसेना ढाबा चिराईपानी के पास लाकर ढाबा संचालक छबि सिदार से मिलकर दोनों वाहनों से 5-5 टन पैलेट गोली जुमला 10 टन निकाले और उसके स्थान पर मिट्टी और डस्ट मिलाकर कांटा से वजन बराबर कराकर वाहन को प्लांट में अनलोड कर भाग गए थे। आरोपियों से 10 टन पैलेट गोली कीमती 1,30,000 रुपए का जप्त कर रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी प्लांट का लैब असिस्टेंट साकेत गुप्ता फरार है। पुलिस सरगामी से आरोपी की पतासाजी कर रही है।

ये हैं गिरफ्तार आरोपी-राजू कुमार कहार पिता स्वर्गीय हरि कहार उम्र 36 साल निवासी हरिगंवा थाना कांडी जिला गढ़वा (झारखंड) ओमप्रकाश यादव पिता हरे राम यादव उम्र 28 साल निवासी गिधा थाना दावत जिला रोहतास (बिहार) बिपिन सिंह पिता स्वर्गीय रासो सिंह उम्र 49 वर्ष निवासी कैराकादो थाना खैरा जिला जमुई (बिहार) धीरज सिंह पिता बिपिन सिंह उम्र 25 साल निवासी कैराकादो थाना खैरा जिला जमुई (बिहार) छबिलाल सिदार पिता स्वर्गीय जतक राम सिदार उम्र 35 साल निवासी खैरपुर थाना कोतरारोड़ जिला रायगढ़।

राहुल गबेल के मेरिट सूची में आने पर नेता प्रतिपक्ष महंत ने दी बधाई

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष एवं शक्ति विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ चरण दास महंत ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में मेरिट सूची में रहने वाले एवं सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रदेश भर के सभी विद्यार्थियों को अपनी ओर से बधाई शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की है, वही नेता प्रतिपक्ष महंत ने शक्ति विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस नेता साधेश्वर कुमार गबेल के नाती राहुल कुमार गबेल पिता राजेश कुमार गबेल माता रोशनी गबेल ग्राम पोस्ट जाजग के अनुनय कॉन्वेंट स्कूल शक्ति में कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा में टॉप टेन की सूची में 97.01% अंक अर्जित कर मेरिट सूची में स्थान बनाने पर फोन कर उन्हें बधाई प्रेषित की तथा नेता प्रतिपक्ष महंत ने साधेश्वर गबेल को फोन के माध्यम से कहा कि राहुल गबेल की यह सफलता हमारे पूरे विधानसभा क्षेत्र के लिए एक शिक्षा गौरव है, तथा इस विधानसभा क्षेत्र के सभी बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को भी मैं बधाई शुभकामनाएं देता हूं, तथा राहुल कुमार गबेल के मेरिट सूची में शामिल होने से हम सभी हर्षित हैं, तथा मेरी ओर से उनके आने वाले 12वीं बोर्ड की परीक्षा में भी वे मेरिट सूची में और अधिक अच्छा प्रदर्शन करें ऐसी कामना करता हूं, वहीं कांग्रेस नेता साधेश्वर प्रसाद गबेल ने भी नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत की इन शुभकामनाओं पर कहा है की महंत सदैव क्षेत्र की जनता के सुख-दुख में शामिल होते हैं।

अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर जिला अस्पताल में विविध कार्यक्रम

मरीजो की स्वास्थ्य, सेवा, सम्मान में नर्स की भूमिका महत्वपूर्ण : डॉ. एकता लंगेह

पायनियर संवाददाता ➤ कोरिया
www.dailypioneer.com

विश्व नर्सेज दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल, बैकुंठपुर में विविध कार्यक्रम आयोजित की गई थी। जिला अस्पताल के सभा कक्ष में के.बी. पटेल कॉलेज एवं नर्सिंग, सरभोका के नर्सिंग छात्राओ ने मरीजों के दिन-रात सेवा, आपातकाल में उनकी मदद के लिए हरदम तैयार रहने के सम्बंध में बहुत ही प्रेरणादायी गीत, नृत्य प्रस्तुत की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ.एकता लंगेह ने कहा कि किसी भी अस्पताल व स्वास्थ्य केंद्रों में नर्स की भूमिका महत्वपूर्ण होते हैं। जिस तरह से मरीजों की सेवा, स्वास्थ्य की देखभाल, सहयोग, समर्पित भाव से करते हैं वह सचमुच सराहनीय है। डॉ. लंगेह ने नर्सों को सम्मान करते हुए कहा कि आज अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर जिले के सभी नर्सों को बधाई देती हूँ, जो मानव सेवा, मरीजों, दुखियों की सेवा के लिए दिन-रात जुटी रहती है। सभी नर्सों को उनके चुनौती पूर्ण कार्य के लिए सलाम करती हूँ। इसके पहले उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डो का निरीक्षण किए, मरीजों से बातचीत किए और फ्रुट पॉकेट का वितरण भी किए। नर्सिंग छात्राओं ने सन 1853, 1890, 1975, 1960, 1995, 2004 व 2012 तक नर्सो के पहनावे में आए बदलाव पर जानकारी दिए साथ ही नृत्य व गीतों के माध्यम से मरीजो, रोगियों की सेवा भाव को प्रदर्शित भी किए। बता दें नोबल नर्सिंग सेवा की शुरुआत करने वाली फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्म दिवस पर हर साल दुनिया भर में 12 मई को अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस के रूप में मनाया जाता है। फ्लोरेंस का जन?म 12 मई सन् 1820 को हुआ था। जिंदगीभर बीमार और रोगियों की सेवा करने वाली फ्लोरेंस का अपना बचपन बीमारी और शारीरीक कमजोरी की चपेट में रहा। फ्लोरेंस नाइटेंगल के बारे में कहा जाता हैं, कि वह रात के समय अपने हाथों में लालटेन लेकर अस्पताल का चक्कर लगाया करती थी। उन दिनों बिजली के उपकरण नहीं थे, फ्लोरेंस को अपने मरीजों की इतनी फिक्र हुआ करती थी कि दिनभर उनकी देखभाल करने के बावजूद रात को भी वह अस्पताल में घूमकर यह देखती थी कि कहीं किसी को उनकी जरूरत तो नहीं है। नर्सिंग छात्राओं ने मरीजों को बेहतर इलाज, आपात समय में उपचार, जांच आदि कार्यों में डॉक्टरों की सहायक के रूप में कार्य करते हैं। इस कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय के मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर.एस. सेंगर, सिविल सर्जन डॉ. बंसरिया, नर्सिंग कॉलेज के प्राचार्य प्रियांशु सिंह थॉमस सहित बड़ी संख्या में नर्सिंग विभाग के अधिकारी, कर्मचारी व नर्स उपस्थित रहे।

बढ़ाईए भराई की दरें, महिला श्रमिकों की मंडी प्रशासन से मांग

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

है 90 पैसा प्रति कट्टा। वृद्धि अनिवार्य है। स्पष्ट जवाब नहीं मिलता देखकर महिला श्रमिकों ने भराई के काम से हाथ खींच लिया हैं। फलतः लगभग 20 से 25 हजार कट्टा धान प्रांगण में यूं ही पड़ा हुआ है। रबी फसल इस बरस किसानों के लिए परेशानी की वजह बन रही है। सब कुछ सही रहा लेकिन तैयार फसल का विक्रय टेढ़ी खीर बनी हुई है। कुछ दिन पूर्व प्रांगण के बजाय कृषि उपज बाहर बेचना पड़ा। 24 घंटे भी नहीं बीते कि अब एक नई परेशानी सामने आ चुकी है। भराई का काम बाधित होने के बाद अब किसान खुद यह काम कर रहे हैं।

बढ़ाईए भराई की दरें

90 पैसे प्रति कट्टा की दर में बढ़ोतरी की मांग कर रहीं महिला श्रमिकों का कहना है कि महंगाई को देखते हुए यह श्रम साध्य काम, इतनी कम दर पर नहीं किया जा सकेगा। भराई दर में वृद्धि की मांग के बीच जब संतोषजनक जवाब नहीं मिला, तो भराई का काम रोकना पड़ा। मंडी प्रशासन समझाता रहा लेकिन काम नहीं आई यह समझाईश।

किसान कर रहे भराई

परेशानी को दूर करने के, किए जा रहे प्रयास में सफलता नहीं मिलता देखकर अब किसान अपनी उपज की भराई खुद कर रहे हैं ताकि तौलाई का काम शीघ्रता से किया जा सके। रोज शाम बिगड़ता मौसम भी किसानों को इस काम के लिए आगे बढ़ा रहा है। हालांकि उपज की ढेर को सुरक्षित रखने के लिए तिरपाल की व्यवस्था किसानों ने की हुई है।

प्रांगण जाम

भराई नहीं हो पाने की वजह से प्रांगण पूरी तरह से जाम हो चुका है। नीलाम हो चुकी लगभग 20 से 25 हजार कट्टा कृषि उपज की भराई हर हाल में करनी होगी, तब ही सोमवार को होने वाली आवक के लिए जगह मिलेगी। इसलिए मंडी प्रशासन, महिला श्रमिकों से चर्चा कर गतिरोध दूर करने के साथ वैकल्पिक उपाय की भी तलाश में है।

चल रही वार्ता

महिला श्रमिकों से वार्ता का दौर चालू है। वैकल्पिक उपायों के तहत किसानों से अपनी उपज की भराई करने के लिए अनुमति दी जा चुकी है।

-एसएल वर्मा, सचिव, कृषि उपज मंडी, भाटापारा

ओला इलेक्ट्रिक ने अपने मास-मार्केट एस1 एक्स स्कूटर्स की डिलीवरी शुरू की

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

ओला इलेक्ट्रिक ने देश में विभिन्न शहरों में अपनी ऑल-न्यू एस1 एक्स रेंज की डिलीवरी शुरू की। एस1 एक्स स्कूटर ग्राहकों को भिन्न-भिन्न रेंज प्रदान करने के लिए तीन बैटरी कॉन्फिगुरेशन -2 किलोवॉटघंटा, 3 किलोवॉटघंटा और 4 किलोवॉटघंटा में लॉन्च किया गया था। 69,999 रुपये (एक्सशोरूम) के शुरुआती मूल्य में लॉन्च किए गए इस इलेक्ट्रिक स्कूटर के साथ ओला ने मास-मार्केट सेगमेंट में प्रवेश किया है। यह इलेक्ट्रिक स्कूटर किफायती मूल्य में और बिना किसी अतिरिक्त लागत के 8 साल/80,000 किलोमीटर की बैटरी वॉरंटी के साथ आता है, जिसके कारण एस1 एक्स स्कूटर वर्तमान में बाजार में उपलब्ध सबसे आकर्षक ईवी प्रस्तावों में से एक है। इस अवसर पर अंशुल खंडेलवाल, चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, ओला इलेक्ट्रिक टेक्नोलॉजीज़ ने कहा, इलेक्ट्रिक वाहन अपनाने के मार्ग में आने वाली मुख्य बाधाओं में से एक इसकी बहुत ऊँची अग्रिम लागत थी, जिसे एस1 एक्स के साथ हमने खत्म कर दिया है। मास-मार्केट पोर्टफोलियो में हमारे प्रवेश से हमें अपने ग्राहकों का विस्तार करने में मदद मिलेगी और हम भारत में टू-व्हीलर्स का उपयोग करने वाले मौजूदा व संभावी ग्राहकों को ज्यादा संख्या में इलेक्ट्रिक वाहन के तेजी से विकसित होते हुए परिवेश में शामिल कर पाएंगे। किफायती, आसानी से उपलब्ध होने और स्वामित्व पाने की विशेषताओं के कारण एस1 एक्स हर भारतीय के लिए एक आकर्षक प्रस्ताव है। ओला इलेक्ट्रिक ने हाल ही में एस1 एक्स पोर्टफोलियो के लिए नए मूल्यों की घोषणा की है।

दुनिया का हर कर्ज चुकाया जा सकता हैं, माँ का नहीं

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

माँ तो बस माँ होती है। माँ की ममता का कोई मोल नहीं होता ये तो अनमोल है। माँ एक छोटा सा शब्द है, जो अपने आप में दुनिया की गहराई और आसमान की ऊंचाई को समेटे हुए है। इस शब्द में मातृत्व का ऐसा भाव छिपा हैं, जो हर व्यक्ति की बुनियादी ताकत बनता है। जन्म देने के बाद ज़िंदगी के हर मोड़ पर माँ का स्नेह और उसकी दुआ हमारे बड़े से बड़े काम करती है कहते है कि दुनिया में हर कर्ज चुकाया जा सकता है, लेकिन अपनी माँ का कर्ज उतारना असंभव है। गोद में समेटे अपने बच्चे को लाड़-प्यार और दुलार के साथ माँ असे बड़ा करती है। हर इंसान का अस्तित्व उसकी माँ पर टिका हुआ होता है।

मदर्स डे पर जब हमने उच्च पदों पर हैं। भारत देश के माँ हर जगह पूज्यनीय है, जो पालन पोषण के साथ संस्कार देती है। मुझे अच्छी तरह याद है कि माँ कहती है कि पढ़ाई लिखाई करोगे, तभी आगे बढ़ोगे। हम जब भी पढ़ते, उस दौरान चाय से लेकर खाने-पीने की सभी सामग्री माँ लाकर हमारे सामने रख देती थी। सोते समय माँ से कहते थे कि माँ सुबह 5 बजे उठा देना तो समय पर उठा देती थी। आज मैं जो कुछ भी हूँ उसमें माँ का ही सबसे बढ़ा रोल है। जो संस्कार सीख माँ से मिली है वही मेरी पूजी हैं बिना माँ के जीव की कल्पना ही नहीं हैं।

विकास में अहम रोल :- डॉ. प्रोमद तिवारी सीएमओहर बच्चे को माँ अच्छा क्या है और बुरा क्या, इसकी सीख देती है। मेरी माँ ने जीवन में कोई निर्णय मुझ पर थोपा नहीं। हां कॅरियर को लेकर जरूर उनका मार्गदर्शन हमेशा मिलता रहा। माँ की भूमिका व्यक्ति विकास में अहम रोल अदा करती है। जीवन में माँ के योगदान को कभी नहीं भुलाया नहीं जा सकता।

माँ ही प्रथम गुरु :- शैलेश नितिन त्रिवेदी बचपन से लेकर बड़े होने तक माँ की सीख सदैव मिलती है। कोई भी माँ अपने बच्चों को गलत सीख नहीं देती। बच्चे यदि गलत राह पर चलते हैं, तो माँ तुरंत सीख देती है। कि सही मार्ग पर चलो। मैं तो यही कहूंगा कि प्रथम गुरु माँ ही होती है। और बिना गुरु के ज्ञान नहीं होता, जो माँ के कहना मानता है। उसे सही रह मिल जाती हैं माँ से मुझे बहुत सीख मिली है। उन्होंने बताया था की सफलता तब मिलती है। जब लगन से मेहनत की जाए। उन्हीं की प्रेरणा और आशीर्वाद से इस मुकाम तक पहुंचा हूँ।

तिल्दा में लगी मोबाइल टॉवर क्या एनओसी प्राप्त या सरकारी भूमि पर जांच सच की ओर

पायनियर संवाददाता ➤ लवन
www.dailypioneer.com

कसडोल विधानसभा के पुलिस थाना एवं तहसील लवन अंतर्गत ग्राम पंचायत तिल्दा में एक व्यक्ति ने निजी मोबाईल कम्पनी टॉवर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को गुमराह करते हुए स्वयं के भूमि बताकर सरकारी भूमि में टॉवर लगवाने का मामला विगत सप्ताह भर से सुर्खियों में छाया हुआ है, जिससे ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों के भी होश उड़ा दिया है। ग्राम जनप्रतिनिधियों ने तिल्दा के किसी व्यक्ति को एनओसी इस उद्देश्य से दिया गया है कि उन्होंने ग्राम पंचायत से मोबाईल टॉवर लगवाने के लिए 2 एकड़ पट्टे वाली जमीन को आधार बनाकर एनओसी की मांग किये थे जिस पर एनओसी ग्राम पंचायत से

सहज उस व्यक्ति को मिल गया, सबसे हैरान करने वाली रिपोर्ट का पता उस वक्त चला जब मीडिया में आना प्रारंभ हुआ कि एनओसी जगह के बदले सरकारी भूमि पर लगी टॉवर का मुआवजा किसी व्यक्ति द्वारा धोखाधड़ी कर डकारने की बात लगातार प्रकाश में आया तब ग्राम पंचायत जनप्रतिनिधियों की नींद खुली और ग्राम पंचायत जनप्रतिनिधियों ने तहसीलदार से शिकायत की बात कहा है।आपको बता दें कि गुमराह करने वाले व्यक्ति इतना शातिर और चालाक है कि शासन प्रशासन, ग्राम पंचायत सहित मोबाईल टॉवर कम्पनी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को धोखे में रखकर सरकारी भूमि को अपनी निजी भूमि बताकर गुपचुप तरीके से टॉवर लगवाकर हर महीने किराए एवं कम्पनी से मिलने वाली मुआवजा राशि नियत गड़ाए बैठा था यदि मीडिया ने मामले को प्रकाश में नहीं लाता तो निश्चित ही वह व्यक्ति अपनी मंसूबों पर शत प्रतिशत सफल हो जाता। मीडिया कर्मियों की सराहनीय एवं जनहितैषी पहल की भूरी भूरी प्रसंसा करते हुए ग्रामीणों ने निजी भूमि एनओसी पट्टे वाली भूमि के आड़ में सरकारी भूमि पर टॉवर लगवाकर सरकार एवं ग्राम पंचायत के विरुद्ध धोखाधड़ी करने वाले व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई सहित कानूनी शिकंजा कसने की मांग तहसीलदार एवं जिला प्रशासन से किये गए हैं। साथ ही साथ टॉवर का राजश्व एवं मुआवजा सरकार के खाते में हर महीने जाने चाहिए की मांग कर धोखधड़ी करने वाले व्यक्ति की गिरफ्तारी की मांग किये गए हैं। मोबाइल कम्पनी के टॉवर से खतरनाक तरंगों का प्रवाह होता है जिससे कई गंभीर रोगों का कारक भी सम्भव है जिसको देखते हुए गॉव वालो ने आबादी से दूर स्थापित करने की भी मांग किये गए हैं। इस मामले पर ग्राम पंचायत सचिव धनेश साहू ने कहा कि टॉवर के लिए एनओसी नारायण घृतलहरे को जारी हुआ है उनके द्वारा ग्राम पंचायत को गुमराह किया गया है तो पंचायत स्तर पर नारायण घृतलहरे के खिलाफ आवेदन पुलिस थाना लवन, तहसीलदार लवन एवं जिला कलेक्टर के नाम सौपकर कार्रवाई की मांग करेंगे। तहसीलदार निवेश कुरेटि लवन ने मीडिया कर्मियों के चर्चा पर कहा कि सोमवार को ग्राम पंचायत एवं मोबाईल टॉवर लगवाने वाले व्यक्ति से नोटिस जारी कर जवाब तलब करेंगे, जवाबी सन्तुष्टि नहीं होने पर कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया आगे बढ़ेगा।

पुलिस अधीक्षक दुर्ग द्वारा अच्छी आदतों को अपने जीवन में उतारने एवं यातायात नियमों का पालन करने की अपील

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक कार्यालय दुर्ग में जितेन्द्र शुक्ला, पुलिस अधीक्षक दुर्ग के द्वारा आम नागरियो को जागरूक करने हेतु यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा बनाये गये फॉलो गुड हेबिटस पोस्टर का विमोचन किया गया। जिसमें अभिषेक झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, सुखनंदन राठौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, देवव्रत सिमौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, सतीष ठाकुर, सदानंद विध्यराज, उप पुलिस अधीक्षक यातायात, चंद्रप्रकाश तिवारी, उप पुलिस अधीक्षक लाईन उपस्थित रहें। पुलिस अधीक्षक दुर्ग द्वारा आम नागरियों से अपील की गई की यदि कोई दो पहिया वाहन चालक हेलमेट एवं चार पहिया वाहन चालक सीट बेल्ट 21 दिन प्रयोग करते है तो उसके आदत में सुमार हो जाता है फिर वह वाहन चालक बिना हेलमेट एवं बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाता है तो उसे वाहन चलाने में असुविधानजक एवं अपने आप को असुरक्षित महसूस करता है तथा अच्छा आदतो 21 दिन अपने में सुमार करते है तो सड़क दुर्घटना से बचा जा सकता है ।

शपथ पत्र

मैं शेख वहीद मनिहार उम्र 59 वर्ष पिता स्व.श्री शेख शहजादा जाति मनिहार निवासी हा.नं. 91 एन्ड्रज वार्ड दाउपारा थाना मुंगेली तह. जिला मुंगेली छ.ग. का हूँ जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँ:-

01 यह कि मैं उपरोक्त पते का निवासी हूँ।

02 यह कि मेरे पुत्री शेख आसिफा मनिहार SHEIKH AASIFA MANIHAR का जन्म प्रमाण नगर पालिका मुंगेली से जारी हुआ है। जन्म दिनांक 11.06.2000 पंजीकरण नं. 2017-25-001674 जारी दिनांक 16.01.2018 है।

03 यह कि उक्त जन्म प्रमाण पत्र मेरी पुत्री का नाम शेख आसिफा SHEIKH AASIFA एवं माता के कालम जहाँआरा JAHANAARA एवं पिता के कालम मे शेख वहीद SHEIKH VAHID दर्ज है जो सही नही है। एव पता पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड मुंगेली अंकित है।

04 यह कि मेरी पत्नि का सही व पूरा नाम शेख जहाँआरा मनिहार SHEIKH JAHANARA MANIHAR है जो उसके समस्त दस्तावेजो में अंकित है। मेरा पूरा व सही नाम शेख वहीद मनिहार SHEIKH VAHID MANIHAR है जो मेरे समस्त दस्तावेजो में दर्ज। तथा मेरी पुत्री के शैक्षणिक रिकार्ड में भी दर्ज है।

05 यह कि मैं यह शपथ पत्र मेरे पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम शेख आसिफा SHEIKH AASIFA के स्थान पर शेख आसिफा मनिहार SHEIKH AASIFA MANIHAR एवं माता के कालम में JAHANAARA के स्थान पर SHEIKH JAHANARA MANIHAR एवं पिता के कालम में शेख वहीद के स्थान पर शेख वहीद मनिहार SHEIKH VAHID MANIHAR एवं पता पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड मुंगेली के स्थान पर हा. नं. 91 एन्ड्रज वार्ड दाउपारा मुंगेली सुधार कर दर्ज किये जाने के संबंध मे प्रस्तुत कर रहा हूं।

यह कि मैनें कोई भी बातें नहीं छिपाई हैं और ना ही गलत ढ़ंग से प्रस्तुत किया है।

शपथकर्ता

मैं शेख वहीद मनिहार सत्यापित करता हूं कि उपरोक्त कंडिका के 01 से 05 तक कि समस्त जानकारी मेरे द्वारा सत्य व सही है. जिस पर दिनांक 10/05/2024 को नोटरी के समक्ष अपना हस्ताक्षर किया।

मुहर

शपथकर्ता

पर्यावरण मित्र आदित्य राजे को बाल गौरव सम्मान

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर के पर्यावरण मित्र एवं लिटिल योग चैंपियन डॉ. आदित्य राजे सिंह को बाल गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हे छत्तीसगढ़ क्षत्रिय कल्याण संगठन के द्वारा दिया गया। पर्यावरण के क्षेत्र में सबसे कम उम्र के पीएचडी धारक 10 वर्षीय आदित्य राजे सिंह को यह सम्मान उनके द्वारा पर्यावरण एवं योगा के क्षेत्र में निरंतर कार्य करने हेतु एवं 10 वर्ष की आयु में पीएचडी प्राप्त करने पर दी गई। वह 5 वर्ष की आयु से ही योग एवं पर्यावरण के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहे हैं एवं लोगों के बीच जागरूकता अभियान चला रहे हैं। वह सिर्फ छत्तीसगढ़ में ही नहीं अपितु भारत के अन्य राज्यों में भी पर्यावरण के प्रति जागरूकता के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्हें विभिन्न राज्यों में सम्मानित किया गया है। क्षत्रिय कल्याण संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र गौतम एवं अन्य पदाधिकारी ने उन्हें बाल गौरव सम्मान से सम्मानित किया एवं कहा कि वह अन्य बच्चों के लिए तथा आने वाले पीढ़ी के लिए एक प्रेरणा स्रोत है और यह हम सभी एवं हमारे छत्तीसगढ़ प्रदेश के लिए बहुत ही गौरव की बात है। सभी लोगों ने उनके उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद एवं बधाइयां दी।

परशुराम जन्मोत्सव पर निकली विशाल सर्व ब्राह्मण शोभा यात्रा

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर भव्य सर्व ब्राह्मण शोभायात्रा निकली, जिसमें समस्त ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी व सदस्य सदल बल शामिल हुए। रथ पर भगवान परशुराम के भेष में विराजमान दिव्य छवि, भगवान जगन्नाथ का रथ, धुमाल तथा परशुराम की प्रतिमा से सुसज्जित झांकी, लोक नृत्य दल की प्रस्तुतियों के साथ विप्र जन ओज व तेज के साथ जय जय परशुराम के नारे लगाते हुए चल रहे थे। धरना स्थल बुढ़ापारा से प्रारंभ रैली में शामिल सभी समाज के प्रमुखो मे विधायक पुरंदर मिश्रा, ललित मिश्रा, अरुण शुक्ला, सुरेश शुक्ला, शशिकांत तिवारी, लेखमणि पांडे, दिनेश शुक्ला, विनय तिवारी, सुरेश मिश्रा, अरविंद ओझा, लक्ष्मण सतपथी, प्रहलाद मिश्रा, रत्ना शर्मा स्वप्निल तिवारी अशोक मिश्रा, राजेश मिश्रा, नीरज शर्मा, सुमित शर्मा, विक्रांत शर्मा धनंजय शर्मा, मनीष मिश्रा, पीयूष पांडे, उमाकांत मिश्रा, चंद्रप्रकाश व्यास, राघवेंद्र मिश्रा, आरपी दुबे, आशीष पंडित, नितिन शर्मा, प्रमोद गौतम, प्रमोद शुक्ला, अजीत शर्मा, विक्रांत शर्मा, पीयूष पांडे , निवेदिता मिश्रा, चंदन पांडे, आशीष पाठक, कपिल ओझा, मुकेश मिश्रा, कैलाश शुक्ला, नीतीश शुक्ला, वैजयंती चतुर्वेदी, प्रभुलाल तिवारी, रामकृष्ण बाजपेई सहित विप्रजन शामिल थे। शोभा यात्रा से पूर्व जेपी शर्मा ग्रुप का भजन व देशभक्ति गीत ने अच्छा खासा समां बांधा। यात्रा में धमतरी, दुर्ग, बेमेतरा, राजिम, महासमुंद, भिलाई, राजनांदगांव व अन्य जिलों से सदल बल समाज के लोग शामिल हुए। यात्रा धरना स्थल से प्रारंभ होकर कोतवाली, जय स्तंभ, तत्यापारा होते हुए वापस धरना स्थल में भगवान परशुराम की आरती व स्तुति के साथ समापन हुआ।

कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु) नियम 8(1)

जबकि अथोहस्ताक्षरी ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन एंव प्रतिभूति हित प्रवर्तन एक्ट 2002 के तहत आईआईएफएल होम फाइनेंस लि.) (जिसे पहले इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) (आईआईएफएल-एचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे उल्लिखित उधारकर्ता/सह-उधारकर्ताओं को राशि चुकाने के लिए एक मांग नोटिस जारी किया गया था, इसके द्वारा उधारकर्ता और सामान्य रूप से जनता को नोटिस दिया जाता है कि अथोहस्ताक्षरी उक्त नियमों की धारा 13(4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। विशेष रूप से उधारकर्ता और सामान्य रूप से जनता को एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि वे संपत्ति से सौदा न करें और संपत्ति के साथ कोई भी लेनदेन आईआईएफएल एचएफएल के प्रभार वास्ते और भविष्य के ब्याज के अधीन होगा, जैसा कि उल्लिखित है।

उधारकर्ताओं का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, यदि उधारकर्ता बिक्री या हस्तांतरण के लिए निर्धारित तारीख से पहले किसी भी समय सभी लागत प्रभारों और खर्चों के साथ "आईआईएफएल एचएफएल" की बकाया राशि को स्वीकार करता है, सुरक्षित परिसंपत्तियों को "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा बेचा या स्थानांतरित नहीं किया जाएगा और सुरक्षित परिसंपत्तियों के हस्तांतरण या बिक्री के लिए "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा कोई और कदम नहीं उठाया जाएगा।

कर्जदार(रों)/ का नाम रायपुर शाखा	सुरिक्षत आस्तियों का विवरण (अचल सम्पत्ति)	कुल बकाया राशि (रु.)	मांग सूचना की तिथि	कब्जा की तिथि
श्री मनीष शुक्ला श्रीमती उमा (प्रॉस्पेक्ट नं. 876334)	सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि फ्लैट नं. के-128, भूतल, खसरा नं. 111/1, 111/4, 111/8 और 111/9 का भाग, ग्राम बोरियाखुर्द, पी.एच.एन. 118, वार्ड नं. 12, आर.एन.एम. रायपुर 1, तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ़, भारत, 492015। क्षेत्रफल(वर्ग फीट में): संपत्ति का प्रकार: बिल्ट_अप_क्षेत्र संपत्ति क्षेत्र: 299.00	रु. 4,43,391.00 (रु. चार लाख तैंतालीस हजार तीन सौ इक्यान्वे मात्र)	09 फरवरी 2024	08-मई -24

अधिक जानकारी के लिए कृपया प्राधिकृत अधिकारी से शाखा कार्यालय : पहली मंजिल, लाल गंगा सिटी मार्ट, बंजारी चौक, होटल अमित रीजेंसी के सामने, रायपुर, सीजी 492001 या कॉर्पोरेट कार्यालय: प्लॉट नं. 98, पीएच-IV उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा में संपर्क करें।

स्थान : रायपुर, तिथि : 13.05.2024 हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड

डोंगरगांव शराब दुकान में कोचियों का राज, आम जनता को नहीं मिल रही शराब, गांव-गांव में खप रहा लाखों का अवैध शराब

आबकारी विभाग के संरक्षण में जमकर हो रहा खेल, पायनियर ने पहले भी उठाया था मुद्दा

पायनियर संवाददाता ➤ डोंगरगांव
www.dailypioneer.com

डोंगरगांव नगर सहित आसपास के डोंगरगांव शहर, खुज्जी, रतनभाट, महरूम, कुमर्दा, आसरा, सहित क्षेत्र से लगे गांव गांव में लोगों को आसानी शराब उपलब्ध हो रही है। बड़ी बात यह है कि जहाँ एक ओर आम जनता को आसानी से शराब उपलब्ध नहीं हो रही है वहीँ सुबह शाम कोचियों को प्रति पति रकम उगाही कर बड़ी मात्रा में शराब उपलब्ध कराया जा रहा है । सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कुछ भाजपा व्डों कांग्रेस के नेताओं का संरक्षण कोचियों को प्राप्त है जिसके चलते वो गाँव गाँव में जमकर शराब की अवैध बिक्री को अंजाम दे रहे हैं । डोंगरगांव के देशी शराब दुकान में आम लोगों के लिए तो गिनती के बोतल उपलब्ध होती है पर उसी जगह कोचियों के लिए शराब दुकान में कोई सीमा नहीं है वे जितने चाहे शराब लेकर अपना कारोबार चमका रहे है पुलिस और आबकारी विभाग कोचियों पर इस कदर मेहरबान है कि

डोंगरगांव से होते हुए शराब क्षेत्र के गांव गांव तक पहुंच रहा है। इससे लोगों को डोंगरगांव आने से पहले ही अपने ही गांव में शराब उपलब्ध हो जाती है। डोंगरगांव का देशी शराब दुकान अवैध कारोबारियों के लिए इन दिनों कमाई का जरिया बना हुआ है। सुबह से ही शराब दुकान में अवैध कारोबारियों का हुजूम लगा रहता है। जैसे ही शराब दुकान खुलता है वैसे ही शराब के अवैध कारोबारीयों का दुकान पहुंचना चालू हो जाता है। शराब के अवैध कारोबारियों का शराब दुकान पहुंचने का यह सिलसिला सुबह 9 बजे से रात्रि दुकान बंद होने तक चलता रहता है। इन अवैध शराब कारोबारियो का शराब दुकान के कर्मचारियों व सुपरवाइजर के साथ काफी मधुर संबंध हैं जिसके चलते कोचियों को आसानी से चेहरा देख कर सीमा से अधिक शराब उपलब्ध हो जाती है।

राजनांदगांव में तुलेश्वरी के संरक्षण में चल रहा कारोबार

पायनियर ने अपनी ख़बरों के माध्यम से पहले ही बताया है कि राजनांदगांव शहर में किसी देवांगन नाम की महिला अधिकारी ने शराब के अवैध कारोबार की कमान अपने हाथों में ले रखा है । सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कोचियों पर लगातार 200 रुपये प्रति पेटी दिए जाने का दबाव बनाया जा रहा है और ऐसा नहीं करने पर उन्हें शराब की सप्लाय नहीं दी जा रही है ।

आदर्श आचार संहिता में खुले आम बिक रही अवैध शराब, पायनियर ने पहले भी उठाया था मुद्दा

आबकारी अफसरों के संरक्षण में चल रहा अवैध कारोबार, अधिक दाम में बिक रही शराब, तुलेश्वरी का कोचियों पर दबाव, 200 रुपये प्रति पेटी चाहिए
आबकारी के कारनामे का आडियो वीडियो जारी

ज्ञात हो कि जिले सहित पूरे प्रदेश में आचार संहिता लागू होने के बावजूद पुलिस विभाग व आबकारी विभाग के नाक के नीचे से अवैध कारोबारियों द्वारा सैकड़ो पेटी अवैध शराब का परिवहन गांवों में किया जा रहा है एक ओर आबकारी और पुलिस विभाग छोटे-मोटे कार्यवाही कर अपने पीट थपथपाने में लगी हुई है वहीं दूसरी ओर शराब दुकानों से निकलने वाले अवैध शराब को संरक्षण दे रही है शराब दुकान से काफी ज्यादा मात्रा में शराब निकला जा रहा है जिसे आज तक आबकारी विभाग द्वारा पकड़ नहीं गया है। गौरतलब है कि अवैध शराब का मामला पहले भी पायनियर ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है । आबकारी विभाग के संरक्षण में लगातार अवैध शराब का कारोबार जारी है ।

हरे सोने के लिए वरदान साबित हुई गर्मी, संग्रहण शुरु

80 हजार मानक बोरे तेंदुपत्ता संग्रहण का टारगेट

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

बेमौसम बारिश से तेंदूपत्ता की गुणवत्ता पर भी असर होने की संभावना जताई जा रही थी लेकिन अब गर्मी से राहत मिली है। विभागीय अधिकारियों की माने तो इस वर्ष 80,800 मानक बोरा तेंदूपत्ता तोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। अब तक 10 हजार मानक बोरा तेंदूपत्ते की तुड़ाई पूरी हो चुकी है। वनांचल क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम चौकी, परेवाडीह, खुज्जी, आसरा, डोंगरगांव, मुड़पार, चिल्हाटी, भड़सेना, अरजकुंड, साल्हेटोला, छुरियाकला, चारभाठा, बेदांड़ी, पेंडरवानी, खोभा आदि में तेंदूपत्ता की तुड़ाई की जा रही है। तेंदूपत्ता तुड़ाई कार्य 50 समितियों के माध्यम से कराया जा रहा है तथा इसमें 50 हजार से अधिक संग्राहक लगे हुए हैं। जानकारी के मुताबिक 686 फड़ तैयार करने की व्यवस्था की गई है। तेंदूपत्ता प्रभारी योगेश साहू के अनुसार बड़े पैमाने पर तेंदूपत्ता तुड़ाई का कार्य जारी है। अभी तीन दिन से भीषण गर्मी पड़ रही है। गर्मी से तेंदूपत्ते की क्वालिटी बेहतर है जो ठेकेदारों के साथ ही संग्राहकों के लिए भी राहत की खबर है।

वन विभाग के दैनिक वेतन भोगी करेंगे वन परिक्षेत्र कार्यालय बागनदी का घेराव

पायनियर संवाददाता ➤ छुरिया
www.dailypioneer.com

वन परिक्षेत्र बागनदी अंतर्गत कार्यरत दैनिक वेतन भोगियों ने रविवार को बैठक आयोजित कर निर्णय लिया कि वन परिक्षेत्र बागनदी अंतर्गत गैदाटोला एवं सर्किल बागनदी में अवैध तरीके से मनमानी पूर्वक अपने परिचितों को वनकर्मियों द्वारा कार्य पर रखकर पूराने कर्मचारियों को कार्य से बेदखल कर दिया गया है। इस संबंध में दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ द्वारा वन परिक्षेत्र अधिकारी बागनदी को लिखित शिकायत करने के दो महीने बाद भी कोई पहल नहीं करने से नाराज़ दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ ने रविवार को

बैठक आयोजित कर वन परिक्षेत्र अधिकारी बागनदी के प्रति नाराजगी जताई है। एवं सोमवार को परिक्षेत्र कार्यालय बागनदी का घेराव करने का निर्णय सर्व सम्मति से लिया गया है। बैठक में हारुन मानिकपुरी संभाग उपाध्यक्ष दुर्ग, जनकलाल चौधरी जिला उपाध्यक्ष राजनांदगांव एवं पड़ोसी अध्यक्ष परिक्षेत्र बागनदी, विनोद कुमार साहू सचिव परिक्षेत्र बागनदी, धम्मन, जयहरी, भारत, बीरबल, उमन, परदेश, रमेश, डोमन, रवी कुमार, नकुल, प्यारेलाल, राजेश, पूरन सहित उपस्थित थे।

परीक्षा परिणाम ही सबकुछ नहीं : जाकेश

पायनियर संवाददाता ➤ छुरिया
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में दसवीं और बारहवीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम आने के बाद एक ओर जहां सफल विद्यार्थियों के परीक्षा परिणामों पर उनके शिक्षकों, शुभचिंतकों, रिश्तेदारों एवं परिचितों द्वारा बधाईयों का तांता लगा हुआ है। वही दूसरी ओर कम अंक लाने वाले अथवा असफल विद्यार्थियों की कोई पूछ परख नहीं हो रही है जिससे अपेक्षाकृत कम अंक लाने वाले विद्यार्थी निराश और हतास है। शिक्षक एवं कर्मचारी नेता जाकेश साहू ने प्रदेशभर के पालकों के नाम संबोधन पत्र लिखते हुए कहा है कि दसवीं और बारहवीं का परीक्षा परिणाम ही सब कुछ नहीं है। कभी

कभी ऐसा भी होता है कि अनेक बुद्धिमान बच्चों का परीक्षा परिणाम सही नहीं आ पाता। ऐन परीक्षा के वक्त कुछ बच्चो का स्वास्थ्य खराब हो जाता है।

ईश्वर ने सभी इंसानों की बुद्धिलब्धी को अलग अलग प्रकार से बनाया है। इसलिए सभी बच्चे एक ही बुद्धिलब्धि के हो जाए ऐसा कतई संभव नहीं है। अक्सर देखने में यह आता है कि पढ़ाई में कमजोर बच्चो में अन्य प्रकार की प्रतिभाएं विकसित होती रहती है। बच्चे अलग अलग बुद्धिलब्धी, हुनर, गुण, प्रतिभा आदि से संपन्न होते है। कुछ बच्चे खेलकूद में आगे होते है, कोई गीत संगीत में, कोई और कुछ। इस प्रकार बच्चो में अलग अलग रुचि और गुण होता है। यदि आपका बच्चा सामान्य बुद्धिलब्धी का है तो उनके रुचि और हुनर को पहचाने तथा उनके प्राकृतिक गुणों के आधार पर उनका भविष्य संवारे। जीवन में कभी भी अपने सामान्य बच्चो की तुलना उनसे ज्यादा बुद्धिमान बच्चों या परीक्षा में ज्यादा अंक लाने वाले बच्चो से करके उनका उपहास न उड़ाएं।

छिंदारी बांध से पानी छोड़ने विक्रांत ने अधिकारियों से की बात

पायनियर संवाददाता ➤ खैरागढ़
www.dailypioneer.com

भीषण गर्मी में जहां घरो से निकलना मुश्किल हो गया है वही शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के नदियों में पानी नही होने के चलते मवेशियों को पीने के लिए पानी भी नसीब नहीं हो रहा है इसी बीच

खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र के शैडो विधायक विक्रांत सिंह को लगातार शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों से जलस्तर नीचे चले जाने व पानी की समस्या की शिकायत सामने मिल रही थी जिस पर सिंह ने तत्काल केसीजी कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा एवं जलसंसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता से दूरभाष में सम्पर्क करके छिंदारी बांध से पानी छोड़ने की बात कही है। जिस पर अधिकारियों ने छिंदारी बांध से पानी छोड़ने हेतु तैयारी शुरू कर दी है। गौरतलब है कि शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के नदियों में पानी मिलना शुरू हो जाएगा। लेकिन अब छिंदारी बांध से पानी छोड़ने के बाद नदियों में पानी आ जाने से जलस्तर बढ़ने के कयास लगाए जा रहे हैं वही मवेशियों को भी पीने के लिए नदियों में पर्याप्त पानी मिल जाएगा।

प्रावीण्य सूची में आने से चूक गया बीपीएस का छात्र

■ बीपीएस इंग्लिश मीडियम के छात्र तनवीर का कमाल

पायनियर संवाददाता ➤ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

स्थानीय बीपीएस पैरेन्ट्स प्राइड इंग्लिश मीडियम स्कूल में दसवीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम शानदार रहा। स्कूल का होनहार छात्र तनवीर नायक मात्र कुछ अंकों से प्रदेश की प्रावीण्य सूची में अपना स्थान बनाने से चूक गया। हालांकि उसने एक दो प्रश्नपत्रों में कम अंक मिलने की शिकायत करते हुए पुर्नमूल्याकंन का आवेदन भी भरने की मंशा जताई है।

संस्था के प्रभारी प्राचार्य नीलेश श्रीवास्वत द्वारा जानकारी अनुसार दसवीं बोर्ड परीक्षा में संस्था से कुल 11 स्टूडेंट्स सम्मिलित हुए थे, जिनमें से सभी उत्तीर्ण रहे। इस प्रकार संस्था का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। संस्था के 8 स्टूडेंटस् प्रथम श्रेणी में तथा 3 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। तनवीर कुमार नायक ने 92.83 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम, प्रेमलता चंद्रवंशी 86.16 प्रतिशत द्वितीय, नवीन सोनकर 81.16 प्रतिशत तृतीय, अनीश साहू 73.16 प्रतिशत चतुर्थ तथा आलोक बोरकर 70.50 प्रतिशत पंचम स्थान पर रहे। इसके अलावा संस्था ज्योति साहू, माही चंद्राकर, प्रियंक मालेकर, साहिल खोब्रागढ़े, प्रियांशु रामटेके व कुणाल पटेल ने उत्कृट्ट प्रदर्शन किया। संस्था के सभी उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को संस्था की एचएम धन्नी साहू, नीतू रत्नाकर, कीर्ति सागर, हारिका पटेल, शिवराज शांडिल्य, सुमन साहू, प्रीति साहू, ऐश्वर्या ध्रुव, उषा साहू, पल्लवी यदु, लक्ष्मी शर्मा, पिंकी देवांगन, महिमा देवांगन, माधुरी साहू, नीरज साहू, दानबाई रावटे, परमेश्वरी कंवर, तेजबाई साहू, भूपेन्द्र साहू, भूमिका पटेल, तामेश्वर साहू, शिव यादव आदि ने बधाई दी है।

तहसील क्षेत्र में राजस्व विभाग द्वारा सर्किल में शिविर

पायनियर संवाददाता ➤ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

शासन के निदेर्शानुसार जनसामान्य की राजस्व सहित अन्य कार्यो के निवारण के लिए कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशन में एसडीएम मनोज मरकाम के मार्गदर्शन में सर्किल अनुसार राजस्व शिविर का आयोजन जारी है। गत दिनों तुमड़ीबोड़, अजूनी, आरी, आसरा, दीवानभेडी, खुज्जी एवं डोंगरगांव नगर में राजस्व अमले की मौजूदगी में शिविर आयोजित किया गया। एसडीएम श्री मरकाम ने बताया कि कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशन में राजस्व शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में

अविवादित नामांतरण, फौती, किसान किताब, खाता विभाजन तथा त्रुटि सुधार, नक्शा बटांकन, आय जाति निवास के प्रतिवेदन के आवेदन प्राप्त हुए। जिसमे सभी पटवारी मौके पर ही बीङ्कवन का वाचन कर किसानों की फौती नामांतरण के आवेदन ऑनलाइन एंट्री कर रहे हैं। जिनके पास मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध नही है, उनके संबंध में संबंधित ग्राम सचिव द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने की कार्रवाई की जाने की बात कही है। इसी कड़ी में आगामी राजस्व शिविर 11 मई को बोदेला, दिवानझिटिया ,तेंदुनाला, रुद्रगांव, खुसीपोर, सेवताटोला और रामपुर तथा 13 मई को हरदी, तिलईरवार, विचारपुर नवागांव, बरगांव, करियाटोला, किरगी और करमतरा तथा 15 मई को टप्पा, केसला, सांगिनकछार, कोकपुर, मटिया, सोनेसरार और कोटरासरार के ग्राम पंचायत भवन में आयोजित किया जायेगा।

चार घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस ने शव उठाया

पूर्व जिला पंचायत सदस्य के पुत्र की सड़क पर मिली लाश, हत्या की आशंका

पायनियर संवाददाता ➤ खैरागढ़
www.dailypioneer.com

डोगरगढ़ मार्ग स्थित कुम्ही में बीच सड़क पर सुबह युवक की लाश मिलने से सनसनी मच गई। कुम्ही से पिपलाकछार जाने वाले मार्ग स्थित पुलिया के पास आवाजाही करने वाले ग्रामीणों ने बीच सड़क युवक का शव पड़े देखा । घटना शनिवार सुबह की बताई गई है। ग्रामीणों ने शव देखने के बाद इसकी जानकारी गांव और पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा सहित घंटे भर की कार्यवाही कर शव को पीएम के लिए भेजा। युवक की प्रारंभिक पहचान छुईखदान ब्लाक के आमाघाट कादा निवासी उत्तम वर्मा के रूप में हुई है। मृतक आमाघाट कादा निवासी कांग्रेस नेता बल्ला वर्मा और पूर्व जिला पंचायत सदस्य रेखा जंघेल

का पुत्र है। मुख्य मार्ग में बीच सड़क पर मिली लाश के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल की बारीकी से जांच की। इस दौरान साइबर सेल और फोरेंसिक एक्सपर्ट टीम भी पहुंची थी। चार घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस ने शव उठाया। परिजनों से मिली जानकारी मुताबिक मृतक उत्तम वर्मा (24 वर्ष) पिछले कई दिनों से घर से बाहर था। दोस्तों के साथ बाहर रहने के चलते परिजन भी चिंता नहीं करते थे । सुबह शव मिलने की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और शव देख बिलख उठे।

गले घोंटने के निशान, हत्या की आशंका

पिपलाकछार मार्ग स्थित पुलिया के पास मिले मृतक के गले में फंदा कंसने के निशान हैं। पुलिया के आसपास बड़ी मात्रा में शराब पीने का सामान भी मिला है। प्रथम दृष्टया मामले में दोस्तों के साथ शराब पीने, इस दौरान कहासुनी होने पर मारपीट कर गला घोंटकर हत्या करने की आशंका है। पुलिस को मौके से कुछ सबूत भी मिले हैं। युवक की हत्या मौके पर ही की गई या कहीं से हत्या कर उसका शव लाकर यहा फेंका गया। इसको लेकर जांच जारी है। पुलिस ने घटना स्थल की जांच के बाद मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

आउटर में 'अमृत' की धार ही नहीं जलसंकट पर विवाद, निगम मौन

राजनांदगांव। शहर में करोड़ों रूपये खर्च कर अमृत मिशन योजना के तहत लोगों को पेयजल प्रदाय किया जा रहा है। शहर के बीच इस योजना के तहत मिलने वाले जल की स्थिति तो फिर भी ठीक है लेकिन आउटर के इलाकों में लोगों को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा है। इन इलाकों के रहवासियों की शिकायत है कि इस योजना के तहत नल कनेक्शन तो दिया गया है लेकिन उसमें पानी नहीं आ रहा है। स्थिति को देखते हुए पेयजल संकट वाले क्षेत्रों में निगम द्वारा टैंकर तो दिन में एक बार भेजा जाता है कि लेकिन लोगों का कहना है कि टैंकर के आते ही भारी भीड़ हो जाती है। लड़ाई झगड़े की स्थिति निर्मित होती है तथा पानी भी पर्याप्त नहीं मिल पाता है। शहर के आऊटर में स्थित नया ढाबा सहित कुछ अन्य वार्डों में अमृत मिशन योजना से कनेक्शन के बाद भी पेयजल का संकट गहराने लगा है। यहां के निवासियों ने पार्षद निगम प्रशासन एवं कलेक्टोरेट तक में गुहार लगाई है तथा अपनी समस्या से अवगत कराया है लेकिन अभी तक समस्या के स्थायी समाधान को लेकर कोई सार्थक पहल नहीं हो पाई है। टैंकर से दिन में एक बार पानी प्रदाय होता है जो जरूरत के हिसाब से पयाप्त नहीं है।

गर्मियों में गैस ने बिगाड़ दी हालत ? तुरंत राहत देंगे डॉक्टर के 6 नुस्खे

गर्मियों में गैस, एसिडिटी और पेट में तेजाब बनने की समस्या बढ़ जाती है, पेट को हल्का रखने और पाचन को बेहतर बनाने के लिए आपको डॉक्टर द्वारा बताई इन चीजों का सेवन करना चाहिए।

गर्मियों का मौसम जारी है और इस मौसम में बहुत से लोगों को कम भूख लगती है। इतना ही नहीं, इन दिनों बहुत से लोग गैस, एसिडिटी और ब्लोटिंग से परेशान रहते हैं। जाहिर है चिलचिलाती गर्मी, पसीना, तेज धूप पाचन सिस्टम को बिगाड़ कर रख देते हैं। अक्सर देखा गया है कि गर्मियों में खाना कम खाते हैं और पानी या तरल पदार्थों का अधिक सेवन करते हैं। अक्सर देखा गया है कि इस सीजन में सीने में भयंकर तेजाब बनता है, खाया-पिया जल्दी हजम नहीं होता है, खुलकर डकार नहीं आती है। क्या आपको भी इन दिनों पेट भरा-भरा होने की शिकायत होती है, क्या आप गैस या एसिडिटी की समस्या से परेशान रहते हैं? अगर हां, तो आप सही जगह आए हैं। डॉक्टर शुभी राज आपको ऐसे कई घरेलू उपचार बता रही हैं, जो एसिड रिफ्लक्स के लक्षणों को कम करने में मदद कर सकते हैं।

अदरक

अदरक में एंटी इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं जो एसिड रिफ्लक्स के लक्षणों को दूर करने में मदद कर सकते हैं। पेट और आंत की समस्याओं से राहत पाने के लिए अदरक का सेवन विभिन्न रूपों में कर सकते हैं जैसे अदरक की चाय या जिंजर कैंडी।

अनानास

अगर आपका खाना जल्दी नहीं पचता है, तो आपको अनानास का सेवन जरूर करना चाहिए। इस फल में ब्रोमेलैन नामक तत्व होता है, जो प्रोटीन को पचाने वाले एंजाइमों का एक संयोजन है। यह पेट को दुरुस्त रखता है।

एवाकाडो

इस फल में भरपूर मात्रा में फाइबर होता है और यही वजह है कि पेट और आंतों में जमा अपशिष्ट यानी गंदगी को खत्म करने और साफ करने का काम करता है।

सौंफ के बीज

सौंफ के बीज पाचक रस और एंजाइम के उत्पादन को बढ़ावा देकर पाचन को मस्त और दुरुस्त करते हैं। यह भोजन को तोड़ने और एसिड रिफ्लक्स को रोकने में भी सहायक हैं।

खीरा

गर्मियों के लिए सबसे बेस्ट ऑप्शन खीरा है। खीरे में पानी की मात्रा अधिक होती है और यह प्रकृति में क्षारीय होता है, जो पेट के एसिड को बेअसर करने और एसिडिटी को कम करने में मदद कर सकता है।

कैमोमाइल टी

कैमोमाइल टी में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं जो एसिड रिफ्लक्स के लक्षणों को कम करने में मदद कर सकते हैं। सोने से पहले एक कप कैमोमाइल चाय पिएं। इससे आपको पेट की दिक्कतों से आराम मिलेगा।

लीची कुछ लोगों के लिए क्यों बन जाती है जानलेवा?

लीची हेल्थ के लिए काफी अच्छी होती है लेकिन खरीदने में सावधानी न बरती तो टॉक्सिक भी हो सकती है। लीची खरीदने और खाने से पहले कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है, यहां जानें...

बाजार में सजी खूबसूरत लीची हर किसी को आकर्षित करती हैं। लीची खाने में टेस्टी होती है और हेल्थ के लिए भी बहुत अच्छी होती है। हालांकि लीची खरीदने और इन्हें स्टोर करने में थोड़ी सावधानी रखनी चाहिए। कुछ साल पहले बिहार में कई बच्चों की मौत की खबर आई थी। लोकल एरिया में इसकी वजह चमकी नाम के एक बुखार को बताया जा रहा था। बाद में एक्सपर्ट्स ने बताया था कि लीची के टॉक्सिन्स की वजह से बच्चों को अक्यूट इनसेफेलाइटिस सिंड्रोम हो गया था।

कम से कम 1 इंच हो डायमीटर

लीची देखने में प्यारा और खूबसूरत फल है जो कि नॉर्थ इंडिया में काफी कम समय के लिए आता है। गर्मी से बरसात के बीच आपको मार्केट में ढेर सारी लीचियां दिख जाएंगी। इन्हें खरीदने से पहले कुछ बातों का ध्यान रखें जैसे हमेशा पकी लीची लें। कच्ची लीची हरी सी दिखती है। इनमें टॉक्सिन्स होते हैं। लीची रेड, पिंक या ऑरेंज कलर की ही लें। साथ ही ऐसी लीची खरीदें जो कि साइज में छोटी न हों। पकी लीची में आपको अच्छी खुशबू आएगी और दबाने पर सॉफ्ट लगेंगी।

न लें पकी लीची

अगल लीची चटकी है या इससे रस निकल रहा है या धब्बे हैं तो न लें। यह ज्यादा पकी होगी और सड़ने या अंदर कीड़े निकलने के चांस भी हो सकते हैं। डार्क ब्राउन कलर की लीची भी न लें ये ज्यादा पकी हो सकती हैं। लीची टिप पर हमेशा चेक करके खाएं इसमें गूदे के कलर के कीड़े भी होते हैं। टॉक्सिन्स से जा सकती है जान एक्सपर्ट्स का मानना है कि लीची की टॉक्सिन्स खाली पेट ज्यादा नुकसान करते हैं। अगर पोषक तत्वों की कमी से बॉडी शुगर लो है तो इसमें पाया जाने वाला मेथाइलीन साक्लोप्रोपिल ग्लाइसीन केमिकल दिमाग को प्रभावित करता है।

व्हाइट टी क्या है और क्यों होती है यह चाय इतनी महंगी?

चाय लवर्स को मसाला चाय बेहद पसंद होती है। क्या आपने व्हाइट टी के बारे में सुना है? इस चाय की पत्तियों को किसी हीट ड्रायर से नहीं सुखाया जाता, बल्कि प्राकृतिक रूप से सुखाया जाता है।

चाय लवर्स को मसाला चाय बेहद पसंद होती है। आपने कई तरह की चाय ट्राई की होंगी लेकिन क्या आपने व्हाइट टी पी है? आपने इसके बारे में सुना तो जरूर होगा कि व्हाइट टी बहुत ही महंगी होती है। आइए, जानते हैं कि व्हाइट टी क्या है और क्यों होती है यह इतनी महंगी?

व्हाइट टी क्या है?

चाय के पौधे, कैमेलिया सिनेंसिस की नई पत्तियों और कलियों को सही सफेद चाय बनाने के लिए सुखाया जाता है। यह चाय चीन से निकलती है और अब भारत में भी काफी पॉप्युलर हो रही है। इस पौधे की कलियों को शुरुआत में ही तोड़ा जाता है, जहां वे अभी भी बालों की तरह सफेद पंख से ढके रहते हैं और इस कारण इसका नाम व्हाइट टी है। जल्दी तोड़े जाने की वजह से पत्तियों और कलियों को ऑक्सीकृत होने का मौका नहीं मिलता है क्योंकि जब वे तोड़ते हैं तो वे हवा में सूख जाते हैं, जिससे सफेद चाय कैमेलिया सिनेंसिस पौधे से बनी दूसरी सभी चायों में सबसे ताज़ी किस्म की चाय मानी जाती है। पत्तियों को किसी हीट ड्रायर से नहीं सुखाया जाता बल्कि इन्हें सूखने के लिए प्राकृतिक रूप से छोड़ दिया जाता है। जीरो आक्सीडाइस होनी की वजह से यह बहुत हेल्दी होती है।

सिल्वर व्हाइट टी और बाकी किस्में

सिल्वर नीडल चाय चीन में उगाई जाने वाली सफेद चाय की सबसे प्रीमियम किस्म में से एक है। यह सफेद बालों से ढकी बड़ी कलियों से बनाई जाती है और इसलिए इसे सिल्वर व्हाइट टी कहा जाता है। चांदी की सुई वाली चाय डाइजेशन सिस्टम के लिए बहुत अच्छी होती है। हार्ट बर्न, एसिडिटी और ऐंठन में यह चाय बहुत फायदेमंद है। इसी तह व्हाइट चाय में ही चाय की कई किस्में हैं, जिनमें दार्जिलिंग व्हाइट टी, ट्रिब्यूट आईब्रो व्हाइट टी, मंकी पिक्ड टी जैसी कई महंगी किस्में हैं।

इतनी महंगी होने की वजह

वे जिस तरह से इस चाय की कटाई करते हैं, वह बाजार में उपलब्ध चाय की अन्य किस्मों की तुलना में इसे इतनी महंगी बनाती है। हालांकि सफेद चाय उसी पौधे से आती है, जहां से काली और हरी चाय निकलती है, लेकिन यह सफेद चाय की खेती की प्रक्रिया है, जो इसे बाकी हिस्सों से अलग बनाती है। इसकी फसल को उगाने और देखभाल की पूरी प्रक्रिया बहुत ज्यादा समय लेने वाली होती है क्योंकि इस चाय के उत्पादन में केवल छोटी कलियां और पत्तियां इस्तेमाल में लाई जाती है। सफेद चाय की खेती करना काफी मुश्किल है, जिससे यह थोड़ी महंगी हो जाती है।

आयरन की कमी पैदा कर सकता है हल्दी का अधिक सेवन

चेहरे की खूबसूरती बढ़ानी हो या फिर स्वाद और सेहत की हो बात, भारतीय परिवारों में हल्दी का इस्तेमाल जरूर किया जाता है। इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए भी कई लोग रोजाना रात को हल्दी वाला दूध पीकर सोते हैं। पर हल्दी का अधिक सेवन शरीर में आयरन की कमी पैदा कर सकता है , ये हैं साइड इफेक्ट्स

चेहरे की खूबसूरती बढ़ानी हो या फिर स्वाद और सेहत की हो बात, भारतीय परिवारों में हल्दी का इस्तेमाल जरूर किया जाता है। इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए भी कई लोग रोजाना रात को हल्दी वाला दूध पीकर सोते हैं। पर क्या आप जानते हैं, अपने औषधीय और हीलिंग गुणों के लिए पहचाने जाने वाली हल्दी का सेवन अगर जरूरत से ज्यादा किया जाए तो ये पायदे की जगह नुकसान तक पहुंचा सकती है।

पेट से जुड़ी समस्याएं

हल्दी की तासीर गर्म होने की वजह से इसका अधिक सेवन करने से व्यक्ति के पेट में जलन पैदा हो सकती है। इतना ही नहीं व्यक्ति को सूजन और पेट में ऐंठन की समस्या भी परेशान कर सकती है।

पथरी

हल्दी का अधिक सेवन करने से व्यक्ति को किडनी में पथरी की समस्या हो सकती है। हल्दी में ऑक्सालेट की प्रचूर मात्रा होती है। अधिक मात्रा में हल्दी का सेवन करने से पित्त पथरी के विकास का जोखिम बढ़ सकता है।

उल्टी और दस्त

हल्दी के अधिक सेवन करने से पाचन संबंधित समस्याएं भी पैदा हो सकती हैं। जिसकी वजह से कई बार व्यक्ति को दस्त या उल्टी की समस्या भी होने लगती है। दरअसल, हल्दी में पाया जाने वाला सक्रिय यौगिक करक्यूमिन में गैस्ट्रोइन्टेस्टनल ट्रैक्ट को परेशान करने की प्रवृत्ति होती है, जिसकी अधिक मात्रा में सेवन से दस्त और उल्टी का कारण बनता है।

आयरन की कमी

हल्दी का अधिक सेवन आयरन के अवशोषण को बाधित कर सकता है. इसलिए, आयरन की कमी वाले लोगों को सावधान रहना चाहिए कि वे अपने दैनिक भोजन में बहुत अधिक हल्दी न डालें। अगर आपके शरीर में आयरन की कमी है तो आप हल्दी का सेवन कम मात्रा में ही करें।

रोजाना कितना करें हल्दी का सेवन

एक्सपर्ट बताते हैं कि रोजाना एक टी स्पून हल्दी का सेवन इसके लाभ उठाने के लिए काफी है। वहीं अगर आप इसका अधिक सेवन करते हैं तो इससे आपको पेट से संबंधित समस्याएं हो सकती हैं। साथ ही इसके कारण आपको चक्कर भी आ सकते हैं।



एस्ट्रोजेन असंतुलन को नियंत्रित करते है सूरजमुखी के बीज

इन बीजों को सुपरफूड भी कहा जाता है। इनका नियमित सेवन करने से न सिर्फ आपको कई पोषक तत्व मिलते हैं बल्कि आप कई तरह की बीमारियों से भी दूर रहते हैं।

आज ज्यादातर लोग मोटापे और हार्मोनल इम्बैलेंस जैसी समस्याओं से परेशान हैं। जिसकी मुख्य वजह वर्कआउट की कमी और खराब जीवनशैली है। अगर आप भी इस तरह की किसी समस्या से परेशान हैं तो सूरजमुखी के बीज आपकी मदद कर सकते हैं। सूरजमुखी के बीज में आवश्यक फैटी एसिड, विटामिन और मिनरल्स के गुण पाए जाते हैं। जो शरीर के लिए बहुत ही फायदेमंद माने जाते हैं। इसी वजह से इन बीजों को सुपरफूड भी कहा जाता है। इनका नियमित सेवन करने से न सिर्फ आपको कई पोषक तत्व मिलते हैं बल्कि आप कई तरह की बीमारियों से भी दूर रहते हैं। आइए जानते हैं सूरजमुखी के बीजों का सेवन करने से शरीर को मिलते हैं कौन से फायदे।

हड्डियों को बनाएं मजबूत

सूरजमुखी के बीज हड्डियों को मजबूत बनाए रखने में भी मदद करते हैं। सूरजमुखी में मैग्नीशियम अच्छी मात्रा में पाया जाता है जो हड्डियों को लिए लाभदायक होता है।

कब्ज से छुटकारा

सूरजमुखी के बीज में फाइबर की अधिकता होने की वजह से कब्ज की समस्या में राहत मिल सकती है।

ब्लड शुगर कंट्रोल करे

अध्ययनों में पाया गया है कि सूरजमुखी के बीजों में ब्लड शुगर को कम करने वाला क्लोरोजेनिक एसिड होता है। रिसर्च की मानें तो रोज लगभग 30 ग्राम सूरजमुखी के बीज खाने से 6 हफ्तों के अंदर 10 फीसदी तक ब्लड शुगर लेवल कम हो सकता है।

त्वचा में लाता है चमक

सूरजमुखी के बीजों में विटामिन ई पाया जाता है जो त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट सिलेनियम स्किन को ठीक करने में विटामिन ई की मदद करता है। इसके तेल में बैक्टीरिया के खिलाफ लड़ने की क्षमता होती है। जो त्वचा को हेल्दी रखने में मदद कर सकता है। एस्ट्रोजेन एक प्रकार का हॉर्मोन होता है, जिसके असंतुलन से शरीर में कई तरह की समस्याएं जैसे थायराइड, डायबिटीज व ब्रेस्ट कैंसर हो सकता है। लेकिन सूरजमुखी में मौजूद फाइटोएस्ट्रोजेन एस्ट्रोजन को संतुलित करने का काम कर सकते हैं। एक वैज्ञानिक शोध के अनुसार, फायटोएस्ट्रोजन ब्रेस्ट कैंसर और मेनोपॉज के बाद होने वाले कैंसर के खतरे को भी कम करने का कम करता है।

शरीर खोखला कर देंगी ये आदतें, तुरंत छोड़ें

हमारा शरीर हमारी ही आदतों का आईना है। इसलिए अस्वस्थ आदतों से बीमारियां और स्वस्थ आदतों से सेहत बढ़ती है। हम जाने-अनजाने में धीरे-धीरे ऐसी आदतों को गले लगा लेते हैं, जो दिमाग से लेकर शरीर को कमजोर बनाने लगती हैं। ऐसी ही कुछ गलत आदतें जो धीरे-धीरे शरीर और मस्तिष्क को खा जाती हैं और आपको एक बीमार इंसान बना देती हैं। इनके साथ स्वस्थ आदतों के बारे में भी बताया गया है, जो आपको पूरी तरह बदलकर हेल्दी और फिट बना देंगी।

ओटीटी पर फिल्में देखने की जगह नींद लेना

ओटीटी की वजह से देश-विदेश का सिनेमा देखना काफी आसान हो गया है। कई लोगों को हर रात कोई ना कोई सीरीज या फिल्म देखकर सोना पसंद है। लेकिन इससे आपकी लाइफस्टाइल खराब हो सकती है और नींद की कमी हो सकती है। आप सोने के दौरान मोबाइल, गैजेट को बिस्तर से दूर ही रखें।

फास्ट फूड की जगह घर का खाना

आजकल कहीं भी बैठे बाहर का खाना या जंक फूड आप तक डिलीवर हो जाता है। लेकिन इसकी आदत लगाने पर आप मोटापा, कोलेस्ट्रॉल, डायबिटीज, हार्ट डिजीज के शिकार हो सकते हैं। अपनी इस आदत को घर के हेल्दी खाने से बदल डालें।

फिजिकल एक्टिविटी

अगर आप भी टीवी के शौकीन है तो ये आदत अभी बदल डालें। क्योंकि, सोफे या बेड पर पड़े रहने से शरीर की मसल्स भी आलसी हो जाती हैं। इसकी जगह आप थोड़ा टहलना, आसपास पैदल जाना जैसी एक्सरसाइज करें। इससे आपका मन भी बहल जाएगा और आप तंदरुस्त भी हो जाएंगे।

ज्यादा सोचने की जगह एक्शन लेना

अक्सर हमारी असफलता ही उदासी का कारण बनती है। जिसके लिए हम सिर्फ सोचते रहते हैं। मगर कोई मंजिल तबतक नहीं मिलती, जबतक आप उसके लिए मेहनत ना करें। इसलिए ज्यादा सोचना छोड़कर उठें और एक्शन लें।

शिकायत की जगह आभार

इंसानी फितरत हमेशा शिकायत करने की होती है, जिससे सिर्फ नकारात्मकता बढ़ती है। बल्कि अच्छी मेंटल हेल्थ के लिए इसकी जगह आपको आभारी होना चाहिए। जो कुछ आपके पास है, बहुत लोगों के पास वो भी नहीं है। इसलिए अपने पास मौजूद रिश्ते और चीजों के लिए आभारी रहें।

नरेगा नियमों की उड़ाई जा रही धज्जियां, जिम्मेदार मौन

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कबीरधाम जिला में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना नियमो की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत को बनाया जाता है लेकिन सरपंच से रूदबेदार लोग ठेका लेकर मनमानी करते दिखाई देते हैं। नागरिक सूचना पटल भी नहीं बनाया जाता। जिससे पारदर्शिता की कमी दिखाई देता है, नाली की खुदाई मजदूरों के बजाए मशीन से कार्य कराया जाता है। जो साफ साफ दिखाई देता है। बावजूद सक्षम अधिकारी अनजान बने हुए दिखाई देते है। कवर्धा जिला मुख्यालय के आसपास के गावों की ये स्थिति है तो दुरस्त इलाको का भगवान ही मालिक होगा।

नागरिक सूचना पटल नहीं : महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत कोई भी निर्माण कार्य प्रारंभ करने से पहले नागरिक सूचना पटल बनाए जाने का प्रावधान है जो स्वीकृति आदेश पर साफ साफ लिखा होता है। जिसमें कार्य का नाम, कार्य का तकनीकि स्वीकृति, कार्य का प्रारंभ तिथि, कार्य पूर्णता दिनांक, अनुमानित लागत, कार्य एजेंसी का नाम, तकनीकि सहायक, कार्यक्रम अधिकारी, लोकपाल का नाम, शिकायत का जिला एवं राज्य का स्तर पर शिकायत करने के लिए टोल फ्री नंबर सहित समस्त जानकारी प्रदर्शित किए जाते है, लेकिन निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत छाटा झा में ऐसा नही किया गया है और नाली निर्माण कार्य में मनमानी किया जा रहा है।

नाली निर्माण कार्य में मनमानी : जनपद पंचायत कवर्धा के अधीनस्थ ग्राम पंचायत छाटा झा के डीलवा पारा में अमृत बाई घर से नाला की ओर नाली निर्माण कार्य किया जा रहा है। नाली निर्माण कार्य के लिए गड्ढा की खुदाई मजदूरों के बजाए जे सी बी से किया गया है और निर्माण के समय मजदूरों से सफाई कराते हुए किया जा रहा है जबकि निर्माणाधीन स्थान पर कोई पत्थर या कड़ा मिट्टी नही है। मजदूर आसानी से खुदाई कर सकते थे।

निर्माण कार्य प्राकलन के अनुरूप नहीं

ग्राम पंचायत छाटा में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत निर्माणाधीन नाली में प्रकलान के अनुसार निर्माण नहीं किया जा रहा है। नाली निर्माण के लिए बेस में 40 एम एम की गिट्टी का उपयोग किया जाना चाहिए लेकिन निर्माण एजेंसी ने मनमानी करते हुए 20 एम एम की गिट्टी से बेस और ढलाई का कार्य किया जा रहा हैं जो गलत है साथ ही निर्माणाधीन स्थल पर पर्याप्त जगह होने के बावजूद टेढ़ा तरीके से बनाया जा रहा है।

नियमित निरीक्षण का आभाव

ग्राम पंचायत छाटा में निर्माणाधीन नाली निर्माण में ज़िम्मेदार अधिकारी नियमित रूप से निरीक्षण नही करते ऐसा कार्य स्थल को देखने से दिखाई देता है। छोटे से नाली के निर्माण भी सीधा होने के बजाए टेढ़ा है। निर्माण कार्य शुरू होने से पहले तकनीकि सहायक के द्वारा कार्य स्थल पर पहुंचकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया जाता है लेकिन ऐसा नहीं हुआ है लगता है।

पुलिस ने आटो चालकों के साथ चलाया पोस्टर अभियान

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर पुलिस नशे के खिलाफ पिछले कुछ महीनों से निजात अभियान चला रही है। इस दौरान न केवल नशीले टेबलेट, शराब, गांजा जब्त कर रही है बल्कि इस अभियान के तहत लोगों को जागरुक भी कर रहा है। इसी सिलसिले में आजाद चौक पुलिस ने रविवार को आटो चालकों के साथ पोस्टर अभियान चलाया, इस दौरान मौजूद ऑटो चालकों ने कभी नशा न करने की कसम भी खाई और दूसरे ऑटो चालकों को भी इसके दुष्परिणाम के बारे में जानकारी देने की बात कही।

राजधानी के गंजपारा का अहाता ठेका 31 लाख का, बिका 94 लाख में

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

राजधानी के गंजपारा का अहाता इतना महंगा बिका कि इसे लेकर अधिकारी भी हैरान हैं। यह अहाता 94 लाख 47 हजार रुपये में बिका है, जबकि विभाग ने इसकी कीमत सिर्फ31 लाख 15 हजार रुपये आरक्षित रखी थी। इस तरह यह अहाता तीन गुना अधिक कीमत पर ठेके पर गया है। हालांकि इधर जिसे ठेका मिला है, उन्होंने इस कीमत पर अहाता मिलने पर भी खुशी जताई है। उनका कहना है कि अहाता मिलने के बाद उसे बड़ा ऑफर भी आ चुका है, जिसे उसने ठुकरा दिया।

अहाता को 94 लाख 47 हजार रुपये में लिया गया है। इस राशि को 11 महीने में बांटें, तो एक माह का 8 लाख 58 हजार से अधिक रुपये होता है। इस तरह इस ठेके में मासिक कम से कम 9 से 10 लाख रुपए आय होगी, तब जाकर इससे अहाता ठेकेदार की कमाई होगी। इस तरह प्रतिदिन कम से कम 30 से 40 हजार रुपए की कमाई ठेकेदार को अहाता से करनी होगी। आबकारी विभाग ने अहाता का टेंडर 1 मई 2024 से 31 मार्च 2025 तक के लिए निकाला है। इस तरह अहाता 11 महीने के लिए दिया गया है। इस तरह अहाता लेने वाले को एक माह का समय पहले ही कम मिला है, वहीं अहाता खुलने में अभी कुछ दिन का समय और लग सकता है। इस तरह चालू माह का एक पखवाड़ा भी गुजर जाएगा, जिसके बाद अहाता चलाने के लिए 10 माह 15 दिन का समय ही रहेगा। गंजपारा अहाता के ठेकेदार अमित एक्का ने बताया कि, इस लाइन का मैं नहीं हूं। पहली बार शराब से संबंधित बिजनेस में अपने पैसे लगाए है। विश्वास है, अहाता से अच्छी कमाई होगी, क्योंकि ठेका को लेकर मुझे ऑफर भी आ चुका है, जिसे ठुकरा दिया हूं। उपायुक्त आबकारी रायपुर विकास गोस्वामी ने बताया कि, गंजपारा अहाता इतना महंगे ठेके पर जाएगा, इसकी उम्मीद नहीं थी। ठेका जिसने लिया है, उसने सोच-समझकर ही लिया होगा।

पीएससी घोटाले में किसी भी दोषी को नहीं छोड़ जाएगा : ओपी चौधरी

रायपुर। राज्य के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने पीएससी घोटाले पर बड़ा बयान दिया है। घोटाले के कई आरोपी गायब हो चुके हैं, यहां तक कि कुछ के तो देश छोडने की खबर आ रही है। सीबीआई ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। किसी भी दोषी को नहीं छोडा जायेगा। टामन सिंह सोनवानी व जीवन ध्रुव पर शिकंजा कसा जायेगा। पीएससी घोटाले के पीड़ितों को पूरा न्याय मिलेगा। फिलहाल चौधरी संगठन के निर्देश पर दूसरे राज्यों में प्रचार के लिए जा रहे हैं।

फिर बदला मौसम का मिजाज : तेज आंधी-तूफान से पेड़ टूटकर सड़क पर गिरे, अलर्ट जारी

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

पिछले कई दिनों से प्रदेश के कई जिले में लगातार तेज आंधी-तूफान और बारिश का सिलसिला जारी है। रविवार को प्रदेश के कई इलाकों में बादल छाए रहे। रायपुर-जगदलपुर मार्ग पर कई जगह पेड़ टूटकर सड़क पर गिर गए है। कई जगहों पर बिजली के तार टूटने से गांवों में बिजली गुल हो गई है। वहीं किसानों की फसलों को भी नुकसान हुआ है। राजधानी रायपुर और आसपास के जिलों में भी आसमान पर काले बादल छाए रहे। जानकारी अनुसार उत्तर-पश्चिम राजस्थान से मध्यप्रदेश, झारखंड, पश्चिम बंगाल होते हुए दक्षिण असम तक एक द्रोणिका बनी है। मध्यप्रदेश और आसपास 1.5 किमी की ऊंचाई पर एक चक्रवात है। इस सिस्टम की वजह से समुद्र से नमी आ रही है। राजस्थान और मध्यप्रदेश में इस वजह से बारिश हो रही है। जिसका असर छत्तीसगढ़ में भी दिख रहा है। मौसम विभाग ने सरगुजा, जशपुर, बलरामपुर, बिलासपुर, पेंड्रा, रायगढ़, मुंगेली, कोरबा, जांजगीर, रायपुर, बलौदा बाजार, गरियाबंद, धमतरी, महासमुंद, दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, कबीरधाम, राजनांदगांव में हल्की बारिश की संभावना जताई हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 5 दिनों तक छत्तीसगढ़ के कई इलाकों में गरज-चमक के साथ कई इलाकों में बारिश की संभावना हैं. मौसम विज्ञानियों का कहना है कि 13 मई से बारिश, अंधड़ और गरज-चमक पड़ने की गतिविधियां बढ़ेंगी, इसका असर राज्य के सभी संभागों में नजर आएगा। 15 मई तक प्रदेश में यही हालात रहेंगे।

प्रशासनिक सेवा के प्रतिभागियों के लिए रायपुर जिला प्रशासन की अभिनव पहल

आयाम ऊंची उड़ान का आयोजन 18 मई को पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में

■ 10-12वीं के मेरिट स्टूडेंट्स 'मेधा सम्मान' से होंगे सम्मानित

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा अखिल भारतीय व राज्य प्रशासनिक परीक्षाओं की तैयारियों में जुटे स्थानीय युवाओं के लिए आयाम ऊंची उड़ान का कार्यक्रम का आयोजन शनिवार 18 मई को शाम 4 बजे से होगा। इसमें अखिल भारतीय सेवा के प्रशासनिक, पुलिस, वन व अन्य संवर्गों के अधिकारियों से सीधे संवाद कर प्रतिभागी अपनी तैयारियों के संबंध में मार्गदर्शन प्राप्त कर सकेंगे। गत यूपीएससी में चयनित युवा भी इस अवसर पर अपने अनुभव साझा करेंगे। हाईस्कूल व हायर सेकेंडरी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले जिले के प्रतिभावान विद्यार्थियों को इस कार्यक्रम में मेधा सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। यह आयोजन पूरी तरह से निःशुल्क है एवं अभिभावक भी इसमें शामिल होकर अपनी जिज्ञासाएं साझा कर सकेंगे। कार्यक्रम में शामिल होने के इच्छुक सभी प्रतिभागियों को http://surl.li/toqke लिंक पर अपना पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। रायपुर जिला

प्रशासन द्वारा अखिल भारतीय व राज्य प्रशासनिक सेवा से संबंधित प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े स्थानीय युवाओं को विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान करने आयाम ऊंची उड़ान का कार्यक्रम का आयोजन 18मई को शाम 4 बजे से किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में वर्ष 2011 से 2024 तक चयनित आई.ए.एस., आई.पी.एस., आई.एफ.एस. व अन्य संवर्गों के अफसरों को जिला प्रशासन द्वारा विशेष तौर पर मार्गदर्शन हेतु आमंत्रित किया जा रहा है। ये अधिकारी स्थानीय युवाओं को बदलते ट्रेंड, अध्ययन सामग्रियों की उपलब्धता, विषय चयन, प्रारंभिक, मेन्स व साक्षात्कार, भाषागत चुनौतियों के साथ ही तैयारियों की व्यवस्थित शुरूआत के संबंध में सभी जरूरी टिप्स देंगे। इस आयोजन के अंतर्गत मेधा सम्मान समारोह का भी आयोजन होगा, जिसमें अखिल भारतीय सेवा की परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों के साथ ही 10-12वीं की परीक्षा में प्रावीण्यता प्राप्त करने वाले स्थानीय विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में नालंदा परिसर, तक्षशिला, सेंट्रल लाइब्रेरी, स्थानीय संस्थानों आदि में अध्ययनरत युवा प्रतिभागियों के साथ ही इस बार उनके अभिभावक भी शामिल हो सकेंगे और प्रशासनिक परीक्षाओं की तैयारियों से जुड़े अपने प्रश्नों के समाधान प्राप्त कर सकेंगे। कार्यक्रम में सम्मिलित होने http://surl.li/toqke लिंक पर जाकर अपना पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। इस लिंक से संबंधित क्यू-आर कोड भी जारी किया गया है, जो जिला प्रशासन रायपुर, नगर निगम रायपुर व रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल्स जैसे- फेसबुक, ट्विटर-एक्स, इंस्टाग्राम आदि में उपलब्ध है। इस कार्यक्रम में शामिल होने वाले सभी प्रतिभागियों को शनिवार, 18 मई को दोपहर 3.30 बजे तक पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आकर अपना स्थान सुनिश्चित करना होगा।

13 May 2024 Pride Of Raipur





विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403